## दिनांक 17.02.2022 को प्रधान कार्यालय, जयपुर में सम्पन्न हुई 19 वीं क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक (Webex के माध्यम से) का कार्यवृत

क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 19 वीं बैठक दिनांक 17.02.2022 को उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय में कोरोना के परिपेक्ष्य में वीडियों कांफ्रेंसिग के माध्यम सें आयोजित की गयी। यह बैठक इस कार्यकारिणी के कार्यकाल में आयोजित की जाने वाली द्वितीय बैठक थी।

सर्वप्रथम उपमहाप्रबंधक (सामान्य) एवं सचिव/जेड आर यू सी सी अनुज कुमार तायल ने समिति के अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

इसके उपरान्त महाप्रबंधक/उपरे एवं अध्यक्ष महोदय ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि मैं "क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति" की 19 वीं बैठक में सभी सदस्यों का उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से अभिनन्दन करता हूँ। आज की इस बैठक में जुड़े माननीय सांसदगणों, माननीय विधायकगणों एवं अन्य सदस्यों का मैं विशेष आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अपनी व्यस्त दिनचर्या से अमूल्य समय हमें दिया है। मेरी उत्तर पश्चिम रेलवे के ZRUCC सदस्यों के साथ यह पहली बैठक है, मेरा विश्वास है कि उत्तर पश्चिम रेलवे आपके सुझावों व मार्गदर्शन से रेल उपयोगकर्ताओं को उच्चस्तरीय सुविधायें प्रदान करता रहेगा।

ZRUCC के सदस्यों के साथ वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखकर हम इस बार भी वर्चुअल मीटिंग के माध्यम से जुड़ रहे हैं। कोरोना से उबरने के पश्चात् हम सामान्य जन जीवन की ओर बढ़ रहे हैं। इसी क्रम में हमारे यहाँ लगभग 90% यात्री गाड़ियों का संचालन प्रारम्भ किया जा चुका है तथा शेष यात्री गाड़ियों के संचालन के लिये भी हम प्रयास कर रहे हैं।

मैं आपको बताना चाहूंगा कि इस वर्ष प्रस्तुत बजट में उत्तर पश्चिम रेलवे को कुल 6724 करोड़ का आवंटन किया गया है जोकि गत वर्ष के 4673 करोड़ की तुलना में 44 प्रतिशत अधिक है। बजट में संरक्षा तथा यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। संरक्षा के लिये इस वर्ष बजट में 1100 करोड़ रूपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। संरक्षा के अहम मद ट्रैक नवीनीकरण के लिये 495 करोड़, रेलवे समपारों पर रोड ओवर ब्रिज तथा रोड अण्डर ब्रिज के लिये 480 करोड़ रूपये का बजट में प्रावधान है।

रेलवे के विकास और यात्रियों को अधिकाधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिये आपके सुझाव हमेशा महत्वपूर्ण रहे हैं। आपके सुझावों व योगदान से हमने विपरीत परिस्थितियों में भी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किये हैं। हमारे बेहतरीन कार्यनिष्पादन के फलस्वरूप 66 वें राष्ट्रीय रेल पुरस्कार–2021 में उत्तर पश्चिम रेलवे को संरक्षा शील्ड तथा सिविल इंजीनियरिंग निर्माण की शील्ड पश्चिम रेलवे तथा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ संयुक्त रूप से प्रदान की गई है।

माल लदान को बढ़ावा देने के लिये हमने विशेष प्रयास किये तथा वर्ष 2021–22 में जनवरी तक 23.77 मिलियन टन माल लदान किया गया, जो कि गत वर्ष के 17.21 मिलियन टन से 38% अधिक है। माल लदान में नये क्षेत्रों को जोड़ने के प्रयासों के तहत हमने उत्तर पश्चिम रेलवे की पहली किसान रेल का संचालन अलवर से असम के बैहाटा स्टेशन के मध्य किया। हमने किसानों व व्यापारियों की सुविधा के लिये पहली बार किन्नू की लोडिंग श्रीगंगानगर से बांग्लादेश के लिये कर नये अध्याय की शुरूआत की है। हमारे यहाँ मालगाड़ियों की औसत गति भी 46 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक हो गई है। हमने मुख्यालय व मण्डलों में बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट की स्थापना की है, जिससे हम माल ग्राहकों को

परिवहन के लिये आकर्षित कर सकें। मेरा आग्रह है कि आप भी आपके क्षेत्राधिकार के माल लदान करने वाले उपभोक्ताओं को किफायती और पर्यावरण अनुकूल रेल परिवहन के बारे में जानकारी दें और नये ग्राहकों को जोड़ने में मदद करें।

यात्रियों को समयानुसार यात्रा करवाना हमारी प्राथमिकता में है, इसी कड़ी में उत्तर पश्चिम रेलवे इस वर्ष जनवरी माह तक मेल/एक्सप्रेस और पैसेन्जर गाड़ियों के समयपालन 98.48% को सुनिश्चित कर सम्पूर्ण भारतीय रेलवे में लगातार प्रथम स्थान पर कायम है।

उत्तर पश्चिम रेलवे पर आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने के लिये लक्ष्यानुसार कार्य किये जा रहे हैं। इस वर्ष हमने फुलेरा–राई का बाग रेलमार्ग के 82 किलोमीटर लम्बाई के डेगाना–मेड़ता रोड़ तथा डेगाना–बोरावड़ रेलखण्ड़ के दोहरीकरण एवं मावली–बड़ी सादड़ी 82 किलोमीटर रेलखण्ड के आमान परिवर्तन का कार्य पूर्ण किया है। आमजन को रेल सुविधा उपलब्ध कराने के क्रम में हमने 15 जनवरी से डूंगरपुर–हिम्मतनगर रेलमार्ग पर आमान परिवर्तन के पश्चात् डेमू पैसेन्जर ट्रेन का संचालन प्रारम्भ कर दिया है। इसके साथ ही हमने प्रथम डेडिकेटेड टेस्ट ट्रैक पर इंजन का सफल ट्रायल किया है। पर्यावरण अनुकूल रेल परिवहन की दिशा में आगे बढ़ते हुये हमने इस वर्ष 305 किलोमीटर रेलमार्ग का विद्युतीकरण किया है, इसके साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे पर 2489 किलोमीटर रेलमार्ग का विद्युतीकरण किया जा चुका है एवं 60 जोड़ी यात्री ट्रेनों का संचालन इलेक्ट्रिक ट्रेक्शन पर किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर रेलमार्गों के 100% विद्युतीकरण का कार्य दिसम्बर 2023 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी के तहत हमारे यहाँ 37 एस्केलेटर, 18 लिफ्ट, 419 स्टेशनों पर वाई–फाई, 52 स्टेशनों पर ट्रेन डिस्पले बोर्ड, 47 स्टेशनों पर कोच गाइडेंस बोर्ड, 305 स्टेशनों पर पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम तथा 32 स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये गये हैं।

कोरोना के नये वैरियंट ओमिक्रॉन से बचाव के लिये हम पूरी तरह मुस्तैद हैं। जोधपुर, अजमेर, बीकानेर मण्डल चिकित्सालय तथा केन्द्रीय चिकित्सालय, जयपुर में ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट स्थापित किये जा चुके हैं। हम वैक्सीनेशन पर विशेष बल दे रहे हैं एवं हमारे यहाँ फ्रंट लाइन स्टाफ को प्रीकॉशन डोज तथा 15 से 18 वर्ष आयुवर्ग के लिये भी वैक्सीनेशन प्रारम्भ हो गया है। ट्रेनों में कोरोना के संक्रमण की रोकथाम के लिये रोबोटिक मशीन के द्वारा नई तकनीकयुक्त अल्ट्रावायलेट सैनिटाइजेशन की प्रायोगिक तौर पर शुरूआत जयपुर मण्डल की 13 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में की गई है।

यात्रियों की शिकायतों के समयानुसार निवारण में उत्तर पश्चिम रेलवे, भारतीय रेलवे पर अग्रणी स्थान पर है। रेल मदद पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का निवारण औसतन 30 मिनट से भी कम समय में किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त हमारे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर, फेसबुक, कू इत्यादि पर भी फॉलोवर्स की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है तथा इनके माध्यम से भी ग्राहकों की समस्या का सामाधान होने के साथ–साथ रेलवे की अपडेटेड सूचनाएं भी प्राप्त हो रही हैं।

हम ZRUCC के प्रत्येक सदस्य के सुझावों व प्रतिक्रियाओं के अनुरूप अधिकाधिक सुविधायें प्रदान करने के लिये प्रयत्नशील हैं और मैं आशा करता हूँ कि आपका मार्गदर्शन व सहयोग हमें सदैव मिलता रहेगा।

तत्पश्चात उपमहाप्रबंधक (सामान्य) अनुज कुमार तायल ने प्रजेन्टेशन के माध्यम से उत्तर पश्चिम रेलवे के गठन एवं तथ्य व अन्य आँकडों से माननीय सदस्यों को अवगत कराया। इसके अलावा उत्तर पश्चिम रेलवे के कार्यकलापों, विशेषकर चारों मण्डलों में पिछले कुछ वर्षों में यात्री सुविधाओं में हुई प्रगति, वर्तमान में चल रहे कोविड–19 के दौरान किए गए कार्यों एवं भविष्य में यात्री सुविधाओं से सम्बधित किये जाने वाले कार्यों के बारे में अवगत कराया।

बैठक के उपरांत समिति के सचिव अनुज कुमार तायल ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए सभी माननीय सदस्यों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया तथा बताया कि इस बैठक के दौरान क्रमवार सारे सदस्यों के साथ मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई जो कि अनुक्रमणिका के अनुसार संलग्न है एवं इस कार्यकारिणी को बैठक के सफल आयोजन पर शुभकामनाएं दी।

## (क) उपस्थित सदस्यगण

| क्रम सं. | माननीय सदस्यों के नाम एवं पद | प्रतिनिधित्व |
|---|---|---|
| 1 | श्री धर्मबीर सिंह, माननीय सांसद/भिवानी–महेन्द्रगढ़ | संसदीय कार्य मंत्रालय/रेलवे बोर्ड |
| 2 | श्रीमती जसकौर मीना, माननीया सांसद/दौसा | संसदीय कार्य मंत्रालय/रेलवे बोर्ड |
| 3 | श्री राजेन्द्र गहलोत, माननीय सांसद/राज्यसभा/राजस्थान | संसदीय कार्य मंत्रालय/रेलवे बोर्ड |
| 4 | श्री रामचरण बोहरा, माननीय सांसद/जयपुर शहर | संसदीय कार्य मंत्रालय/रेलवे बोर्ड |
| 5 | श्री रामकुमार वर्मा, माननीय सांसद/राज्यसभा/राजस्थान | संसदीय कार्य मंत्रालय/रेलवे बोर्ड |
| 6 | श्री सुमेधानन्द सरस्वती, माननीय सांसद/सीकर | संसदीय कार्य मंत्रालय/रेलवे बोर्ड |
| 7 | डॉ. के.एल.जैन | राजस्थान चैम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इन्डस्ट्री, जयपुर |
| 8 | श्री शंकर लाल परसावत | डीडवाना विकास परिषद समिति, डीडवाना, नागौर |
| 9 | श्री वी.के.मानसिंगका | मेवाड़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इन्डस्ट्रीज, भीलवाड़ा |
| 10 | श्री सुरेश मित्तल | रेल रोड़ पैसेन्जर एसोसिएशन, हरियाणा |
| 11 | श्री अभय सिंह राठौड | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 12 | श्री अनिल दाधीच | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 13 | श्री अनिल कुमार खटेर | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 14 | श्री भीम प्रकाश शर्मा | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 15 | श्री दिनेश कुमार खण्डेलवाल | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 16 | श्री घनश्याम डागा | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 17 | श्री हरी मोहन चाँडक | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 18 | श्री हरि राम महण | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 19 | श्री जयकिशन अग्रवाल | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 20 | श्री कैलाश मेघवाल | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 21 | श्री माधोराम चौधरी | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 22 | श्री मुकेश दाधीच | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 23 | श्री मुकेश कुमार गोदारा | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 24 | श्री नीरज कुमावत | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 25 | श्रीमती निशा शर्मा | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 26 | श्री ओम पालीवाल | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 27 | श्री परागभाई नाइक | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 28 | श्रीमती पूनम बाजपाई | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 29 | श्री प्रीतम लाल अग्रवाल | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 30 | श्री रघुवीर सिंह तँवर | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 31 | श्री राजेन्द्र कुमार | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 32 | श्री राजेश कुमार ताँबी | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 33 | श्री रविन्द्र सिंह बालावत | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 34 | श्री संदीप कुमार बंसल | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 35 | श्री विजेन्द्र पाल सिंह | माननीय रेल मंत्री द्वारा नामित सदस्य |
| 36 | डॉ. अनन्त शर्मा | कन्ज्यूमर प्राटेक्शन ट्रस्ट, श्याम वाटिका, गोविन्दपरुी हवा सड़क, जयपुर |

**(ख) उत्तर पश्चिम रेलवे के उपस्थित अधिकारीगण**

| क्रम सं. | नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 01 | श्री विजय शर्मा | महाप्रबंधक एवं अध्यक्ष/जेड आर यू सी सी |
| 02 | श्री गौतम अरोड़ा | अपर महाप्रबंधक |
| 03 | श्री बी.के. गुप्ता | प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) |
| 04 | श्री अनिल कुमार | प्रमुख मुख्य इंजीनियर |
| 05 | श्री राजेश मोहन | प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर |
| 06 | श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव | प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक |
| 07 | श्री प्रणय प्रभाकर | प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक |
| 08 | श्री नीरज मौर्या | मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक |
| 09 | श्री अनुज भार्गव | मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/पीएस |
| 10 | श्री सुनील बेनीवाल | सचिव/महाप्रबंधक |
| 11 | अनुज कुमार तायल | उप महाप्रबंधक (सामान्य) एवं सचिव/जेड आर यू सी सी |

**(संख्याः जी/532/उपरे/जेडआरयूसीसी/19/22 दिनांक 28.03.2022)**

Digitally Signed by Anuj Kumar Tayal
Date: 28-03-2022 12:20:41
Reason: Approved

**(अनुज कुमार तायल)**
**उपमहाप्रबंधक/सामान्य**
**एवं सचिव, जे.ड.आर.यू.सी.सी**

## अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | माननीय सदस्य | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | श्री धर्मबीर सिंह | 8–14 |
| 2 | ले.जन. (डॉ.) डी.पी. वत्स | 15 |
| 3 | श्री हनुमान बेनीवाल | 16–22 |
| 4 | श्रीमती जसकौर मीना | 23–24 |
| 5 | श्री निहाल चन्द | 25–28 |
| 6 | श्री राजेन्द्र गहलोत | 29 |
| 7 | श्री रामचरण बोहरा | 30–33 |
| 8 | श्री रामकुमार वर्मा | 34 |
| 9 | श्री सुमेधानन्द सरस्वती | 35 |
| 10 | श्री बह्मानन्द गोयल | 36 |
| 11 | डॉ. के.एल. जैन | 37–38 |
| 12 | श्री शंकरलाल परसावत | 39–41 |
| 13 | श्री वी.के. मानसिंगका | 42 |
| 14 | श्री सुरेश मित्तल | 43–45 |
| 15 | श्री अभय सिंह राठौड़ | 46 |
| 16 | श्री अनिल दाधीच | 47 |
| 17 | श्री अनिल कुमार खटेड | 48–59 |
| 18 | श्री भीम प्रकाश शर्मा | 60–62 |
| 19 | श्री दिनेश कुमार खण्डेलवाल | 63 |
| 20 | घनश्याम डागा | 64 |
| 21 | श्री हरीमोहन चाँडक | 65 |
| 22 | श्री हरिराम महण | 66–67 |
| 23 | श्री जयकिशन अग्रवाल | 68 |
| 24 | श्री माधोराम चौधरी | 69 |

| | | |
|---|---|---|
| 25 | श्री मुकेश गोदारा | 70—75 |
| 26 | श्रीमती निशा शर्मा | 76—82 |
| 27 | श्री ओम पालीवाल | 83 |
| 28 | श्री प्रीतम लाल अग्रवाल | 84—85 |
| 29 | श्री रघुवीर सिंह तँवर | 86—87 |
| 30 | श्री राजेन्द्र कुमार चौधरी | 88—91 |
| 31 | श्री राजेश कुमार ताम्बी | 92 |
| 32 | श्री रविन्द्र सिंह बालावत | 93 |
| 33 | श्री संदीप कुमार बंसल | 94 |
| 34 | श्री विजेन्द्र पाल सिंह | 95—99 |
| 35 | श्री योगेश मेहता | 100 |
| 36 | डॉ. अनन्त शर्मा | 101 |

| | 1. श्री धर्मबीर सिंह |
|---|---|
| 1.–1.1 | गाड़ी नं.– 14795/96 भिवानी से चण्डीगढ़ चलती थी जो पानीपत में हिमालयन क्वीन में जुड़ती थी। अब इस गाड़ी को स्वतंत्र गाड़ी बनाकर रेवाड़ी से चण्डीगढ़ तक वाया चरखी दादरी–भिवानी चलाया जाए। इसे दो वर्ष पहले बंद कर दिया था।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाडी सं. 14795/96 भिवानी–कालका एकता एक्सप्रेस का प्राथमिक अनुरक्षण भिवानी स्टेशन पर किया जाता था। रेवाडी स्टेशन पर अनुरक्षण सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, यदि उक्त गाडी को चंडीगढ से रेवाडी के मध्य संचालित किया जाता है तो इसका प्राथमिक अनुरक्षण चंडीगढ स्टेशन, अंबाला मंडल उत्तर रेलवे पर किया जाना होगा जो कि उत्तर रेलवे का क्षेत्राधिकार है। वर्तमान में रेवाडी से चंडीगढ़ के मध्य 02 जोडी गाड़ियाँ, गाड़ी सं. 12983/84 अजमेर–चंडीगढ गरीबरथ वाया भिवानी रोहतक त्रि–साप्ताहिक एवं गाड़ी सं. 19717/18 जयपुर–चंडीगढ वाया झज्जर, रोहतक प्रतिदिन संचालित की जा रही हैं। |
| 1.2 | भिवानी–चरखीदादरी–सतनाली–महेद्रगढ़–अटेली–लोहारू–निजामपुर स्टेशनों पर कोविड की वजह से बंद की गई सभी रेल गाड़ियों को दोबारा से चलवाया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में भिवानी चरखीदादरी खंड पर पूर्व में चलाई जा रही सभी गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें से 09 जोड़ी गाड़ियों का ठहराव चरखी दादरी पर दिया हुआ है। इसी प्रकार अटेली, निजामपुर खंड पर पूर्व में चलाई जा रही सभी गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें से अटेली व निजामपुर पर 03 जोड़ी गाड़ियों का ठहराव दिया गया है।<br>महेंद्रगढ़–सतनाली–लोहारू खंड पर 02 जोडी सवारी गाड़ियों का संचालन शेष है जो उत्तर रेलवे के स्वामित्व की गाडियां हैं। उ.प.रे. के स्वामित्व की गाड़ी सं. 14795/96 भिवानी–कालका एक्सप्रेस का पुनः संचालन किया जाना शेष है जिन पर उत्तर रेलवे द्वारा कार्यवाही अपेक्षित है। इस हेतु उत्तर रेलवे से पत्राचार किया गया है। |
| 1.3 | ट्रेन नं.– 14021–22 दिल्ली सराय रोहिल्ला–जयपुर सैनिक एक्सप्रेस का ठहराव सतनाली स्टेशन पर दोबारा कराया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सतनाली स्टेशन पर कुल 12 गाड़ियों का ठहराव दिया गया हैं। गाड़ी सं0 14021/22 का ठहराव वर्तमान में लोहारू स्टेशन पर दिया गया है जोकि सतनाली स्टेशन से लगभग 17 किमी की दूरी पर हैं। यात्री लोहारू स्टेशन से इस सुविधा का लाभ उठा सकते है।<br>सतनाली स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाडी औसत यात्रीभार 61 एवं आय 1,749 रूपये है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव मानकों से कम है।<br>पूर्व में गाडी सं. 14021/22 जयपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस में आरक्षित व अनारक्षित यात्रीभार क्रमशः 0 और 02 तथा 0 और 06 रहा है।<br>उपरोक्तानुसार यात्रीभार रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति में निर्धारित मानकों से कम है। अतः गाडी संख्या 14021/22 के ठहराव का वाणिज्यिक औचित्य नहीं है। |
| 1.4 | ट्रेन सं.– 22471–72 बीकानेर इंटरसिटी ठहराव सतनाली स्टेशन पर किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सतनाली स्टेशन पर कुल 12 गाड़ियों का ठहराव दिया गया हैं। गाड़ी सं0 22471/72 बीकानेर इंटरसीटी का ठहराव वर्तमान में लोहारू स्टेशन पर दिया गया है जोकि सतनाली स्टेशन से लगभग 17 किमी की दूरी पर हैं। यात्री लोहारू स्टेशन से इस सुविधा का लाभ |

| | |
|---|---|
| | उठा सकते है।<br>सतनाली स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाडी औसत यात्रीभार 61 एवं आय 1,749 रूपये है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानकों से कम है। अतः गाडी संख्या 22771/72 का सतनाली स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 1.5 | ट्रेन सं.– 09415–16 अहमदाबाद से माता वैष्णो देवी का ठहराव चरखी दादरी स्टेशन पर किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>चरखी दादरी स्टेशन पर वर्तमान में 18 गाड़ियों का ठहराव दिया गया हैं। चरखी दादरी स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाडी औसत यात्रीभार 89 एवं आय 3,300 रूपये है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानकों से कम है। अतः गाडी संख्या 19415/16 का चरखी दादरी स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं बनता है। |
| 1.6 | ट्रेन सं.– 12259–60 सियालदाह–दुरंतो से बाड़मेर, ट्रेन सं.– 12323–24 हावड़ा से बाडमेर व ट्रेन सं. 22481–82 जोधपुर–दिल्ली का ठहराव महेद्रगढ़ के आदर्श स्टेशन पर कराया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर वर्तमान में कुल 22 गाड़ियों का ठहराव हैं। इसके अतिरिक्त वर्तमान में गाड़ी सं0 12371/72 को बीकानेर–हावड़ा का ठहराव महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर दिया गया हैं व गाड़ी सं0 22421/22 जोधपुर–दिल्ली–जोधपुर का ठहराव महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर दिया गया हैं। इसके अतिरिक्त दिल्ली हेतु कुल 06 गाड़ियों का ठहराव महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर दिया गया हैं।<br>महेन्द्र गढ स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाडी औसत यात्रीभार 31 एवं आय 3,815 रूपये है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानकों से कम है। अतः उक्त गडियों का महेन्द्रगढ स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है।<br>पूर्व में गाडी सं. 22481/22482 जोधपुर–दिल्ली एक्सप्रेस में आरक्षित व अनारक्षित यात्रीभार क्रमशः 3 और 5 तथा 2 और 4 यात्री रहा है। जो निर्धारित मानकों से कम है। अतः ठहराव का वाणिज्यिक औचित्य नहीं बनता है। |
| 1.7 | गरीबरथ एक्सप्रेस (जयपुर से चंडीगढ़) का ठहराव जिला चरखी दादरी करने बाबत्।<br>**रिमार्क्सः–**<br>चरखी दादरी स्टेशन पर वर्तमान में कुल 18 गाड़ियों का ठहराव है। चरखी दादरी स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाडी औसत यात्रीभार 89 एवं आय 3,300 रूपये है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानकों से कम है। अतः गरीबरथ एक्सप्रेस (जयपुर से चंडीगढ़) का चरखी दादरी स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं बनता है। |
| 1.8 | ट्रेन सं. 02329–30 का विस्तार रोहतक–भिवानी–हिसार तक किया जाए। यह ट्रेन करीब 12 घण्टे लाईओवर के साथ बिना किसी अनुरक्षण के आनंद विहार स्टेशन पर खड़ी रहती है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 12329/30 सियालदाह–आनंद विहार संपर्क क्रांती एक्सप्रेस पूर्वी रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है जिसका प्राथमिक अनुरक्षण सियालदाह स्टेशन पर किया जाता है एवं यह गाड़ी आरबीपीसी पर संचालित है इसे हिसार तक विस्तारित किये जाने हेतु प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक 2021 में भेजा गया था जिस पर उत्तर रेलवे द्वारा सहमति नहीं दी गई। उ.प.रे. पर इसका विस्तारण परिचालनिक रूप से संभव है। |

| | |
|---|---|
| 1.9 | अटेली व नारनौल के रेलवे अंडरपासों का साईज ठीक किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>अंडरपासों का निर्माण राज्य सरकार से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर व स्थल की फिजिबिलिटी के आधार पर किया गया है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त कार्य हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर संयुक्त फिजिबिलिटी के अधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |
| 2. | रेवाड़ी से लोहारू सेक्शन पर कनीना खास, महेंद्रगढ़, सतनाली व लोहारू स्टेशनों हेतु नई गाड़ियों और ठहराव हेतुः–<br>**रिमार्क्सः–**<br>सतनाली स्टेशन पर वर्तमान में 05 जोडी एक्सप्रेस एवं 01 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है। महेन्द्रगढ स्टेशन पर वर्तमान में 10 जोडी एक्सप्रेस एवं 01 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है। कनीना खास स्टेशन पर वर्तमान में 04 जोडी एक्सप्रेस एवं 01 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है। लोहारू स्टेशन पर वर्तमान में 14 जोडी एक्सप्रेस एवं 02 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है।<br>वर्तमान में रेवाडी से लोहारू के मध्य 13 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस तथा एक जोड़ी सवारी गाड़ी का संचालन किया जा रहा है। इस खंड पर ओर नयी गाडियां चलाये जाने हेतु कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। उल्लेखनीय है कि नयी गाडियां चलाये जाने हेतु कोचिंग स्टॉक, पाथ, लोको, मार्गस्थ रेलों की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति भी आवश्यक है। |
| 2.1 | दिल्ली से हिसार वाया महेंद्रगढ़, लोहारू पैसेंजर गाड़ी 54309/10 को तुरंत चालू किया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाडी सं. 54309/10 दिल्ली–हिसार पैसेंजर दैनिक गाडी उत्तर रेलवे के स्वामित्व की है, इस पर प्रभावी कार्यवाही उत्तर रेलवे से अपेक्षित है। इस हेतु उत्तर रेलवे से पत्राचार किया गया है। |
| 2.2 | 14055/56 ब्रह्मपुत्र मेल को महेंद्रगढ़ के रास्ते जोधपुर/बीकानेर/गंगानगर तक बढ़ाया जाए ताकि क्षेत्र को लंबी दूरी की गाड़ी मिल सके और क्षेत्र का उत्तर–पूर्व क्षेत्र के राज्यों से सीधा रेल संपर्क हो सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 15955/56 डिब्रूगढ़–दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल NF Rly. के स्वामित्व की गाड़ी है। इस गाड़ी का दिल्ली स्टेशन पर द्वितीय अनुरक्षण किया जाता है। इस गाड़ी के दिल्ली–जोधपुर के मध्य संभावित पाथ पर गाड़ी सं. 22421/22 दिल्ली सराय रोहिल्ला–जोधपुर–सालासर एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है। बीकानेर/ गंगानगर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधाओं के कारण प्रतिदिन द्वितीय अनुरक्षण हेतु स्लॉट उपलब्ध नहीं है। |
| 2.3 | 12259/60 दुरन्तो का महेंद्रगढ़ स्टेशन पर ठहराव दिया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>महेन्द्रगढ स्टेशन पर वर्तमान में 10 जोडी एक्सप्रेस एवं 01 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है। महेंद्रगढ स्टेशन की औसत टिकिट बिक्री 31 एवं यात्री आय रू 3815/–प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है जो रेलवे बोर्ड द्वारा ठहराव हेतु निर्धारित मानकों से कम है अतः ठहराव दिये जाने हेतु वाणिज्यिक औचित्य नहीं बनता है। उक्त गाडी द्रुतगामी प्रकृति की गाडी है जिसका ठहराव लोहारू, सादुलपुर, चुरू स्टेशनों पर दिया गया है। |
| 2.4 | 12323/12324 हावड़ा से बाड़मेर का महेंद्रगढ़ स्टेशन पर ठहराव दिया जाये।<br>**रिमार्क्सः–** |

| | |
|---|---|
| | महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर वर्तमान में कुल 22 गाड़ियों का ठहराव हैं। इसके अतिरिक्त वर्तमान में गाड़ी सं0 12371/72 को बीकानेर–हावड़ा का ठहराव महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर दिया गया हैं महेन्द्रगढ स्टेशन की औसत टिकिट बिक्री 31 एवं यात्री आय रू 3815/–प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है जो रेलवे बोर्ड द्वारा ठहराव हेतु निर्धारित मानकों से कम है गाड़ी सं. 12323/24 हावडा–बाडमेर का ठहराव महेन्द्रगढ स्टेशन पर दिये जाने का वाणिज्यिक औचित्य नहीं बनता है। |
| 2.5 | दिल्ली से लोहारू/सादलपुर तक एक ई.एम.यू. गाड़ी चलवाई जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान मे ईएमयू गाडियों के अनुरक्षण हेतु उत्तर पश्चिम रेलवे पर कार शैड स्थापित नहीं है। उपरे पर ईएमयू गाडियों के अनुरक्षण की सुविधा विकसित किया जाना विचाराधीन है। इस विषय में उत्तर रेलवे व उत्तर मध्य रेलवे से पत्राचार किया गया है। |
| 2.6 | बीकानेर से दिल्ली नई एक्सप्रेस गाड़ी चलाई जाए जो बीकानेर से सुबह 4 बजे चलकर महेंद्रगढ़ 9 बजे के आसपास तक पहुँचे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में बीकानेर से दिल्ली वाया महेन्द्रगढ़ 04 जोडी गाड़ियाँ संचालित हैं जिनमें से 03 जोडी गाड़ियों का ठहराव महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर दिया गया है। उक्त के अतिरिक्त नई गाड़ियाँ चलाये जाने हेतु उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। |
| 2.7 | दिल्ली से जैसलमेर वाया महेंद्रगढ़ 200 किलोमीटर छोटा रास्ता है परंतु जैसलमेर के लिए सिर्फ 12371/72 साप्ताहिक ही चलती है अतः दिल्ली से जैसलमेर दैनिक एक्सप्रेस चलाई जाए या 22471/72 का जैसलमेर तक विस्तार किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाडी सं. 22471/72 का प्राथमिक अनुरक्षण बीकानेर स्टेशन पर किया जाता है एवं जैसलमेर स्टेशन पर यह सुविधा उपलब्ध नहीं है अतः जैसलमेर तक विस्तारण परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। गाडी सं. 14646/14645 जम्मूतवी–जैसलमेर वाया रेवाडी–जयपुर सप्ताह में चार दिन संचालित की जा रही है। महेन्द्रगढ से यात्रा करने वाले यात्री रेवाडी स्टेशन से इसका लाभ ले सकते हैं। वर्तमान में दिल्ली से जैसलमेर वाया महेन्द्रगढ, बीकानेर खंड पर नयी गाडियां चलाये जाने हेतु कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। उल्लेखनीय है कि नयी गाडियां चलाये जाने हेतु कोचिंग स्टॉक, पाथ, लोको, मार्गस्थ रेलों की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति भी आवश्यक है। |
| 2.8 | TKJ-GANGANAGAR 14727/28 old numbers 54767/68 (54011/12) जब चलाई गई थी तब सुबह रेवाड़ी में 20 मिनट का ठहराव दिया गया था जो कि अभी 5 मिनट दिया गया है व 06:05 की बजाय 06:07 चलने का समय भी 2 मिनट जल्दी दिया गया है परंतु रेवाड़ी से पहले के स्टेशन पर अभी भी इस 22 मिनट का जो समय बचा है उसको एडजेस्ट नहीं किया गया है और पूरा समय जो कि 35 से 40 मिनट है को स्लेग टाइम में जोड़ दिया गया हैं। अतः मेरे लोकसभा क्षेत्र के लोगों को रेवाड़ी में ठहराव को less करने का फाइदा नहीं मिल रहा है इसलिए इस गाड़ी को लोहारू से मौजूदा समय से 30 मिनट देरी से चलाया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाडी सं. 14727/28 श्रीगंगानगर–तिलकब्रिज की समय सारणी, सादुलपुर– रेवाडी इकहरी लाइन खंड एवं समय सारणी तैयार किये जाने हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत ही बनाई गयी है। इसमें किसी तरह का परिवर्तन परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि सुबह के पीक ऑवर्स के समय प्लेटफार्म उपलब्ध नहीं होने से समय सारणी में परिवर्तन किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। |

| | |
|---|---|
| 2.9 | 54789 रेवाड़ी से बीकानेर पैसेंजर का पुराना समय सुबह 05:00 बजे ही किया जाये अभी स्पेशल नंबर में यह गाड़ी 04:30 बजे चलाई जा रही है जो कि बहुत जल्दी है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जीरो बेस समय सारणी की प्रक्रिया के दौरान बीकानेर मंडल के नांगल मूंदी से जेरपुर पाली स्टेशनों पर रेल पथ की मरम्मत हेतु कॉरिडोर ब्लॉक बनाये जाने के क्रम में इस हेतु उक्त गाड़ी की समय सारणी में मामूली परिवर्तन किया गया था जिसे पुनः बदलने से परिचालन व अनुरक्षण पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ता है। |
| 2.10 | रेवाड़ी से सीकर के लिए मेरे लोकसभा क्षेत्र से एकमात्र गाड़ी सं. 59730 थी जिसको बंद कर दिया गया है। इसे तुरंत चालू किया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में यह गाड़ी 59729 / 30 सीकर–लोहारू के मध्य संचालित है। तथा यह लोहारू से रेवाडी के बची में परिचालनिक बाध्यता के कारणों से आंशिक रूप से निरस्त है।<br>वर्तमान में रेवाड़ी से सीकर के मध्य गाडी सं. 14021 / 22 सैनिक एक्सप्रेस त्रिसाप्ताहिक आधार पर, गाडी सं. 14811 / 12 द्विसाप्ताहिक तथा गाडी सं. 19727 / 28 प्रतिदिन आधार पर चलाई जाती हैं। |
| 2.11 | 14022 का लोहारू से चलने का समय सुबह 04.00 बजे किया जाये ताकि सुबह सुबह सभी लोग दिल्ली की एक्सप्रेस गाड़ी से कम समय में सफर पूरा कर सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाडी सं. 14022 का जयपुर प्रस्थान 20.30 बजे है, सीकर से प्रस्थान 22.30 बजे है एवं लोहारू से प्रस्थान 02.00 बजे है। इस गाडी से अधिकांश यात्री सीकर, नवलगढ, झुंझनू, चिडावा स्टेशनों से यात्रा करते हैं यदि इस गाडी को 2 घंटे विलंब से जयपुर से चलाया जाता है तो मार्गस्थ स्टेशनों के यात्रियों हेतु समय अनुकूल नहीं रहेगा एवं गाडी यात्री भार में भी कमी आयेगी। अतः लोहारू से प्रस्थान समय वाणिज्यिक एवं परिचालनिक रूप से उपयुक्त नहीं रहेगा। |
| 2.12 | जोधपुर से दिल्ली 22481 / 82 एक्सप्रेस का महेंद्रगढ़ का ठहराव खत्म कर दिया गया है इसे तुरंत बहाल किया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं0 22421 / 22 जोधपुर–दिल्ली–जोधपुर का ठहराव महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर दिया गया हैं। इसके अतिरिक्त दिल्ली हेतु कुल 06 गाड़ियों का ठहराव महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर दिया गया हैं।<br>महेन्द्रगढ स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाडी औसत यात्रीभार 31 एवं आय 3,815 रूपये है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानकों से कम है। पूर्व में गाड़ी सं. 22481 / 22482 जोधपुर–दिल्ली एक्सप्रेस में आरक्षित व अनारक्षित यात्रीभार क्रमशः 3 और 5 तथा 2 और 4 यात्री रहा है । अतः गाडी संख्या 22481 / 82 का महेन्द्रगढ स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 2.13 | ट्रेन नं. 12457 / 58 का कनीना खास स्टेशन पर ठहराव करवाया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>**वर्तमान में** कनीना खास स्टेशन पर 10 गाड़ियों का ठहराव दिया गया हैं। गाड़ी सं0 12457 / 58 का ठहराव महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर है जोकि कनीना खास स्टेशन से लगभग 16 किमी की दूरी पर हैं। यात्री महेन्द्रगढ़ स्टेशन से इस सुविधा का लाभ उठा सकते है।<br>कनीना खास स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाडी औसत यात्रीभार 11 एवं आय 812 रूपये है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव मानकों से कम है। अतः गाडी संख्या 12457 / 58 का ठहराव का वाणिज्यिक औचित्य नहीं है। |

| | |
|---|---|
| 2.14 | बोजावास हाल्ट (BJWS) का प्लेटफॉर्म लेवल ऊँचा किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>रेलवे बोर्ड के नीति निर्देशानुसार सभी प्लेटफॉर्म को हाई लेवल किया जाना है। इसको परिपूर्ण करने के लिये यात्री भार को ध्यान में रखते हुए, अधिक यात्रीभार वाले स्टेशनों को प्राथमिकता प्रदान की जा रही है और इस कार्य को निधि की उपलब्धता पर चरणबद्ध रूप से किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक यात्रियों को इसका लाभ मिल सके। |
| 3. | **सतनाली स्टेशन पर निम्नलिखित सुविधाएं अपेक्षित है :–** |
| 3.1 | गाड़ी सं. 22471/72 का ठहराव दिया जाये (इस मांग को वरीयता दें। यह पुरानी मांग है)<br>**रिमार्क्सः–**<br>सतनाली स्टेशन पर कुल 12 गाड़ियों का ठहराव दिया गया हैं। गाड़ी सं0 22471/72 बीकानेर इंटरसीटी का ठहराव वर्तमान में लोहारू स्टेशन पर दिया गया है जोकि सतनाली स्टेशन से लगभग 17 किमी की दूरी पर हैं। यात्री लोहारू स्टेशन से इस सुविधा का लाभ उठा सकते है।<br>सतनाली स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाडी औसत यात्रीभार 61 एवं आय 1,749 रूपये है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव हेतु टिकट बिक्री एवं आय के मानकों से कम है। अतः गाडी संख्या 22771/72 का सतनाली स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 3.2 | 14021/22 का ठहराव पुनः बहाल किया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सतनाली स्टेशन पर कुल 12 गाड़ियों का ठहराव दिया गया हैं। गाड़ी सं0 14021/22 का ठहराव वर्तमान में लोहारू स्टेशन पर दिया गया है जोकि सतनाली स्टेशन से लगभग 17 किमी की दूरी पर हैं। यात्री लोहारू स्टेशन से इस सुविधा का लाभ उठा सकते है।<br>सतनाली स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाडी औसत यात्रीभार 61 एवं आय 1,749 रूपये है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव मानकों से कम है।<br>पूर्व में गाडी सं. 14021/22 जयपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस में आरक्षित व अनारक्षित यात्रीभार क्रमशः 0 और 02 तथा 0 और 06 रहा है।<br>उपरोक्तानुसार यात्रीभार रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति में निर्धारित मानकों से कम है। अतः गाडी संख्या 14021/22 के ठहराव का वाणिज्यिक औचित्य नहीं है। |
| 3.3 | प्लेटफॉर्म नं. 2 को हाई लेवल बनाना।<br>**रिमार्क्सः–**<br>रेलवे बोर्ड के नीति निर्देशानुसार सभी प्लेटफॉर्म को हाई लेवल किया जाना है। इसको परिपूर्ण करने के लिये यात्री भार को ध्यान में रखते हुए, अधिक यात्रीभार वाले स्टेशनों को प्राथमिकता प्रदान की जा रही है और इस कार्य को निधि की उपलब्धता पर चरणबद्ध रूप से किया जा रहा है। ताकि अधिक से अधिक यात्रियों को इसका लाभ मिल सके।<br>सतनाली स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या 02 को हाई लेवल करने का कार्य निधी की उपलब्धता पर चरणबद्ध रूप से किया जाएगा। |
| 3.4 | स्टेशन पर उपरगामी पैदल पुल का निर्माण करवाना।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सतनाली में एफओबी का कार्य स्वीकृत है। निविदा आमंत्रित कर दिनांक 10.02.2022 को खोल ली गयी है। इस कार्य को आगामी वित्तीय वर्ष 2022–23 में पूरा कर लिया जाएगा। |
| 3.5 | प्लेटफॉर्म पर टीन शेड लगवाया जाए।<br>**रिमार्क्सः–** |

| | |
|---|---|
| | सतनाली स्टेशन एनएसजी–6 श्रेणी का स्टेशन है। इस पर MEA (न्यूनतम आवश्यक सुविधायें) के मापदण्ड के अनुसार प्लेटफॉर्म शैड उपलब्ध है।<br>MEA (न्युनतम आवश्यक सुविधायें) के मापदण्ड के अनुसार प्रत्येक प्लेटफॉर्म पर न्यूनतम 50 वर्ग मीटर प्लेटफार्म शैड होना चाहिये, वर्तमान में सतनाली स्टेशन के प्लेटफार्म नं 1 पर 101 वर्ग मीटर एवं प्लेटफार्म न. 2 पर 54 वर्गमीटर प्लेटफॉर्म शैड उपलब्ध है। |
| 3.6 | प्लेटफॉर्म नम्बर एक जगह–जगह से खराब हो रहा है। इसे जल्द से जल्द ठीक कराया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>प्लेटफॉर्म 1 की आवश्यक मरम्मत करवा दी गई है। |
| 3.7 | प्लेटफॉर्म नम्बर एक पर लाईटों की बहुत कमी है और ज्यादा लाईट लगवाई जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सतनाली स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 1 पर पर्याप्त लाईटों की व्यवस्था है लेकिन इस प्लेटफार्म का विस्तार किया गया है जहाँ पर अस्थाई तौर पर लाइट की व्यवस्था कर दी गई है व शीघ्र बिजली के पोल लगाकर स्थाई रूप से लाईट की व्यवस्था कर दी जायेगी। |
| 3.8 | चारदीवारी बहुत खराब है ज्यादातर गिर चुकी है बची हुई चारदीवार भी कभी भी गिर सकती है इसलिए इसे जल्द से जल्द ठीक कराया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सतनाली स्टेशन की अधूरी चारदीवारी का कार्य शीघ्र ही शुरू करके 31 मार्च 2022 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। |

| | **2. ले. जन. (डॉ.) डी.पी. वत्स** |
|---|---|
| 1 | हांसी का रेलवे स्टेशन बिल्कुल जर–जर हालत में है शीघ्र ही यह जंक्शन बनने वाला है इन बातों के मद्देनजर स्टेशन का आधुनिकरण किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>हांसी रेलवे स्टेशन पर पैनल रूम, बैट्री रूम, आईपीएस रूम, रिले रूम, जनरेटर रूम आदि का निर्माण वर्ष 2013 में हुआ है। वर्तमान में इनकी स्थिति संतोषजनक है तथा नियमित निरीक्षणों के दौरान आवश्यकतानुसार कार्यवाही की जा रही है।<br>हांसी एनएसजी–5 श्रेणी का स्टेशन है। इस स्टेशन पर एक हाईलेवल प्लेटफॉर्म है व प्लेटफार्म पर MEA (न्युनतम आवश्यक सुविधायें) के मापदण्ड के अनुसारी सभी यात्री सुविधायें उपलब्ध है। भविष्य में स्टेशन आधुनिकीकरण होने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। |
| 2 | हिसार भिवानी रेलवे लाईन के बीच में हांसी तोशाम रोड़ पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है उस कार्य में तेजी लाई जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>रेवाड़ी–हिसार–बठिण्डा खण्ड पर किमी 115/3–4 पर समपार संख्या 76–ए के स्थान पर आरओबी का कार्य पूर्ण होने के चरण में है और इस आरओबी का कार्य 31.03.2022 तक पूरा करने का लक्ष्य है। |
| 3 | गोरखधाम एक्सप्रेस का हांसी में ठहराव की लम्बे समय से मांग की जा रही है अतः उसका ठहराव हांसी में किया जाना चाहिए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>हांसी स्टेशन पर वर्तमान में कुल 20 गाड़ियों का ठहराव दिया गया हैं। हांसी स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाडी औसत यात्रीभार 112 एवं आय 2,667 रूपये है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव मानकों से कम है। अतः अतिरिक्त गाडियों के ठहराव का वाणिज्यिक औचित्य नही है।<br>इसके अतिरिक्त गाड़ी सं0 12556/55 गोरखधाम एक्सप्रेस जोकि हिसार स्टेशन से प्रारम्भ होती हैं। हिसार स्टेशन हांसी से मात्र 23 किमी की दूरी पर स्थित हैं। यात्री हिसार स्टेशन से इस सुविधा का लाभ उठा सकते है। |
| 4 | हांसी में माल ढुलाई की सुविधा पुनः प्रारंभ की जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>हांसी में माल ढुलाई की सुविधा उपलब्ध है वर्तमान मे हांसी स्टेशन से माल का लदान हो रहा हैं। |

| | **3. श्री हनुमान बेनीवाल** |
|---|---|
| 1. | रेलवे स्टेशनों पर सुविधाओं के विस्तार के सम्बन्ध में :– |
| 1.1 | नागौर जिले के नागौर, मेड़तारोड़, डेगाना, मकराना, कुचामन, डीडवाना तथा लाडनूं आदि रेलवे स्टेशनों पर वृद्धजनों व द्विव्यांगो के लिए एस्केलेटर लगाने हेतु रेलवे की मौजूदा नीति में शिथिलता देकर आवश्यक कार्यवाही की जावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>रेलवे बोर्ड का पत्र सं. 2013 / इलेक्ट(जी) / 150 / 13 / पीटी–1 (डीयूपी) दिनांक 06.03.19 के दिशा निर्देशों (1.7) के अनुसार किसी स्टेशन पर एस्केलेटर लगाने के लिये 25000 footfall प्रतिदिन के आधार पर किया जाता है। मेडता रोड स्टेशन (6411), नागौर (5450), डेगाना (5104), मकराना (4905), कुचामन (2000), डीडवाना (2293), तथा लाडनू (1912) रेलवे स्टेशन का footfall निर्धारित मानकों से कम है। वर्तमान में एस्केलेटर लगाने का कोई कार्य स्वीकृत नही है। |
| 1.2 | नागौर जिले के नागौर तथा मेड़तारोड़ रेलवे स्टेशनों पर VIP लॉन्ज बनाने तथा यात्रियों के ठहरने के लिए उच्च श्रेणी का प्रतीक्षालय बनाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>नागौर एवं मेडता रोड एनएसजी –4 श्रेणी के स्टेशन है जहॉ पर यात्री सुविधा नीति अनुसार वीआईपी लॉज का प्रावधान नही है।<br>नागौर एवं मेडता रोड स्टेशनों पर उच्च श्रेणी का प्रतीक्षालय एवं स्लीपर श्रेणी का प्रतीक्षालय उपलब्ध है। |
| 1.3 | नागौर जिले के मुण्डवा, नागौर, डीडवाना व कुचामन सिटी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 01 पर टिन शैड का विस्तार करने व उक्त स्टेशनों पर टिन शैड से वंचित प्लेटफॉर्म पर टिन शैड लगाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>नागौर NSG-4 श्रेणी का स्टेशन है। MEA (न्युनतम आवश्यक सुविधाये) के मापदण्ड के अनुसार प्रत्येक प्लेटफॉर्म पर न्युनतम 200 वर्गमीटर प्लेटफॉर्म शैड होना चाहिये, वर्तमान में नागौर स्टेशन के प्लेटफॉर्म न0 1 पर 823 वर्गमीटर एवम् प्लेटफॉर्म न02 पर 325 वर्गमीटर प्लेटफॉर्म शेड उपलब्ध है।<br>मारवाड़–मुण्डवा NSG-6 श्रेणी का स्टेशन है। MEA (न्युनतम आवश्यक सुविधायें) के मापदण्ड के अनुसार प्रत्येक प्लेटफॉर्म पर न्युनतम 50 वर्गमीटर प्लेटफॉर्म शैड होना चाहिये, वर्तमान में मारवाड़–मुण्डवा स्टेशन के प्लेटफॉर्म न.1 पर 112 वर्गमीटर प्लेटफॉर्म शैड उपलब्ध है।<br>डीडवाना NSG-5 श्रेणी का स्टेशन है। MEA (न्युनतम आवश्यक सुविधाये) के मापदण्ड के अनुसार प्रत्येक प्लेटफॉर्म पर 50 वर्गमीटर प्लेटफार्म शेड होना चाहिये, वर्तमान में डीडवाना स्टेशन के प्लेटफॉर्म न.1 पर 629 वर्गमीटर एवं प्लेटफॉर्म न. 2 पर 72 वर्गमीटर प्लेटफार्म शेड उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, डीडवाना स्टेशन पर 112 वर्गमीटर प्लेटफॉर्म शैड के विस्तार का कार्य 2021–22 में प्रस्तावित है।<br>कुचामन सिटी NSG-5 श्रेणी का स्टेशन है। MEA (न्यूनतम आवश्यक सुविधायें) के मापदण्ड के अनुसार प्रत्येक प्लेटफॉर्म पर न्युनतम 50 वर्गमीटर प्लेटफॉर्म शेड होना चाहिये, वर्तमान में कुचामन स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.1 पर 112 वर्गमीटर प्लेटफॉर्म शैड उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, कुचामन सिटी पर 224 वर्गमीटर प्लेटफॉर्म शेड के विस्तार का कार्य 2021–22 में प्रस्तावित है। |

| | |
|---|---|
| 1.4 | डीडवाना रेलवे स्टेशन के दोनों प्लेटफॉर्म पर कोच गाईडेन्स सिस्टम लगाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही की जावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>डीडवाना एनएसजी–5 श्रेणी का स्टेशन है। इन श्रेणी के स्टेशनों पर रेलवे बोर्ड द्वारा जारी यात्री सुविधा नीति अनुसार कोच इंडिकेशन बोर्ड लगाए जाने का प्रावधान नहीं है। वर्तमान में इस स्टेशन पर कोच गाईडेन्स सिस्टम लगाने का कोई कार्य स्वीकृत नहीं है। |
| 1.5 | डीडवाना रेलवे स्टेशन पर लम्बे समय से बन्द पड़ी पार्सल सेवा को पुनः शुरू किया जावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>इस संबंध में डीडवाना स्टेशन पर जॉच कराई गई तथा पाया कि पार्सल यातायात हेतु पुनः खोलना वाणिज्यिक दृष्टि से औचित्य पूर्ण नही है। |
| 2. | नवीन रेलवे लाईन के सम्बन्ध मेंः– |
| 2.1 | सामरिक व धार्मिक तथा पर्यटन की दृष्टि से फलौदी–नागौर–जायल–डीडवाना–कुचामन तक नवीन रेलवे लाईन की स्वीकृति के सम्बन्ध में।<br>**रिमार्क्सः–**<br>इस परियोजना में फलोदी–नागौर सेक्शन (147.80 km) की सर्वे कराकर रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को दिनांक 08.01.2019 को भेज दी गई थी जिसका रेलवे बोर्ड से जवाब आना बाकी है। |
| 2.2 | बहुप्रतिक्षित मेड़ता–पुष्कर रेलवे लाईन परियोजना को मूर्तरूप देने के सम्बन्ध में।<br>**रिमार्क्सः–**<br>यह परियोजना 2013–14 में स्वीकृत हुई थी। इस परियोजना का रेलवे बोर्ड ने दिनांक 24.09.2019 के पत्र द्वारा स्थगित कर दिया है। |
| 2.3 | पीपाड़–भोपालगढ़–आसोप–संखवास–मुण्डवा तक नवीन रेलवे लाईन की स्वीकृति के सम्बन्ध में।<br>(उक्त में से किसी परियोजना का सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है तथा गैर–अर्थक्षम होने के कारण यदि परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया गया है तो जनहित में पुनः परियोजना को आगे बढ़ाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जावे।)<br>**रिमार्क्सः–**<br>उपरोक्त परियोजना का सर्वे कराकर रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को दिनांक 29.03.2019 को भेज दी गई थी। रेलवे बोर्ड ने दिनांक 29.04.2019 के पत्र द्वारा इस परियोजना को shelve कर दिया है। |
| 3. | ट्रेनों के ठहराव में–<br>जोधपुर–बठिण्डा पैसेंजर ट्रेन सं. 14721/14722 का सांसद आदर्श ग्राम योजना में चयनित ग्राम पंचायत खजवाना के रेलवे स्टेशन पर ठहराव पुनः प्रारंभ किया जाए चूंकि उक्त ट्रेन का ठहराव नियमित रूप से कोरोना काल से पूर्व यहाँ होता था।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में खजवाना स्टेशन पर कुल 02 गाड़ियों का ठहराव दिया गया हैं। उक्त गाड़ी को एक्सप्रेस सेवा के रूप में परिवर्तित किया गया है। इसके अतिरक्त गाड़ी सं0 14721/22 का ठहराव स्टेशन मारवाड मूंडवा पर है जिसकी दूरी केवल 16 किमी हैं। यात्री मारवाड मूंडवा स्टेशन से इस सुविधा का लाभ उठा सकते है। इसके अतिरिक्त खजवाना स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाडी औसत यात्रीभार 08 एवं आय 462 रूपये है। जो रेलवे बोर्ड के ठहराव मानकों से कम है। अतः गाडी संख्या 14721/14722 का खजवाना स्टेशन पर ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। |

| | |
|---|---|
| 4. | रेलवे फाटकों को पुनः खोलने के संबंध में– |
| 4.1 | डेगाना–रतनगढ़ रेलवे लाईन में सरहद ग्राम नुन्द की राजस्व सीमा में बंद की गयी रेलवे फाटक सं. सी–118 को जनहित में पुनः शुरू किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जोधपुर मंडल के रतनगढ–डेगाना खंड पर कि.मी. 470/0–1 पर स्थित समपार सं. सी–118 के स्थान पर जिला कलेक्टर नागौर से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र क्रमाक न्याय/रेलवे/क्रोसिंग/2017/6116 दिनांक 12.09.2017 के आधार पर कि.मी. 475/0–1 पर 2x4x4.50 मीटर सबवे का निर्माण करने के पश्चात उक्त समपार फाटक को मई 2019 में बंद कर दिया गया है। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी नीतिगत नियमों के अनुसार सुरक्षा एवं संरक्षा की दृष्टि से उक्त समपार को पुनः खोला जाना संभव नहीं है। |
| 4.2 | नागौर जिले के ग्राम खजवाना से ढ़ाढ़रिया खुर्द मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक सं. सी–94 को यथावत रखते हुए पुनः शुरू किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जोधपुर मंडल के बीकानेर–मेडता खंड पर मारवाड छापरी–खजवाना के मध्य कि.मी. 612/6–7 पर स्थित समपार सं. 94 के स्थान पर जिला कलेक्टर नागौर से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र के अनुसार सबवे का निर्माण करने के पश्चात उक्त समपार फाटक को नवम्बर 2021 में बंद कर दिया गया है। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी नीतिगत नियमों के अनुसार सुरक्षा एवं संरक्षा की दृष्टि से उक्त समपार को पुनः खोला जाना संभव नहीं है। |
| 5. | रेलवे फाटकों पर जनहित में आरओबी बनाने के सम्बन्ध में– |
| 5.1 | मेड़ता सिटी से मुंडवा मार्ग पर (एसएच–39) मेड़ता रोड़ में स्थित रेलवे फाटक संख्या 101<br>**रिमार्क्सः–**<br>मेडता सिटी से मुण्डवा मार्ग पर समपार फाटक सं. 101 जोधपुर मंडल के मेडता–जोधपुर खंड पर मेडता यार्ड में कि.मी. 521/8–9 पर स्थित है। माह मार्च 2020 की गणना के अनुसार उक्त समपार का टीवीयू 116814 है। रेलवे नियमानुसार उक्त समपार के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी का निर्माण किया जा सकता है। इस संबंध में इस कार्यालय के पत्र सं. एचक्यू/डब्ल्यू/420/1/1 (एटीवीयू) दिनांक 08.07.2021 के द्वारा राजस्थान राज्य सरकार को उक्त समपार फाटक के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी के निर्माण हेतु प्रस्ताव भिजवाने हेतु लिखा गया है। राज्य सरकार से प्रस्ताव प्राप्त होने पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। राज्य सरकार से इस संबंध में अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। |
| 5.2 | मुण्डवा से खजवाना मार्ग पर (एसएच–39) स्थित रेलवे फाटक संख्या सी 80<br>**रिमार्क्सः–**<br>जोधपुर मंडल के बीकानेर–मेड़ता खण्ड में नागौर जिले के मुण्डवा–खजवाना उपखण्ड पर समपार सं. 80 कि.मी. 596/9–10 का माह मई 2019 की गणना के अनुसार टीवीयू 38809 है। रेलवे नियमानुसार यदि किसी समपार फाटक का टीवीयू एक लाख से कम है तो उस समपार फाटक के स्थान पर आरओबी का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त समपार फाटक के स्थान पर आरओबी के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर संयुक्त फिजिबिलिटी के अधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |

| | |
|---|---|
| 5.3 | नागौर से जयपुर मार्ग पर (एसएच–90) पर स्थित रेलवे फाटक संख्या 97 (बड़ी खाटू से छोटी खाटू के मध्य)<br>**रिमार्क्सः–**<br>जोधपुर मंडल के रतनगढ–डेगाना खण्ड पर नागौर से जयपुर मार्ग पर समपार सं. 97 कि. मी. 448/4–5 का माह अगस्त 2019 की गणना के अनुसार टीवीयू 45244 है। रेलवे नियमानुसार यदि किसी समपार फाटक का टीवीयू एक लाख से कम है तो उस समपार फाटक के स्थान पर आरओबी का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त समपार फाटक के स्थान पर आरओबी के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर संयुक्त फिजिबिलिटी के अधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |
| 6. | NEW Trains Demand, Extension of Trains, Increase the Frequency of Trains, stoppage of Trains and Revise of Train timing. |
| 6.1 | जोधपुर से गोरखपुर नई ट्रेन वाया मेड़ता रोड़ डेगाना छोटी खाटू डीडवाना लाडनूं सुजानगढ़ via रतनगढ़।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में गाडी सं. 15623/15624 भगत की कोठी– कामाख्या जो वाया लखनउ संचालित की जा रही है उपलब्ध है एवं यात्री लखनउ से गोरखपुर की यात्रा अन्य गाडी से कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि नयी गाडियां चलाये जाने हेतु कोचिंग स्टॉक, पाथ, लोको, मार्गस्थ रेलों की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति भी आवश्यक है। इस गाड़ी को आगामी अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक में प्रस्तावित किया जायेगा। |
| 6.2 | श्रीगंगानगर/हिसार से रामेश्वरम/बैंगलोर/चैन्नई/तिरूपति/हुबली वाया सादुलपुर–चूरू रतनगढ़–सुजानगढ़–लाडनूं–डीडवाना–छोटीखाटू–डेगाना–मेड़तारोड–जोधपुर–समदड़ी होकर चलायी जाये वर्तमान में सुजानगढ़–लाडनूं–डीडवाना–छोटी खाटू से दक्षिण भारत के लिए कोई सीधी ट्रेन सेवा नहीं हैं।<br>**रिमार्क्सः–**<br>हिसार से रामेश्वरम नयी गाडी हेतु प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2017 एवं 2018 में भेजे गये थे जिन पर सहमति नहीं बन सकी। |
| 6.3 | ट्रेन संख्या 15657/15658 (old no. 15955/15956) ब्रह्मपुत्र मेल का विस्तार जोधपुर/बाड़मेर तक वाया सम्बंधित जोन को भेजे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 15955/56 डिब्रूगढ़–दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल NF Rly. के स्वामित्व की गाड़ी है। इस गाड़ी का दिल्ली स्टेशन पर द्वितीय अनुरक्षण किया जाता है। इस गाड़ी के दिल्ली–जोधपुर के मध्य संभावित पाथ पर गाड़ी सं. 22421/22 दिल्ली सराय रोहिल्ला–जोधपुर–सालासर एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है। बाड़मेर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधाओं के कारण प्रतिदिन द्वितीय अनुरक्षण हेतु स्लॉट उपलब्ध नहीं है। |
| 6.4 | बीकानेर–रतनगढ़–लाडनूं–डेगाना–मेड़ता रोड–नागौर–बीकानेर सर्कुलर नई ट्रेन चलायी जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे के मंडलो पर विद्युतीकरण का कार्य चल रहा है तथा आगामी 02 वर्ष में पूर्ण होने की संभावना है। साधारणतया सर्कुलर गाड़ी डेमू/ मेमू रेको से संचालित की जाती है। नई डेमू रेको की आपूर्ती रेलवे बोर्ड द्वारा उपरे को नहीं की जा रही है, भविष्य हेतु मेमू रेक की मांग एवं अनुरक्षण हेतु कार शैड की स्थापना विचाराधीन है अतः |

| | |
|---|---|
| | वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सर्कुलर गाड़ी चलाये जाना संभव नहीं है। |
| 6.5 | बीकानेर से मुंबई/बांद्रा वाया रतनगढ़–चूरू–सीकर–जयपुर–सवाईमाधोपुर–कोटा होकर तक नई ट्रेन।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में बीकानेर–मुंबई के मध्य 01 जोड़ी गाड़ी प्रतिदिन, 02 जोड़ी गाड़ी द्विसाप्ताहिक एवं 04 जोड़ी गाड़ी साप्ताहिक चलाई जा रही है।<br>बीकानेर से मुम्बई/बांद्रा टी वाया रतनगढ़, चूरू, जयपुर, सवाई माधोपुर नयी गाड़ी चलाये जाने हेतु अतिरिक्त रेक/लोको के साथ मार्गस्थ रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। |
| 6.6 | ट्रेन संख्या 15623/15624 कामख्या भगत की कोठी को सप्ताह में कम से कम तीन दिन चलाने हेतु प्रस्ताव भिजवाना।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 15623/24 भगत की कोठी–कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस उत्तरी सीमान्त रेलवे के स्वामित्व की गाडी है। इसके फेरों मे वृद्धी किये जाने हेतु मार्गस्थ रेलों पर पाथ की अनुपलब्धता मुख्य बाधा है। रेवाड़ी – दिल्ली खण्ड उत्तर रेलवे का अतिव्यस्त खण्ड है जिसकी लाईन क्षमता का उपयोग 100 प्रतिशत से भी अधिक हो रहा है। |
| 6.7 | ट्रेन संख्या 22915/22916 हिसार बांद्रा ट्रेन संख्या 19027/19028 जम्मूतवी बांद्रा जो अभी साप्ताहिक ट्रेन है उनको सप्ताह में कम से कम तीन दिन चलाने हेतु प्रस्ताव भिजवाना।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 22915/16 बांद्रा टी–हिसार साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं 19027/28 बांद्रा टी–जम्मूतवी साप्ताहिक एक्सप्रेस पश्चिम रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी हैं। इनके फेरों मे वृद्धी किये जाने हेतु पाथ की अनुपलब्धता मुख्य बाधा है। उक्त गाड़ियों के पाथ पर दूसरी अन्य गाड़ियाँ पालनपुर–मुंबई के मध्य संचालित की जा रही है जिससे इनके फेरे बढाये जाना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। इस हेतु प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2018, 2019 एवं 2020 में भेजे गये थे जिन पर सहमति नहीं बन सकी। |
| 6.8 | ट्रेन संख्या 14645/14646 व 14661/14662 शालीमार एक्सप्रेस का ठहराव कुचामन सिटी दिया जाये व ट्रेन संख्या 22674/22673 मनारगुड़ी–जोधपुर व जोधपुर–पुरी ट्रेन संख्या 20814/20813 का ठहराव भी कुचामन सिटी पर दिया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में कुचामन सिटी स्टेशन पर कुल 30 गाड़ियों का ठहराव दिया गया हैं। गाड़ी संख्या 14645/14646 जम्मूतवी – जैसलमेर एक्सप्रेस व 14661/14662 जम्मूतवी – बाड़मेर एक्सप्रेस शालीमार एक्सप्रेस का कुचामन सिटी स्टेशन पर ठहराव हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा हुआ है।<br>गाड़ी सं0 20814/13 का ठहराव मकराना स्टेशन पर है जो कि कुचामन सिटी स्टेशन से मात्र 14 किमी की दूरी पर हैं। यात्री मकराना स्टेशन से इस सुविधा का लाभ उठा सकते है।<br>कुचामन सिटी स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमश 39 व 9557 है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति में निर्धारित मानकों से कम है। अतः 22674/22673 एवं 20814/20813 गाड़ियों के ठहराव हेतु वाणिज्यिक औचित्य नहीं बनता है। |
| 6.9 | ट्रेन संख्या 22421/22422 व 22481/22482 का ठहराव ताल छापर पर दिया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>तालछापर स्टेशन पर वर्तमान मे 6 जोड़ी गाड़ियों का ठहराव हैं।<br>ताल छापर स्टेशन से सुजानगढ़ स्टेशन मात्र 13 किमी की दूरी पर स्थित है। सुजानगढ़ |

| | |
|---|---|
| | स्टेशन पर गाड़ी सं0 22421 / 22 एवं 22481 / 82 का ठहराव हैं। यात्री सुजानगढ स्टेशन से इस सुविधा का लाभ उठा सकते है।<br>ताल छापर पर प्रतिदिन प्रतिगाडी औसत यात्रीभार 10 एवं आय 504 रूपये है। पूर्व में गाडी सं. 22421 व 22422 जोधपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला–जोधपुर एक्सप्रेस के तालछापर स्टेशन पर आरक्षित व अनारक्षित यात्री भार क्रमशः 02 एवं 10 तथा 02 एवं 50 रहा हैं। उपरोक्तानुसार यात्रीभार रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति में निर्धारित मानकों से कम है। अतः गाडी सं. 22481 / 82 जोधपुर–दिल्ली स. रोहिल्ला ठहराव दिया जाना औचित्यपूर्ण नहीं हैं। |
| 6.10 | 22915 / 22916 बांद्रा हिसार ट्रेन का छोटी खाटू पर ठहराव दिया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>छोटी खाटू स्टेशन पर वर्तमान में 07 जोडी एक्सप्रेस एवं 01 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है। छोटी खाटू स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमश 22 व 2400 है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति में निर्धारित मानकों से कम है अतः गाड़ी संख्या 22915 / 16 बान्द्रा टी – हिसार एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाना औचित्यपूर्ण नहीं हैं। |
| 6.11 | ट्रेन संख्या 22421 / 22422 व ट्रेन सं. 22481 / 22482 जोधपुर दिल्ली में से किसी एक ट्रेन का ठहराव खाटू, खुनखुना, पड़िहारा में दिया जाये जिससे इन क्षेत्रों के लोगों को भी दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन सेवा उपलब्ध हो सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>खाटू से छोटी खाटू मात्र 6 किमी की दूरी पर स्थित हैं। खुलनखुना से डीडवाना मात्र 16 किमी की दूरी पर स्थित है एवं पडिहारा से रतनगढ़ स्टेशन मात्र 20 किमी की दूरी पर स्थित हैं जहां गाड़ी सं0 22421 / 22 एवं 22481 / 82 का ठहराव हैं।<br>खाटू स्टेशन पर वर्तमान में 01 जोडी एक्सप्रेस एवं 02 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है। खुनखुना स्टेशन पर वर्तमान में 01 जोडी एक्सप्रेस एवं 02 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है। पडिहारा स्टेशन पर वर्तमान में 01 जोडी एक्सप्रेस एवं 02 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है।<br>गाडी सं. 22421 / 22422 जोधपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस हेतु आरक्षित व अनारक्षित यात्री भार क्रमशः तालछापर पर 02 व 10 एवं 02 व 50, पड़िहारा पर 02 व 08 एवं 01 व 10 हैं इसी प्रकार गाडी सं. 22481 / 22482 जोधपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस हेतु आरक्षित व अनारक्षित यात्री भार क्रमशः खुनखुना पर 03 व 07 एवं 03 व 28, खाटू पर 04 व 20 एवं 05 व 20 हैं।<br>खुनखुना स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमशः 13 व 503 है, खाटू स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमशः 18 व 658 है, पड़िहारा स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमशः 16 व 628 है, तालछापर स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमशः 10 व 504 है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति में निर्धारित मानकों से कम है अतः ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण नही हैं। |
| 6.12 | ट्रेन संख्या 12323 / 12324 बाड़मेर–हावड़ा ट्रेन का ठहराव Bi weekly से सप्ताह में कम से कम चार दिन किया जाये क्योंकि इस ट्रेन में इस रूट में सभी स्टेशनों पर पर्याप्त यात्री भार उपलब्ध है व दोनों साइड में इस ट्रेन में एक से दो घंटा ट्रेवल टाइम कम किया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 12323 / 24 हावड़ा–बाड़मेर–एक्सप्रेस (द्वि–साप्ताहिक) पूर्वी रेलवे के स्वामित्व की सेवा है। उक्त गाड़ी उत्तर पश्चिम रेलवे के अलावा उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, पूर्वी मध्य रेलवे से होकर संचलित होती है। डेगाना से जोधपुर तक के दोहरीकरण पश्चात |

| | |
|---|---|
| | आगामी समय सारणी में इसे स्पीडअप किया जाना संभव हो सकेगा। |
| 6.13 | फुलेरा से डेगाना के मध्य कुचामन सिटी मकराना नावां इन स्टेशनों से बॉम्बे के लिए कोई सीधी ट्रेन सेवा नहीं है अतः जयपुर या जोधपुर की कोई ट्रेन विस्तार या चंडीगढ़ से रींगस फुलेरा कुचामनसिटी डेगाना जोधपुर के रास्ते बांद्रा हेतु ट्रेन सेवा शुरू की जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जयपुर या जोधपुर स्टेशन पर समाप्त होने वाली एवम् पश्चिम रेलवे द्वारा चलाई जाने वाली गाड़ियों में लाई ओवर बहुत ही कम होने के कारण विस्तार संभव नहीं है। वर्तमान में चण्डीगढ़ से बान्द्रा के मध्य गाड़ी संख्या 22451/52 द्वि–साप्ताहिक संचलित है तथा गाडी सं. 12215/16 दिल्ली स. रोहिल्ला–बांद्रा टी गरीबरथ सप्ताह में चार दिन एवं गाडी सं. 14701/02 अरावली एक्सप्रेस फुलेरा होते हुए संचालित है। कुचामन और नांवा सिटी के यात्री फुलेरा से उक्त सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त मार्ग परिवर्तन के साथ नई गाड़ी चलाये जाने हेतु उत्तर एवं पश्चिम रेलवे की सहमति तथा रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यकता होगी। |

| | **4. श्रीमती जसकौर मीना** |
|---|---|
| 1 | जयपुर–बांदीकुई रेलमार्ग पर कोल्वाग्राम स्टेशन को अपग्रेड किया जाकर पूर्ववत क्रॉसिंग स्टेशन किया जावे। उक्त प्रकरण 2011 से प्रभावित होकर चल रहा है। इस स्टेशन को बिना सोचे फ्लैग स्टेशन बना दिया जबकि इस स्टेशन का उपयोग 23 ग्रामों की जनता करती है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>कोलवाग्राम स्टेशन आमान परिवर्तन से पूर्व बी क्लास स्टेशन था आमान परिवर्तन एवं दोहरीकरण के दौरान इस स्टेशन को परिचालनिक आवश्यकताओ के मद्देनजर फ्लेग स्टेशन में परिवर्तित कर दिया गया था।<br>वर्तमान में इस स्टेशन पर कुल 06 गाड़ियों का ठहराव है तथा कोलवाग्राम स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी औसत यात्री भार 30 एवं आय 1,038 रूपये है। बडी लाइन की गाडियो के संचालन उपरान्त गाडियों की गति बढने के कारण कम दूरियों पर बी क्लास स्टेशन औचित्यपूर्ण नहीं हैं अतः इसे पुनः अपग्रेड किया जाना परिचालनिक द्ष्टि से औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 2 | दौसा स्टेशन को आदर्श स्टेशन का दर्जा वर्ष 2008 में मिलने के बावजूद भी यात्रियों को उसका कोई लाभ नहीं मिला है। आदर्श का दर्जा मिलने के बाद से दौसा में एक भी लंबी दूरी की ट्रेनों का ठहराव नहीं हुआ है। जो यात्रियों को बहुत अखरता है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>दौसा स्टेशन पर वर्तमान में 28 जोडी मेल/एक्सप्रेस तथा 01 जोडी पैसेंजर गाडी का ठहराव है। इनमें से लम्बी दूरी की अधिकांश गाड़ियों का दौसा स्टेशन पर ठहराव है। जिसमें से 12 जोडी दैनिक, 04 जोडी साप्ताहिक, 03 जोडी द्वि–साप्ताहिक, 08 जोडी त्रि–साप्ताहिक एवं 02 जोडी सप्ताह में चार दिन संचालित होती हैं। उल्लेखनीय है कि दौसा स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमशः 175 व 10,034/– रू है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति में निर्धारित मानकों से कम है। |
| 3 | गांधी तिराहे दौसा के पास रेल फुट ओवरब्रिज बनाने के लिए प्रयास केन्द्र सरकार के माध्यम से सफल हुए हैं फिर राज्य सरकार एवं राज्य सरकार के मंत्री किस अधिकार से श्रेय अपने नाम लेना चाहते हैं।<br>**रिमार्क्सः–**<br>दौसा स्टेशन पर वर्तमान में 2 एफओबी है। दौसा स्टेशन के बांदीकुई छोर पर स्थित एफओबी (सीढी सहित) का निर्माण वर्ष 2010 में हुआ तथा दौसा स्टेशन के जयपुर छोर पर स्थित एफओबी (रैम्प सहित) का निर्माण वर्ष 2019 में हुआ था।<br>इस संदर्भ में आयुक्त नगर परिषद दौसा का पत्र हाल ही में प्राप्त हुआ है जिस पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |
| 4 | जयपुर–आगरा राजमार्ग से सांभरिया रोड़ जीतावाला स्थित रेलवे फाटक पर एलसी 206 आरओबी निर्माण के चलते करीब पांच वर्ष से आवागमन बन्द है जिसके चलते करीब दर्जनों गॉवों के लोगों को 2 किमी की दूरी तय करने के लिए 7–8 किमी का चक्कर लगाना पड़ता है। उक्त फाटक को शीघ्र खुलवाया जावे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जयपुर मंडल के रेवाडी–जयपुर खण्ड पर स्थित समपार संख्या 206 कि.मी. 216/3–4 के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर है जिसको कि जून 2022 तक पूरा कर लिया जायेगा। जिला कलेक्टर से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर उक्त समपार फाटक को बन्द किया गया है। रेलवे के नीतिगत नियमों के |

| | |
|---|---|
| | अनुसार सुरक्षा एवं संरक्षा की दृष्टि से उक्त समपार को पुनः खोला जाना संभव नहीं है। |
| 5 | बांदीकुई रेलवे स्टेशन पर गाड़ी सं. 22987/88 के ठहराव को 6 माह की स्वीकृति दी गई थी, किन्तु कोविड–19 के कारण रेल सेवा बाधित रही। अब आप इस गाड़ी का स्थाई ठहराव शीघ्र स्वीकृत करने की कृपा करें। |
| 6 | दौसा स्टेशन पर डबल डेकर गाड़ी का ठहराव अत्यन्त आवश्यक हैं। |

| | **5. श्री निहाल चन्द** |
|---|---|
| 1 | गाड़ी संख्या 04702 लालगढ़–अबोहर का श्रीगंगानगर तक विस्तार संभव है। यह गाड़ी अबोहर में शाम 07:10 बजे आगमन कर 35 मिनट बाद इसी रैक के साथ गाड़ी संख्या 14700 अबोहर–जोधपुर के रूप में रवाना हो रही है। इससे पहले बठिण्डा में भी गाड़ी संख्या 04702 शाम 4:45 बजे आगमन कर 45 मिनट तक ठहराव कर रही हैं। इसी क्रम में गाड़ी सख्या 14722 के समय में थोड़ा परिवर्तन करके श्रीगंगानगर से रवाना किया जाये। वर्तमान में शाम 04:30 बजे से रात्रि 10:35 बजे तक श्रीगंगानगर से बठिण्डा मार्ग पर कोई भी यात्री ट्रेन नहीं है। दोनों के समय में थोडा–थोड़ा बदलाव करके इसे श्रीगंगानगर तक विस्तारित किया जा सकता है। इससे दैनिक यात्रियों को सुविधा मिल सकती है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सुझावित गाडी के श्रीगंगानगर तक विस्तार हेतु उत्तर रेलवे द्वारा परिचालनिक साध्यता के उपरान्त ही प्रभावी कार्यवाही संभव है। इस गाडी की समय सारणी में परिवर्तन कर श्रीगंगानगर तक चलाये जाने हेतु आपका सुझाव उत्तर रेलवे को भेजा गया है। |
| 2 | श्रीगंगानगर से अमृतसर के लिये कोई भी यात्री गाड़ी न होना बड़े अचरज की बात है। वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से जयपुर–अमृतसर वाया श्रीगंगानगर ट्रेन का प्रस्ताव भी भेजा गया था, यह बात बिल्कुल सही है, लेकिन फिरोजपुर मण्डल व अम्बाला मण्डल की 25 नवम्बर को चंडीगढ़ में हुई मीटिंग में उत्तर रेलवे की ओर से जवाब मिला कि उत्तर पश्चिम रेलवे ने कोई प्रस्ताव नहीं भेजा। रेलवे के एक जोन ने दूसरे जोन को झूठा साबित करने का प्रयास किया है। इस बारे में हमने उत्तर रेलवे को उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रस्ताव की प्रति भेजकर पुनः अवगत करवाया था। इसकी वर्तमान स्थिति／प्रगति क्या है?<br>**रिमार्क्सः–**<br>जयपुर से अमृतसर वाया सीकर, लोहारू, सादुलपुर, हनुमानगढ, मंडी डबवाली, बठिण्डा होकर प्रस्ताव उत्तर रेलवे को भेजा गया था जिस पर उत्तर रेलवे द्वारा अभी तक किसी प्रकार की सहमति नहीं दी गई है। इस पुनः उत्तर रेलवे को पत्र लिखा गया है। |
| 3 | गाड़ी संख्या 14701／02 श्रीगंगानगर–बांद्रा टर्मिनस–श्रीगंगानगर का प्राथमिक अनुरक्षण यदि श्रीगंगानगर के स्थान पर बठिण्डा में किया जाता है तो बठिण्डा, गिदड़बाहा, मलोट से खाटू श्यामजी, सालासर, गोगामेड़ी जाने वाले श्रद्धालुओं को सीधी रात्रिकालीन ट्रेन की सुविधा मिल सकती है। उत्तर रेलवे का अम्बाला मण्डल व उत्तर पश्चिम रेलवे का बीकानेर मण्डल इस पर मंथन करके रेल यात्रियों को बड़ी राहत प्रदान कर सकता है। बांद्रा टर्मिनस से प्रतिदिन प्रातः 4 बजे श्रीगंगानगर पहुंचने के 19 घण्टे बाद यह ट्रेन रात्रि 11 बजे पुनः बांद्रा टर्मिनस के लिये रवाना होती है। श्रीगंगानगर का यार्ड भी खाली हो सकेगा व किसी नई ट्रेन का श्रीगंगानगर में आगमन सम्भव हो पायेगा। इस बारे में हमारी ओर से उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र भी लिखा गया है, जिस पर कुछ मूवमेंट होने की जानकारी भी मिली है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 14701／02 श्रीगंगानगर–बांद्रा–श्रीगंगानगर का श्रीगंगानगर स्टेशन पर 18.45 घंटे लाई ओवर है जिसमें इस गाड़ी का प्राथमिक अनुरक्षण किया जाता है तथा यह गाड़ी अपने अधिकतम भार 24 कोच से संचालित की जाती है जबकि बठिण्डा स्टेशन पर स्थित वाशिंग लाइन की क्षमता केवल 17 कोच है। यदि उत्तर रेलवे द्वारा फिर भी उक्त गाड़ी के प्राथमिक अनुरक्षण किये जाने हेतु सहमति दी जाती है तो प्रस्ताव पर विचार किये जाना संभव हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि उपरे को अभी तक इस संबंध में उत्तर रेलवे से कोई सूचना नहीं मिली है। |

| | |
|---|---|
| 4 | गाड़ी संख्या 04762 सूरतगढ़–श्रीगंगानगर, गाड़ी संख्या 04768 श्रीगंगानगर–हनुमानगढ़ व गाड़ी संख्या 04776 हनुमानगढ़ जंक्शन–सादुलपुर जंक्शन एक ही रैक से संचालित होती है। यह एक प्रकार से सूरतगढ़ से सादुलपुर की सीधी ट्रेन होने के बावजूद सीधी ट्रेन नहीं है। इस ट्रेन को एक ही नम्बर से संचालित किया जाये तो रेल यात्रियों को सूरतगढ़ से सादुलपुर की सीधी रेल सेवा समझ आती है। अलग–अलग नम्बर के कारण यात्रियों में असमंजस रहता है। हनुमानगढ़ जंक्शन से ट्रेन को रवाना भी दोपहर 2 बजे से पूर्व किया जाये जिससे यात्री रेवाड़ी की ओर जाने वाली गाड़ी संख्या 02444 जोधपुर–दिल्ली सुपरफास्ट में सवार हो सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>उक्त तीनो सवारी गाडियो का एकीकरण सूरतगढ से सादुलपुर की ओर जाने में संभव है लेकिन वापसी में इनका एकीकरण किये जाने से हनुमानगढ–श्रीगंगानगर तथा श्रीगंगानगर –सूरतगढ के मध्य चलाई जाने वाली सवारी गाडियो का समय अनुकूल नहीं रहेगा। अतः सुझावानुसार गाडियों का एकीकरण किया जाना यात्रियों की सुविधा की दृष्टि से अनुकूल नहीं है। हनुमानगढ एवं सूरतगढ स्टेशन पर गाडियों की समय सारणी निम्नुानसार है–<br>गाड़ी संख्या 04762 सूरतगढ़ प्रस्थान 07.45 श्रीगंगानगर आगमन 11.05<br>गाड़ी संख्या 04768 श्रीगंगानगर प्रस्थान 11.25 हनुमानगढ़ आगमन 13.05<br>गाड़ी संख्या 04776 हनुमानगढ़ प्रस्थान 14.00 सादुलपुर आगमन 18.00<br>**वापसी में**<br>गाडी सं. 04775 सादुलपुर प्रस्थान 19.15 हनुमानगढ आगमन 23.30<br>गाड़ी सं. 04769 हनुमानगढ़ प्रस्थान 07.15 गंगानगर आगमन 08.50<br>गाड़ी सं. 04759 श्रीगंगानगर प्रस्थान 09.00 सूरतगढ आगमन 12.05 |
| 5 | पूर्व में जैसलमेर–श्रीगंगानगर–जैसलमेर प्रतिदिन ट्रेन का प्रस्ताव दिया गया था, इस पर बीकानेर मण्डल की ओर से अभी तक प्रस्ताव आगे नहीं भेजा गया। इसके लिये किसी अतिरिक्त अनुरक्षण की आवश्यकता नहीं है। मात्र एक अतिरिक्त रेक से श्रीगंगानगर सहित सीमावर्ती पंजाब के नागरिकों को रूणेचा धाम की यात्रा की सुविधा मिल सकती है। यह गाड़ी लालगढ़–जैसलमेर, जैसलमेर–जयपुर के साथ रेक लिंक में चलाई जा सकती है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाडी सं. 14704 / 03 लालगढ–जैसलमेर, गाडी सं. 12467 / 68 जैसलमेर–जयपुर लीलण एक्सप्रेस वर्तमान में 03 रेक से संचालित हैं।<br>वर्तमान में जैसलमेर में ट्रेनों के अनुरक्षण की कोई सुविधा उपलबध नहीं है एवं श्रीगंगानगर में सीमित अनुरक्षण सुविधाओं को देखते हुए वर्तमान में इस ट्रेन का संचालन संभव नहीं है। |
| 6 | श्रीगंगानगर–नांदेड–श्रीगंगानगर गाड़ी संख्या 12485 / 86 व इसी के रेक लिंक वाली 12440 / 39 का रेक बुधवार व गुरूवार को श्रीगंगानगर में फ्री हैं, पहले यह श्रीगंगानगर–जम्मूतवी–श्रीगंगानगर साप्ताहिक में प्रयोग होता था जिसे स्थाई रूप से बंद कर दिया गया है। इस रेक को साप्ताहिक के रूप में श्रीगंगानगर से वाया बठिण्डा–सिरसा–हिसार–रेवाड़ी–अलवर–मथुरा या आगरा कैंट तक ट्रेन चलाई जा सकती है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाडी सं. 12485 / 86 श्रीगंगानगर–नांदेड द्विसाप्ताहिक के लाई ओवर से श्रीगंगानगर–आगराकैंट नयी गाडी चलाये जाने हेतु उत्तर मध्य रेलवे द्वारा परिचालनिक साध्यता की जांच के पश्चात उपयुक्त कार्यवाही किये जाना संभव हो सकेगा। इस गाड़ी को आगामी अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक में प्रस्तावित किया जायेगा। |

| | |
|---|---|
| 7 | अनूपगढ़ से दिल्ली की ट्रेन सुविधा देने की माँग वर्षों से चल रही है। इसके लिये उत्तर रेलवे के अधिकार क्षेत्र की गाड़ी संख्या 12085/86 तिलकब्रिज–सिरसा–तिलकब्रिज का सिरसा के बाद वाया बठिण्डा, हनुमानगढ़, सूरतगढ़, अनूपगढ़ तक विस्तार की मांग पहले भी की जा चुकी है, लेकिन बात जहाँ से शुरू हुई थी आज भी वहीं खड़ी है। उत्तर पश्चिम रेलवे के अधिकारी इस सम्बंध में उत्तर रेलवे के अधिकारियों से बात करके अनूपगढ़ की जनता को राहत प्रदान कर सकते हैं। यहाँ यह भी जरूरी है कि अनूपगढ़ रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म छोटा है, जिसका विस्तार कर आधारभूत ढ़ांचा मजबूत किया जाना चाहिये तथा ट्रेनों में पानी भरने की सुविधा दी जानी चाहिए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 14085/86 तिलकब्रिज–सिरसा एक्सप्रेस का सिरसा स्टेशन पर लाई ओवर 02.50 घण्टे ही है जिसमे इस गाड़ी का विस्तार अनूपगढ़ तक किया जाना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। यह गाडी उत्तर रेलवे के स्वामित्व की है जिसका प्राथमिक अनुरक्षण हजरत निजामुद्धीन स्टेशन पर किया जाता है एवं 01 रेक से संचालित है। अनूपगढ़ स्टेशन पर किसी प्रकार की अनुरक्षण एवं टर्मिनल सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। इसके अनूपगढ तक विस्तार हेतु टर्मिनल सुविधाओं का विस्तार, अतिरिक्त रेक एवं उत्तर रेलवे पर अतिरिक्त अनुरक्षण स्लाट की आवश्यकता होगी, इस हेतु उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है।<br>वर्तमान में अनूपगढ़ स्टेशन के प्लेटफॉर्म की लम्बाई 295 मीटर है जो कि वर्तमान में ठहराव वाली गाड़ियाँ जो कि अधिकतम 12 एलएचबी अथवा 13 आईसीएफ कोच से संचालित होती है उस हेतु पर्याप्त है। इसके अतिरिक्त अनूपगढ़ में प्लेटफॉम विस्तार का कार्य 2022–23 में प्रस्तावित किया जायेगा। इस रूट पर चलने वाली गाड़ियों में पानी भरने की सुवधि सूरतगढ़ में उपलब्ध है जिसका उपयोग वर्तमान में किया जा रहा है जोकि पर्याप्त है। |
| 8 | हनुमानगढ़ में वाशिंग लाईन की मांग काफी समय से लंबित है, साथ ही मांग यह भी है कि सूरतगढ़ की वर्तमान 14 कोच की वाशिंग लाईन को डवलप करने का प्रस्ताव भिजवाया जाये, जिससे श्रीगंगानगर–तिलकब्रिज–श्रीगंगानगर गाड़ी संख्या 14727/28 को वाया श्रीकरणपुर–रायसिंहनगर–सूरतगढ़ तक विस्तारित कर इस ट्रेन सहित अन्य ट्रेनों का प्राथमिक अनुरक्षण सूरतगढ़ में किया जा सके। यह बहुत ही कम बजट में सम्मन्न होने वाला कार्य है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ियों के मेंटिनेंस के लिए एक केन्द्रीयकृत ''कोच केयर कॉम्प्लेक्स'' की आवश्यकता होती है जिसके अन्तर्गत वाशिंग लाईन व अन्य आधारभूत संरचनाएं विकसित की जाती हैं। वर्तमान में हनुमानगढ के पास श्रीगंगानगर एवं बठिण्डा स्टेशनों पर वॉशिंग लाईन की सुविधाएं उपलब्ध हैं। अतः हनुमानगढ स्टेशन पर नई वाशिंग लाईन बनाये जाने का परिचालनिक औचित्य नहीं है। |
| 9 | गाड़ी संख्या 14727/28 श्रीगंगानगर–तिलकब्रिज–श्रीगंगानगर का तिलकब्रिज के स्थान पर दिल्ली या नई दिल्ली टर्मिनल किया जाये। तिलकब्रिज में ट्रेन की साफ सफाई व पानी न भरे जाने की बहुत शिकायतें मिलती है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 14727/28 श्रीगंगानगर–तिलकब्रिज–श्रीगंगानगर का तिलकब्रिज के स्थान पर दिल्ली या नई दिल्ली टर्मिनल किया जाना उत्तर रेलवे के क्षेत्राधिकार का विषय है। उल्लेखनीय है कि यह गाडी वाया नई दिल्ली होते हुए संचालित है। इसके अतिरिक्त साफ–सफाई व पानी की समस्या दूर करने के लिए उत्तर रेलवे को पत्र लिखा गया है। |

| | |
|---|---|
| 10 | जैतसर में ट्रैफिक जाम को ध्यान में रखते हुए ओवर ब्रिज या अंडर ब्रिज बनवाया जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>हनुमानगढ (कैनाल लूप लाईन) खण्ड पर जैतसर रेलवे स्टेशन (कि.मी. 25.344) के निकट समपार सं. 24 कि.मी. 25/5—6 का माह अगस्त 2021 की गणना के अनुसार टीवीयू 73584 है, जो कि एक लाख से कम है। अतः इस समपार फाटक के स्थान पर आरओबी का निर्माण डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा उक्त समपार फाटक के स्थान पर आरओबी के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर आधार पर अर्थात कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्तावा प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजीबिलीटि के आधार पर शीध्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उक्त समपार के स्थान पर आरयूबी का निर्माण का फिजीबल नही है। |
| 11 | गाड़ी संख्या 12085/86 तिलक ब्रिज—सिरसा—तिलक ब्रिज को सिरसा के बाद वाया बठिण्डा, हनुमानगढ़, सूरतगढद्व, अनूपगढ़ तक विस्तार किया जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>गाड़ी सं. 14085/86 तिलकब्रिज—सिरसा एक्सप्रेस का सिरसा स्ट्शन पर लाई ओवर 02.50 घण्टे ही है जिसमे इस गाड़ी का विस्तार अनूपगढ़ तक किया जाना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। यह गाडी उत्तर रेलवे के स्वामित्व की है जिसका प्राथमिक अनुरक्षण हजरत निजामुद्धीन स्टेशन पर किया जाता है एवं 01 रेक से संचालित है। अनूपगढ़ स्टेशन पर किसी प्रकार की अनुरक्षण एवं टर्मिनल सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। इसके अनूपगढ तक विस्तार हेतु टर्मिनल सुविधाओं का विस्तार, अतिरिक्त रेक एवं उत्तर रेलवे पर अतिरिक्त अनुरक्षण स्लाट की आवश्यकता होगी, इस हेतु उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। |
| 12 | वरिष्ठ नागरिकों को किरायों में पूर्व की भांति अरिक्ति लाभ दिया जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>यात्री भाडे में रियायत रेलवे बोर्ड के क्षेत्राधिकार में है। रेलवे बोर्ड द्वारा पत्र संख्या टीसी—II/2003/20/कोविड19 दिनांक 19.03.2020 अनुसार 04 श्रेणी दिव्यांगजन एवं 11 श्रेणी के पेसेन्ट के अतिरिक्त यात्री भाडे में सभी प्रकार की रियायते अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई हैं। |
| 13 | सूर्योदय नगरी में रह रहे सूरतगढ़ की लगभग आधी आबादी, जिसमें 15 से अधिक वार्ड सम्मिलित हैं इसके साथ ही कई गाँव व ढ़ाणियों को रास्ता निकलता है, इस नगरी की तरफ रेलवे बाउंड्रीवाल के साथ रेलवे अस्पताल की दीवार के साथ रेलवे के पास पर्याप्त स्थान है। इस स्थान को पूरी तरफ इस्तेमाल करते हुए पूर्व की ओर एक गेट प्रस्तावित है। द्वार के साथ ही पार्किंग के लिये भी पर्याप्त स्थान है। इसमें सड़क का टेंडर हो चुका है, टिकट खिड़की लगभग तैयार है, पार्किंग की अत्यंत आवश्यकता है, इसका निर्माण जरूरी है।<br>**रिमार्क्सः—**<br>सूर्योदय नगरी की ओर पार्किग हेतु ठेका करने हेतु निविदा आमंत्रित करना प्रक्रियाधीन है। प्रथम प्रवेश द्वारा की ओर पार्किग का ठेका पूर्व में भी किसी के द्वारा नही लिया गया है। इसके लिये भी पुनः निविदा आमंत्रित की जायेगी। |
| 14 | फाटक संख्या LC1 A हनुमानगढ़ बाईपास पर राधा स्वामी डेरे से लेकर संगम विहार कॉलोनी के पास से होकर स्टेशन तक कोई बाउंड्री वॉल नहीं है, जिसके अभाव में इस स्थान पर अतिक्रमण होने से बचाव हेतु बाउंड्री वॉल बनाना बहुत जरूरी है। इसी के साथ—साथ राठी विद्यालय का खेल मैदान भी है और बाउंड्री वाल नहीं होने की दशा में यहाँ, किसी अप्रिय दुर्घटना का भी अंदेशा रहता है।<br>**रिमार्क्सः—**<br>बाउन्ड्रीवाल का निर्माण कार्य फिजिबिलिटी जांच कर प्रस्तावित किया जाना प्रक्रियाधीन है। |

| | **6. श्री राजेन्द्र गहलोत** |
|---|---|
| 1 | मेड़ता–पुष्कर रेल लाईन का सर्वे कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए। |
| 2 | जोधपुर में भगत की कोठी के पास स्थित रेलवे स्टेडियम में वर्तमान में कन्टेनर रखने हेतु डिपो बनाया गया है, जिसके टेण्डर की अवधि समाप्त हो गई है, अतः इस टेण्डर को आगे जारी नहीं रखा जाये एवं स्टेडियम का उपयोग खेल–कूद आदि के लिए ही उपयोग में लिया जाये, कन्टेनर स्टेडियम से हटाकर कही ओर रखे जाने चाहिए। |

| | **7. श्री रामचरण बोहरा** |
|---|---|
| 1 | पिछले बजट में जयपुर–सवाईमाधोपुर दोहरीकरण के लिए 950 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया था लेकिन ये दोहरीकरण का कार्य पिछले काफी समय से लम्बित है। अतः इस कार्य को विद्युतीकरण के साथ शीघ्र पूरा कराने की आवश्यकता है। ताकि जयपुर से मुम्बई व दक्षिण भारत के लिये गाड़ियों का संचालन हो सके एवं समय की भी बचत हो सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सवाई माधोपुर–जयपुर रेलवे लाइन दौहरीकरण परियोजना कार्य वर्ष 2019–20 में स्वीकृत हुआ था जिसकी लागत रूपये 946.13 करोड़ और ROR (-) 2.97% है। इस कार्य की DPR (लागत 1098.07 करोड़ रूपये) रेलवे बोर्ड को दिनांक 19.03.2021 को भेजी गई थी। उसके बाद रेलवे बोर्ड के अवलोकन के अनुसार नई DPR (लागत 1053.24 करोड़ रूपये) स्वीकृति हेतु फिर से रेलवे बोर्ड को दिनांक 02.07.2021 को भेजी गई थी। रेलवे बोर्ड के कुछ अवलोकन दिनांक 22.07.2021 को प्राप्त हुए है जिसके जवाब में इस कार्य की Revised DPR (लागत 1046.30 करोड़ रूपये) दिनांक 15.11.2021 को रेलवे बोर्ड को भेज दी गई थी जिसके अवलोकन में रेलवे बोर्ड की ED committee ने सवाई माधोपुर–जयपुर रेलवे लाइन सेक्शन के दौहरीकरण परियोजना को स्थगित करने का सुझाव दिया है। |
| 2 | दुर्गापुरा–सांगानेर के बीच कल्याणपुरा फाटक (फाटक संख्या–73) पर लगभग 1 किमी तक लम्बी कतार लग जाती है। जिससे काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ता है। अतः उक्त स्थिति को देखते हुए एवं शहर के बीचों–बीच होने के कारण आर.ओ.बी या आर.यू.बी में परिवर्तन करने की आवश्यकता है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>समपार फाटक संख्या 73 जयपुर मंडल के सवाईमाधोपुर–जयपुर खंड पर कि.मी. 115/3–4 पर स्थित है। माह सितम्बर 2021 की गणना के अनुसार उक्त समपार का टीवीयू 159307 है। रेलवे नियमानुसार उक्त समपार के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी का निर्माण किया जा सकता है। इस संबंध में इस कार्यालय के पत्र सं. एचक्यू/डब्ल्यू/420/1/1 (एटीवीयू) दिनांक 27.06.2019 के द्वारा राजस्थान राज्य सरकार को उक्त समपार फाटक के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी के निर्माण हेतु प्रस्ताव भिजवाने हेतु लिखा गया है। राज्य सरकार से प्रस्ताव प्राप्त होने पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। राज्य सरकार से इस संबंध में अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। उक्त समपार फाटक के स्थान पर आरयूबी का निर्माण फिजीबल नहीं है। |
| 3 | जयपुर–डिग्गी–मालपुरारोड़ पर रेलवे अण्डर पास संख्या 74 की चौड़ाई और ऊँचाई कम होने से लगभग 1 किमी तक लम्बी कतार लग जाती है। जिससे आये दिन हादसे होते रहते हैं। अतः इसकी चौड़ाई और ऊँचाई बढ़ाने की आवश्यकता है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>इस संबंध में अवगत कराया जाता है कि पुलिया नं. 74 जयपुर मंडल के जयपुर–सवाईमाधोपुर खण्ड पर शिवदासपुरा–सांगानेर रेलवे स्टेशन के मध्य कि.मी. 118/2–3 पर रेलवे लाइन के नीचे स्थित है, जिससे जयपुर–डिग्गी–मालपुरा रोड़ गुजरता है। वर्तमान में इसकी चौड़ाई 5.85 मीटर और ऊँचाई 3.60 मीटर है। सड़क यातायात में वृद्धि होने की वजह से पुलिया को चौड़ा व ऊँचा करने की आवश्यकता जताई गयी है जोकि डिपोजिट आधार पर ही किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा पुल को चौड़ा व ऊँचा करने का प्रस्ताव डिपोजिट आधार पर अर्थात कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने |

| | |
|---|---|
| | की सहमति के साथ प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजिबल होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |
| 4 | जयपुर शहर में रेलवे ट्रेक के दोनों ओर चार–दीवारी (जगतपुरा से गांधीनगर, ढ़हर के बालाजी, जयपुर से कनकपुरा) निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करवाने की आवश्यकता है। ताकि आकस्मिक दुर्घटनाओं की रोकथाम हो सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>22 किलोमीटर की चारदीवारी की आवश्यकता के विरूद्ध 17.5 किलोमीटर की चारदीवारी पहले ही उपलब्ध है और शेष स्थानों पर चरणबद्ध तरीके से चारदीवारी का निर्माण किया जा रहा है। जहाँ कहीं भी, मौजूदा चारदीवारी को बाहरी लोगों द्वारा तोड़ा जा रहा है, उसकी उपयुक्त मरम्मत की जा रही है। |
| 5 | सांगानेर स्टेशन के आस पास रंगाई छपाई उद्योग स्थापित है। इसलिए इस स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों (अजमेर–कटनी–दयोदया एक्सप्रेस) का ठहराव किया जावे। ताकि स्थानिय व्यापारियों को लाभ मिल सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सांगानेर स्टेशन जयपुर–सवाईमाधोपुर खण्ड पर एक छोटा उपनगरीय स्टेशन है तथा इस स्टेशन पर वर्तमान मे 04 जोड़ी मेल एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव है। इस स्टेशन पर यात्री भार एवं आय कम होने के कारण अतिरिक्त एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक एवं परिचालनिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण नहीं है।<br>गाडी सं. 12181/82 अजमेर–जबलपुर दयोदया एक्सप्रेस (सुपरफास्ट एक्सप्रेस) का ठहराव दुर्गापुरा स्टेशन पर दिया हुआ है जो सांगानेर स्टेशन से मात्र 4.79 किमी की दूरी पर स्थित है। अतः कम दूरी होने के कारण गाडी सं. 12181/82 अजमेर–जबलपुर दयोदया एक्सप्रेस का ठहराव सांगानेर स्टेशन पर दिये जाना वाणिज्यिक एवं परिचालनिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 6 | गोनेर फाटक रेलवे स्टेशन पूर्व में संचालित था। गोनेर फाटक स्टेशन को पुनः प्रारम्भ कर इस स्टेशन पर पैसेंजर व एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव किया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जयपुर सवाईमाधोपुर रेल खंड पर आमान परिवर्तन के दौरान गोनेर रोड हाल्ट स्टेशन को अनार्थिक होने के कारण बंद कर दिया गया था। अतः उक्त बंद हाल्ट स्टेशन पर वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यात्री गाड़ियों का ठहराव दिया जाना संभव नही है।<br>उक्त स्थान सडक मार्ग से अच्छी तरह जुडा हुआ है एवं हाईवे के समीप होने के कारण जन–परिवहन की सुविधाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध है। जिस स्थान पर पूर्व में स्टेशन स्थापित था, वहां पर रेल ओवर ब्रिज का निर्माण हो चुका है। अतः उस स्थान पर किसी प्रकार का निर्माण अथवा स्टेशन बनाना संभव नही है। इसके आस पास किसी अन्य स्थान पर नया स्टेशन स्थापित करने के लिए फिजिबिलिटी की जांच कर उचित कार्यवाही की जायेगी। |
| 7 | गांधीनगर, दुर्गापुरा, जगतपुरा, खातीपुरा, सांगानेर, कनकपुरा, एवं ढेहर के बालाजी उपनगरीय स्टेशनों को वर्ल्ड क्लास के तर्ज पर विकसति करने की आवश्यकता है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में जयपुर शहर के जयपुर एवं गॉधीनगर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास (Redevelopment) किया जा रहा है।<br>रेलवे बोर्ड की यात्री सुविधा नीति 2018 के अनुसार गांधीनगर–जयपुर, दुर्गापुरा, गैटोर जगतपुरा, सांगानेर, ढेहर के बालाजी एवं कनकपुरा स्टेशनों पर सभी न्यूनतम आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करवाई गई है। |

| | |
|---|---|
| 8 | जगतपुरा, खातीपुरा, सांगानेर, कनकपुरा व ढ़ेहर के बालाजी स्टेशनों पर एस्केलेटर (स्वचालित सीढ़ियां) प्लेटफार्म शैल्टर एवं द्वितीय प्रवेश को विकसित करने की अवश्यकता है।<br>**रिमार्क्सः—**<br>खाातीपुरा स्टेशन विकास के अन्तर्गत निम्न कार्य किये जा रहे है—<br>1. 720 मीटर लम्बाई के 06 नये प्लेटफॉर्म<br>2. फुटओवर ब्रिज का निर्माण<br>3. 04 नग लिफ्ट<br>4. सर्कुलेटिंग एरिया का विकास<br>5. नई पार्किंग सुविधा<br>6. इलेक्ट्रिक लोको ट्रिप शेड।<br>इसके अतिरिक्त वर्तमान में गैटोर जगतपुरा, खातीपुरा, सांगानेर, कनकपुरा एवं ढेहर के बालाजी स्टेशनों पर रेलवे बोर्ड के निर्धारित मानको के अनुसार सभी न्यूनतम आवश्यक सुविधायें उपलब्ध है। उक्त सभी स्टेशनो पर प्लेटफार्म शेल्टर की सुविधा निर्धारित मानको से अधिक है।<br>रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मानको के अनुसार किसी भी स्टेशन पर एस्केलेटर के प्रावधान हेतु उस स्टेशन का दैनिक फुटफाल 25000 अथवा पर्यटन की दृष्टि से महत्तपूर्ण होना आवश्यक है। इसलिए उक्त स्टेशनों पर एस्केलेटर के प्रावधान का औचित्य नहीं है।<br>जगतपुरा स्टेशन पर द्वितीय प्रवेश द्वार की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में यात्री गाड़ियों की संख्या व यात्री भार को देखते हुए खातीपुरा, सांगानेर, कनकपुरा एवं ढहर के बालाजी स्टेशनों पर द्वितीय प्रवेश द्वार का औचित्य नहीं है। यात्री यातायात व गाड़ियां बढ़ने पर विचार किया जायेगा। |
| 9 | गैटोर—जगतपुरा रेलवे स्टेशन पर 24 घंटे आरक्षण व टिकट बुकिंग के लिये एक कर्मचारी की नियुक्ति की जाये। ताकि यात्रियों को परेशान न होना पड़े।<br>**रिमार्क्सः—**<br>गेटोर जगतपुरा स्टेशन पर दोनों प्रवेश द्वारों पर गाड़ियों के समय टिकिट वितरण की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। |
| 10 | जयपुर के आस—पास विद्युतीकरण होने के कारण अब यहां मेमू/डीएमयू का संचालन कराया जाये जिससे दैनिक आवागमन करने वाले यात्रियों को लाभ मिल सके।<br>**रिमार्क्सः—**<br>अभी उत्तर पश्चिम रेलवे पर मेमू के संचालन हेतु मेंटेनेंस (कार शेड) उपलब्ध नहीं है। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा मेमू रेकों की मांग रेलवे बोर्ड को प्रेषित की हुई है। |
| 11 | जयपुर के आस—पास के शहरों में विद्युतीकरण होने के कारण इंजन के अनुरक्षण हेतु सांगानेर स्टेशन पर इलेक्ट्रिक लोको शैड के निर्माण करने की आवश्यकता है।<br>**रिमार्क्सः—**<br>सांगानेर स्टेशन में इलैक्ट्रिक लोको शेड बनाना प्रस्तावित नहीं है।<br>खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर इलैक्ट्रिक लोको अनुरक्षण के लिए एक लोको ट्रिप शेड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। |
| 12 | खातीपुरा टर्मिनल स्टेशन का कार्य काफी समय से लम्बित है इसे शीघ्र पूरा करवाने की आवश्यकता है।<br>**रिमार्क्सः—**<br>खातीपुरा टर्मिनल स्टेशन का कार्य 50% तक पुरा हो चुका है तथा शेष कार्य जैसे प्लेटफार्म, स्टेशन बिल्डिंग, एफओबी (FOB) आदि का कार्य प्रगति पर है। खातीपुरा टर्मिनल स्टेशन का |

| | |
|---|---|
| | कार्य वर्ष 2022—23 में पूर्ण कर लिया जायेगा। |
| 13 | जयपुर शहर में स्थित रेलवे अण्डरपास में बरसात के समय पानी भरने से आवागमन में परेशानी होती है। अतः निकास की स्थाई व्यवस्था की जावे।<br>**रिमार्क्सः—**<br>इस संबंध में अवगत कराया जाता है कि अण्डरपास में से जल निकासी की व्यवस्था सामान्यतः प्रदान की गई है। अत्यधिक वर्षा के दौरान अण्डरपास में आसपास के क्षेत्र का पानी आने के कारण जलभराव की स्थिति में पम्प द्वारा पानी की निकासी की जाती है। इसके अतिरिक्त रेलवे तथा डीएफसीसीआईएल द्वारा ड्रेनेज व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक कार्य स्वीकृत कराए गए हैं। जलभराव की समस्या समाधान हेतु किये जा रहे कार्यों के फलस्वरुप पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अण्डरपास में जल भराव की समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया गया है। |
| 14 | जयुपर शहर के चारों ओर रेलवे ट्रैक के दोनो ओर स्वच्छता की दृष्टि से ग्रीन कोरिडोर बनाये जाने की आवश्यकता है। |
| 15 | जयपुर—सवाईमाधोपुर, जयपुर—बांदीकुई के मध्य मेमू/डीएमयू का संचालन कराया जाये जिससे दैनिक आवागमन करने वाले यात्रियों को लाभ मिल सके। |

| | **8. श्री रामकुमार वर्मा** |
|---|---|
| 1 | आगरा फाटक संख्या LC104 का चौड़ीकरण कर रास्ता सुलभ किया गया तथा आगरा फाटक पर एक सर्किट सिस्टम लगा देने से रेल गुजरने के बाद फाटक जल्दी खुलने लग गया है जिससे समय की बचत हुई तथा आने–जाने वाले राहगीरों को भी बहुत बड़ी राहत मिली है, इसके लिये सांसद महोदय ने धन्यवाद प्रेषित किया। |
| 2 | NCR ( उत्तर मध्य रेलवे ) के द्वारा भरतपुर बांदीकुई के मध्य जो दोहरीकरण का कार्य चल रहा हैं उसे फाटक सं.101 जो की (उत्तर मध्य रेलवे) लीलोज फाटक से दूसरी ओर धोली गुमटी फाटक सं. 156(उत्तर पश्चिम रेलवे) के बीच की दूरी 2 KM है, पर रेल लाइन ट्रैक बाईपास बनाया जाये। |
| 3 | अभी जो बांदीकुई जं. (NWR) से आगरा (NCR) के मध्य जो मेमू ट्रेन चलाई गई है जिसकी यात्रा का समय करीब 3.30 घंटे का होता है, उक्त ट्रेन के अन्दर शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है, अतः यह मामला अति सोचनीय और विचारणीय है। |

| | **9. श्री सुमेधानन्द सरस्वती** |
|---|---|
| 1 | सीकर से झुंझुनू बाईपास, दासा की ढाणी पर स्थित रेलवे फाटक संख्या 189, पर आरओबी का निर्माण करवाने बाबत। आरओबी के बिना यहां पर किसानों के चारे की गाड़ियाँ सहित अन्य बड़े साधन नहीं आ पा रहे हैं। जिससे किसानों सहित व्यापारियों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस मामले को मैं कई बार अवगत करा चुका हूँ।<br>**रिमार्क्सः—**<br>जयपुर मंडल के रींगस—सीकर खंड पर कि.मी. 234/7—8 पर स्थित समपार सं. 189 के स्थान पर कॉस्ट शेयरिंग आधार पर आरओबी के निर्माण का कार्य रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2020/CE-IV/PH-30/Umbrella/NWR दिनांक 20.10.2021 के द्वारा स्वीकृत है। |
| 2 | रींगस शहर में फाटक संख्या 108 पर आरओबी बनने से फाटक बंद हो गया है, जिससे शहर के पश्चिम दिशा में बसे वार्ड वासियों को किसी की मृत्यु होने पर शव यात्रा को भी 5 किलोमीटर चक्कर लगाकर भैरूजी शमशान घाट पर ले जाना पड़ता है। इसके अलावा किसानों के बीमार पशुओं को अस्पताल में ले जाने में काफी परेशानी होती है। कॉलेज के छात्र—छात्राओं को पुलिया पार करके आना—जाना पड़ता, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। अगर अंडरपास बन जाए तो इन सभी समस्याओं का समाधान हो सकता है।<br>**रिमार्क्सः—**<br>इस संबंध में अवगत कराया जाता है कि जयपुर मंडल के रेवाड़ी—फुलेरा—कॉर्ड खण्ड पर रींगस स्टेशन के पास स्थित समपार संख्या 108 के स्थान पर ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है। उक्त ओवरब्रिज में पैदल राहगीरों के आवागमन हेतु दोनों तरफ सीढियाँ बनी हुई हैं। उक्त कार्यों के पश्चात समपार सं. 108 बन्द किया जा चुका है। इस लोकेशन पर अण्डर पास बनाया जाना फिजिबल नही है। |
| 3 | जयपुर—दिल्ली सराय रोहिल्ला के बीच चलने वाली ट्रेन 014021/014022 को नियमित साप्ताहिक करने बाबत।<br>**रिमार्क्सः—**<br>गाड़ी सं. 14021/14022 दिल्ली सराय रोहिल्ला—जयपुर सैनिक एक्सप्रेस त्रिसाप्ताहिक संचालित की जा रही है। पूर्व मे इसे प्रतिदिन किये जाने हेतु प्रस्ताव उत्तर रेलवे को भेजा गया था जिस पर सहमति नहीं बनी है। |
| 4 | सीकर—जयपुर के बीच सुबह—शाम नियमित मेमों ट्रेनें चलाई जाए। जिससे क्षेत्र के मजदूरों, किसानों और व्यापारियों को फायदा मिल सके।<br>**रिमार्क्सः—**<br>सीकर—जयपुर के मध्य विद्युतिकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है पर वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे पर मेमू रेक के अनुरक्षण हेतु कार शैड स्थापित नहीं है। उपरे पर ईएमयू गाडियों के अनुरक्षण की सुविधा विकसित किया जाना विचाराधीन है। अन्य रेलवे पर संचालित मेमू रेक से रेक लिंक बनाकर प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजे गये हैं। |
| 5 | मेरे लोकसभा क्षेत्र सीकर के चौमू, गोविन्दगढ़, पलसाना, रींगस एवं लक्ष्मणगढ़ स्टेशनों पर पीआरएस काउन्टर खोला जाए। |

| | **10. श्री बह्मानन्द गोयल** |
|---|---|
| 1 | भट्टूकलां में रेलवे फाटक नं. 122 से लेकर रेलवे ओवर ब्रिज तक रेलवे की भूमि पर टूटी सड़क का निर्माण शीघ्र करवाया जावे।<br>**रिमार्क्स:—**<br>फाटक संख्या 122 एवम् आर.ओ.बी के मध्य सड़क का निर्माण रेलवे गुड्स प्लेटफॉर्म पर सामान की लोडिंग/अनलोडिंग के लिए वाहनों के प्रयोग के लिए किया गया है और यह सम्पूर्ण सड़क रेलवे भूमि पर है। सड़क के रिपेयरिंग का कार्य आवश्यकतानुसार व निधि की उपलध्ता को ध्यान में रखकर किया जायेगा। |
| 2 | भट्टूकलां रेलवे स्टेशन पर दुसरे प्लेटफार्म बनाने का काम शीघ्र शुरू किया जावे।<br>**रिमार्क्स:—**<br>वर्तमान में भट्टूकल्ला रेलवे स्टेशन पर दुसरे प्लेटफॉर्म बनाने का कार्य स्वीकृत नही है। सुझाव पर विचार कर औचित्यपूर्ण होने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। |
| 3 | भट्टूकलां में रेलवे लोडिंग—अनलोडिंग प्लेटफॉर्म जोकि आवेरब्रिज के पास बना हुआ है, कि चौड़ाई बढ़ाकर लोडिंग का काम नये प्लेटफॉर्म पर शुरू किया जावे।<br>**रिमार्क्स:—**<br>भट्टू माल गोदाम पर माल यातायात हेतु एक नया प्लेटफार्म उपलबध है जिसकी लम्बाई 670 मीटर तथा चौडाई 13 मीटर है, इस प्लेटफार्म के समानान्तर नहर होने के कारण इसकी चौडाई बढाया जाना संभव नही है।<br>भट्टू माल गोदाम पर प्रतिमाह लगभग 13 रैक (आवक—जावक) का यातायात है। वर्तमान में उपयोग लिए जा रहे माल गोदाम की लम्बाई 684.50 मीटर एवं चौडाई 15 मीटर है तथा यहॉ ट्रको के आवागमन हेतु रेलवे की पर्याप्त जमीन उपलब्ध है। वर्तमान मे भट्टू स्टेशन से लोडिंग—अनलोडिंग मे किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हैं। |

| | **11. डॉ. के. एल जैन** |
|---|---|
| 1 | गेज परिवर्तन का कार्य राजस्थान के कौन कौन से क्षेत्र में होना शेष है? सम्पूर्ण राजस्थान में गेज परिवर्तन कब तक होगा?<br>**रिमार्क्सः–**<br>राजस्थान में वर्तमान में जारी रेल लाईन गेज परिवर्तन के कार्य एवं उनकी कार्य समाप्ति की संभावित तिथि निम्न प्रकार हैः–<br>अ. मावली से बड़ी सादरी रेल लाइन गेज परिवर्तन (82Km) : Feburary 2022.<br>ब. उदयपुर से हिम्मतनगर रेल लाइन गेज परिवर्तन (208.48 Km) : March 2022.<br>स. राजस्थान में भविष्य में होने वाले रेल लाइन गेज परिवर्तन के स्वीकृत कार्यः–<br>1. मारवाड़ से मावली रेल लाइन गेज परिवर्तन (151.65 Km)– इस परियोजना पर रेलवे बोर्ड ने दिनांक 24.09.2019 के पत्र द्वारा स्थगित कर दिया गया है। |
| 2 | दोहरीकरण–लाइनों के दोहरीकरण के कौन कौन से क्षेत्र हैं, जहां दोहरीकरण होना शेष है? इस संबंध में बचे हुए क्षेत्रों का दोहरीकरण कब तक हो जायेगा? इसी के साथ–साथ कौन से क्षेत्र हैं जहां नई रेलें चलने वाली है?<br>**रिमार्क्सः–**<br>राजस्थान में वर्तमान में जारी रेल लाईन दोहरीकरण के कार्य एवं उनकी कार्य समाप्ति की संभावित तिथि निम्न प्रकार हैः–<br>अ. फुलेरा से डेगाना रेल लाइन दोहरीकरण (108Km) : TDC 31.12.2022<br>डेगाना से बोरावड़ (40 किमी) दोहरीकरण दिनांक 27 अक्टूबर 2021 से चालू हो गया है।<br>ब. डेगाना से राईकाबाग रेल लाइन दोहरीकरण (145 Km) : TDC 30.11.2022<br>डेगाना से मेड़ता रोड़ (44 किमी) दोहरीकरण दिनांक 24 दिसम्बर 2021 से चालू हो गया है।<br>स. राजस्थान में भविष्य में होने वाले रेल लाइन दोहरीकरण के स्वीकृत कार्यः–<br>1. जयपुर से सवाई माधोपुर रेल लाइन दोहरीकरण (131.27 Km)– इस परियोजना की संशोधित DPR लागत 1046.30 करोड़ रूपये एवं ROR (-) 2.97% दिनांक 15.11.2021 को रेलवे बोर्ड भेजी गई थी जिसके अवलोकन में रेलवे बोर्ड की ED committee ने सवाई माधोपुर–जयपुर रेलवे लाइन सेक्शन के दौहरीकरण परियोजना को स्थगित करने का सुझाव दिया है।<br>2. बठिण्डा से भीलड़ी रेल लाइन दोहरीकरण (752.20Km) – इस परियोजना में लूनी–समदरी–भीलड़ी (271.97Km) पर रेलवे बोर्ड ने दिनांक 25.06.2021 के पत्र द्वारा अस्थाई रूप से रोक लगा दी है। एवं बठिण्डा–डेगाना सेक्शन की DPR रेलवे बोर्ड को 04.06.2021 को भेज दी गई है। जिस पर निर्णय आना बाकी है।<br>3. अजमेर से चित्तौडगढ़ रेल लाईन दोहरीकरण (752.20Km) – इस कार्य की Revised DPR दिनांक 14.06.2021 को रेलवे बोर्ड को भेज दी गई है।<br>उदयपुर–डूंगरपुर खंड वर्तमान में आमान परिवर्तन के तहत बंद हैं जिसका कार्य शीघ्र पूर्ण होने वाला है, मावली–बडी सादडी खंड पर सीआरएस निरीक्षण हो चुका है, इन खंडों पर नयी गाडियों के संचालन हेतु प्रस्ताव तैयार किये जा रहे हैं। |

| | |
|---|---|
| 3 | सांगानेर से जयपुर एवं जयुपर शहर के चारों ओर स्वच्छता की दृष्टि से ग्रीन कोरिडोर बनाये जाने की आवश्यकता है। |
| 4 | संगानेर स्टेशन के आस पास रंगाई छपाई उद्योग स्थापित है। इसलिए इस स्टेशन पर प्रमुख एक्प्रेसट्रेनों का ठहराव एवं स्टेशन के शौन्दर्यकरण का कार्य भी किया जावे ताकि स्थानिय व्यापारियों एवं बाहर से आने वाले पर्यटकों को लाभ मिल सके। |
| 5 | सीतापुरा औद्योगिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण क्षेत्र है। अतः सीतापुरा के पास गोनेर फाटक रेलवे स्टेशन पूर्व में संचालित था। गोनेर फाटक स्टेशन को पुनः प्रारम्भ किया जाये। |
| 6 | बैठक के दौरान उत्तर पश्चिम रेलवे की उपलब्धियों के संबंध में दिये जाने वाले प्रजेन्टेशन की प्रति एजेण्डे के साथ सभी जेडआरयूसीसी सदस्यों को उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। |

| | **12. श्री शंकरलाल परसावत** |
|---|---|
| 1 | डीडवाना रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 02 पर भी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराये जाने हेतुः– <br> डीडवाना रेलवे स्टेशन पर बनाये गये द्वितीय प्लेटफॉर्म पर कवर्ड शेड (शेल्टर), पानी की प्याऊ, बैठने के लिय बैंच व शौचालय आदि की मूलभूत सुविधाओं का पूर्णतः अभाव है। 510 मीटर की लम्बाई वाले प्लेटफॉर्म पर, यहाँ बनाए गए मात्र चार छोटे–छोटे फाइबर शेड के नीचे पर्याप्त मात्रा में स्टील बैंचें व पंखे भी उपलब्ध नहीं है। विडम्बना है कि इतने लम्बे प्लेटफॉर्म पर, जहाँ रोजाना 18 से 24 डिब्बों वाली दो ट्रेनों के क्रॉसिंग के समय, लम्बी दूरी तय करने वाली रेलों को लेना पड़ता है, वहाँ न तो कवर्ड शेड (शेल्टर) है, न ही पूरे प्लेटफॉर्म पर एक भी पंखे की व्यवस्था है, न पानी की प्याऊ है, (दानदाता द्वारा जिस एक प्याऊ का निर्माण करवाया गया है, उसमें कभी भी यात्रियों के पीने के लिये पानी उपलब्ध नहीं रहता) न ही पूरे प्लेटफॉर्म पर एक भी शौचालय अथवा पेसाब घर है। ऐसी स्थिति में इन सभी आवश्यक सेवाओं के अभाव में यात्रियों को अत्यधिक कठिनाई हो रही है। <br> खेद का विषय है कि क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 17वीं एवं 18वीं दोनों बैठकों में भी हमारे द्वारा यही अनुरोध किया गया था। दिनांक 24 मार्च 2021 को सम्माननीया मण्डल रेल प्रबन्धक, जोधपुर के डीडवाना आगमन पर उन्होंने स्वंय भौतिक सत्यापन कर, इन आवश्यकताओं को स्वीकार किया था तथा इन आवश्यकताओं को प्राथमिकता से पूरा करने का आश्वासन भी दिया था। <br> अधिक अफसोस की बात है कि ZRUCC की 18वीं बैठक के लिए जारी एजेण्डा बुक में हमारे द्वारा उठाये गये इस बिन्दू के उत्तर में जो उपलब्धता के आँकड़े बताये गये थे, वे अधिकांश मिथ्या तथ्यों पर आधारित थे, जिस पर माननीय महाप्रबंधक महोदय ने इनकी जाँच करवा कर गलत सूचना देने वालों के विरूद्ध उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया था, लेकिन न गलत सूचना देने वालों के विरूद्ध कोई कार्यवाही हुई, न ही सुविधाओं में विस्तार हुआ। अतः श्रीमान् से अनुरोध है कि इस द्वितीय प्लेटफॉर्म पर भी इन सभी वांछित व आवश्यक सुविधाओं की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता शीघ्र व सुनिश्चित करवाने की कृपा करावें। <br> **रिमार्क्सः–** <br> डीडवाना NSG-5 श्रेणी का स्टेशन है। <br> 1. MEA (न्यूनतम आवश्यक सुविधायें ) के मापदण्ड के अनुसार NSG-5 श्रेणी के स्टेशन पर प्रत्येक प्लेटफॉर्म पर न्यूनतम 50 वर्गमीटर प्लेटफॉर्म शैड होना चाहिये। वर्तमान में डीडवाना स्टेशन के प्लेटफॉर्म स्टेशन के प्लेटफॉर्म न.1 पर 629 वर्गमीटर एवं प्लेटफॉर्म न. 2 पर 72 वर्गमीटर प्लेटफॉर्म शैड उपलब्ध है । <br> 2. इस स्टेशन पर स्थित प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर मूलभूत यात्री सुविधा हेतु 04 नग फाइबर शैड लगे हुए हैं। प्रत्येक फाइबर शैड मे 01 नग एलईडी टयूब लाइट व 01 नग पंखा लगा हुआ है । <br> 3. MEA (न्यूनतम आवश्यक सुविधायें ) के मापदण्ड के अनुसार NSG-5 श्रेणी के स्टेशन पर प्रत्येक प्लेटफॉर्म पर 8 पानी के नल होना चाहिये। वर्तमान में डीडवाना स्टेशन के प्लेटफॉर्म न.1 पर 15 पानी के नल व प्लेटफॉर्म न.2 पर 4 पानी के नल उपलब्ध है । <br> 4. MEA (न्यूनतम आवश्यक सुविधायें) के मापदण्ड के अनुसार NSG-5 श्रेणी के स्टेशन पर प्रत्येक प्लेटफॉर्म पर 50 बैठने की सीट होनी चाहिये । वर्तमान में डीडवाना स्टेशन के |

| | |
|---|---|
| | प्लेटफॉर्म न.1 पर 116 सीट बैठने की सीट व प्लेटफॉर्म न.2 पर 24 बैठने की सीट उपलब्ध है ।<br>5. डीडवाना स्टेशन के प्लेटफार्म न.1 पर 5 यूरिनल व 4 शौचालय (Lavataries) उपलब्ध है, MEA (न्यूनतम आवश्यक सुविधायें) के मापदण्ड के अनुसार पर्याप्त है।<br><br>इसके अतिरिक्त डीडवाना स्टेशन पर 112 वर्गमीटर प्लेटफॉर्म शैड, पीने के पानी के नल, शौचालय, पाथ वे एवं प्लेटफार्म की लम्बाई बढाने का कार्य वर्ष 2021—22 में स्वीकृत है। |
| **2** | अनुरोध है कि इस रूट पर हरिद्वार के लिये कोई भी रेल सेवा उपलब्ध नहीं है, जबकि इस क्षेत्र में डीडवाना से नागौर की तरफ 100 किलोमीटर से पहले एवं सीकर की तरफ 85 किलोमीटर से पहले कोई रेलवे स्टेशन नहीं होने तथा वर्तमान में डीडवाना इस क्षेत्र से जुडे सैंकड़ों ग्रामीण व अर्द्ध शहरी कस्बों का एक मात्र रेलवे स्टेशन होने के कारण यहाँ से हरिद्वार जाने वाले यात्रियों की संख्या बहुत अधिक रहती है, इसलिए **जोधपुर—दिल्ली सराय रोहिल्ला (गाड़ी संख्या 22481—22482) रेल सेवा को हरिद्वार तक बढ़ाकर रेल यात्रियों को हरिद्वार तक की आवश्यक रेल सुविधा दी जा सकती है।** इस रेल सेवा को हरिद्वार तक किये जाने में रेलवे को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं है, क्योंकि यह रेल प्रातः 05ः.20 बजे दिल्ली सराय रोहिल्ला पहुँचती है, जोकि रात्रि 23.15 बजे वापस प्रस्थान करती है, इसलिए इस रेल को 18 घण्टे यार्ड में खड़े रखने की बजाय हरिद्वार तक आसानी से बढ़ाया जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 से 24 फरवरी, 2018 को हुई अन्तर रेलवे समय सारणी समिति की बैठक में भी इस रेल सेवा का विस्तार प्रस्तावित किया गया था। अतः जोधपुर—दिल्ली सराय रोहिल्ला (गाड़ी संख्या 22481—22482) रेल सेवा को तुरन्त प्रभाव से हरिद्वार तक बढ़ाया जाना चाहिए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>गाड़ी संख्या 22481—22482 जोधपुर—दिल्ली सराय रोहिल्ला दैनिक एक्सप्रेस का हरिद्वार/योगनगरी ऋषिकेश तक विस्तार हेतु प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी 2020 एवं 2021 में भेजा गया था जिस पर उत्तर रेलवे द्वारा सहमति नहीं दी गई। |
| **3** | जयपुर से सुजानगढ़, लाडनूं, डीडवाना को जोड़ने हेतु, डीडवाना—कुचामन सिटी (45 किलोमीटर) नई रेल लाईन के सर्वे करवाये जाने व इस लाईन को बजट प्रावधानों में शामिल किया जाने की माँग लम्बे समय से की जा रही है। इस लाईन के सर्वे व निर्माण हेतु अनेकानेक स्वंयसेवी संस्थाओं, संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय सांसद एवं कई विधायकों द्वारा भी इसकी उपादेयता स्पष्ट करते हुए अपने—अपने पत्रों के माध्यम से निवेदन किया जा चुका है। इस प्रस्तावित रेल लाईन की दूरी मात्र 45 किलोमीटर ही होने के कारण लागत भी कम आयेगी और इस लाईन से डीडवाना से जयपुर की दूरी 77 किलोमीटर कम हो जावेगी। अतः इस नई रेल लाईन हेतु सर्वे की अनुशंसा श्रीमान् की ओर से अवश्य भेजी जानी चाहिए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>इस प्रकार का कोई भी कार्य सर्वे रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत नहीं है। |
| **4** | वर्तमान में डेगाना से रतनगढ़ का पूरा क्षेत्र जयपुर और बीकानेर, दोनों महत्वपूर्ण शहरों से, रेल सेवाओं से वंचित है। जयपुर—बीकानेर दोनों प्रमुख शहरों को सुजानगढ़, लाडनूं, डीडवाना, खाटू जैसे कस्बों को जोड़ने हेतु जयपुर—बीकानेर के मध्य एक इंटरसिटी जैसी वाया रतनगढ़—डीडवाना—डेगाना रेल सेवा प्रारम्भ किये जाने की अनुशंसा किया जाना पूर्णतया उचित है, ताकि सुजानगढ़, लाडनूं, डीडवाना व खाटू जैसे महत्वपूर्ण कस्बों को भी जयपुर व बीकानेर जैसे शहरों के लिये रेल सुविधा मिल सके।<br>कृपया रेल यात्रियों के हितार्थ प्रस्तुत उक्त बिन्दुओं को प्रस्तावित ZRUCC की 19वीं बैठक |

| | |
|---|---|
| | के एजेण्डा में सम्मिलित करावें तथा क्षेत्रीय स्तर की उल्लेखित इन नितान्त आवश्यकताओं हेतु आवश्यक बजट आवंटित कर／बजट की अनुशंसा कर, साथ ही यात्री सुविधा विस्तार कोष (Passenger Amenity Fund) से वांछित सुविधाओं की पूर्ति सम्बन्धी निर्देश अविलम्ब जारी करवाने की कृपा करावें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>बीकानेर से जयपुर वाया मेडता रोड, डेगाना तथा वाया रतनगढ, चुरू एक्सप्रेस गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। बीकानेर से जयपुर वाया रतनगढ, डेगाना तुलनात्मक रूप से लंबा मार्ग है तथा रतनगढ एवं डेगाना स्टेशनो पर इंजन रिवर्सल भी एक परिचालनिक बाधा है। डेगाना–रतनगढ़ खंड के यात्री जयपुर हेतु डेगाना व रतनगढ़ तथा चूरू स्टेशनों से जयपुर की ओर जाने वाली गाड़ियों में यात्रा कर सकते हैं। |
| 5 | डीडवाना रेलवे स्टेशन के दोनों प्लेटफॉर्म पर कोच गाईडेन्स डिस्प्ले बोर्ड एवं सी.सी.टी.वी. लगाये जाने की आवश्यकता है। |
| 6 | डीडवाना स्टेशन के पीएफ 2 पर सफाई व्यवस्था को ठीक किया जाये। इस हेतु डीडवाना रेलवे स्टेशन पर सफाई कर्मचारी के रिक्त पद को तुरन्त भरे जाने की आवश्यकता है। |
| 7 | डीडवाना में स्थित रेलवे पुलिस चौकी वर्तमान में कर्मचारी आवास में संचालित की जा रही है, इसे मुख्य रेलवे स्टेशन पर स्थानान्तरित किये जाने की शीघ्र आवश्यकता है। |
| 8 | यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए डीडवाना रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म 2 पर छोटी बाउन्ड्रीवॉल बनाये जाने की आवश्यकता है। |
| 9 | गाड़ी सं. 22422／21 (जोधपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला–जोधपुर) में एक अतिरिक्त वातानुकूलित चेयर कार कोच लगाये जाने की आवश्यकता है। |
| 10 | डीडवाना रेलवे स्टेशन पर पार्सल बुकिंग सेवा वर्तमान में बंद कर दी गई है, इसे पुनः प्रारम्भ करवाये जाने की आवश्यकता है। |
| 11 | डीडवाना रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म का विस्तार किये जाने की आवश्यकता है। |
| 12 | डीडवाना रेलवे स्टेशन पर पडे स्क्रैप का निस्तारण किया जाये। |

| | 13. श्री वी.के. मानसिंगका |
|---|---|
| 1 | Restoration/augumentation of following trains after covid unlock period. |
| | a). i. 11203-11204- Nagpur-Jaipur.<br>ii. 18010/18009 - Ajmer-Santraganchi<br>b). i. Extension of Amritsar-Ajmer train up to Udaipur<br>ii. train no. 04809/10 Jaisalmer-Jodhpur express up to Udaipur city<br>These two trains are at present running between Ajmer-Amritsar & Jodhpur-Jaisalmer and have been proposed for extension up to Udaipur and under consideration at appropriate level. Kindly arrange to take up the matter for early start of these two trains to be extended up to Udaipur.<br>**Remarks:-**<br><br>a) i & ii -Letter has been written to concerned Railway for restoration of train no. 11203-11204-Nagpur-Jaipur and train no. 18010/18009 Ajmer-Santraganchi.<br><br>(b) i. Extension of Train no. 19611/19614 & 19613/119612 Ajmer-Amritsar-Ajmer Exp. was sent to Northern Rly. by change in days of run of 19609/10 UDZ-HW to provide the daily service between UDZ-AII-JP but Northern Rly. has not given the consent. Without the above changes extension of Train no. 19611/19614 & 19613/119612 Ajmer-Amritsar-Ajmer Exp. Is not operationally feasible.<br><br>(b) ii. Train no. 14809/10 Jodhpur-Jaisalmer Exp is running with integrated rake link (with Train no. 14803/04 & 14819/20 BGKT - SBIB) having primary maintenance at Jodhpur station consisting of 03 rakes. Hence extension of this train up to Udaipur city is not operationally feasible. |
| 2 | Platform/Shed Covering at platform no. 1.<br>In the last two ZRUCC meeting held on 31.08.2020 agenda item no. 7(2) & subsequent meeting on 09.07.2021 items no. 2, it was brought to the notice that at platform no. 1 shed covering between two sheds below the foot overbridge near escalator still remains uncovered towards Ajmer side causing great hardship to the passengers from scorching heat and rains, as there is no shed below the foot over bridge for roughly 10-15 meters. Hence, once again requested to please get this small cover shed work completed at the earliest.<br>**Remarks:-**<br><br>Sufficient Platform Shed area is available at Bhilwara Station as per Railway Board MEA guideline on PF No. 1.<br>As against requirement of 400 Sqm, Platform Shed is already available in 2258 Sqm area on PF No. 1. |

| | **14. श्री सुरेश मित्तल** |
|---|---|
| **1.1** | गाड़ी नं. 19225/26 जोधपुर–जम्मूतवी का मण्डी डबवाली में ठहराव। यात्रियों, विभिन्न सांसद महोदय, विधायक महोदयों की भारी मांग है। ये स्टेशन मॉर्डन स्टेशन है, राधा स्वामी सत्संग व्यास व अमृतसर स्वर्ण मंदिर जलियांवाला बाग, दुर्घयाना मन्दिर में बहुत सवारियां आती जाती है। बीकानेर मण्डल ने भी जयपुर मुख्यालय को ठहराव के लिए लिखा है कृपया 2 मिनट गाड़ी का ठहराव दिया जाये जिससे रेलवे को भी राजस्व का फायदा मिलेगा।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में मण्डी डबवाली स्टेशन पर 06 जोड़ी मेल/एक्स. तथा 02 जोड़ी सवारी गाड़ियों का ठहराव दिया हुआ है। मंडी डबवाली स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाडी औसत यात्रीभार 139 एवं आय 6,669 रूपये है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव मानकों से कम है। अतः गाड़ी सं. 19225/26 जोधपुर–जम्मूतवी एक्सप्रेस का ठहराव मण्डी डबवाली स्टेशन पर दिये जाने का वाणिज्यिक औचित्य नहीं बनता है। उल्लेखनीय है कि गाड़ी सं. 19223/24 अहमदाबाद–जम्मूतवी एक्सप्रेस जो इसी मार्ग पर चलती है उसका ठहराव मंडी डबवाली स्टेशन पर दिया हुआ है। |
| **1.2** | बाड़मेर–कालका–चण्डीगढ़ 14887/88 जो बंद कर दी गई है पुनः चलायें। पंजाब–हरियाणा की राजधानी चण्डीगढ़ है, रेलवे को भी राजस्व का फायदा होगा।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 14888/14887 बाडमेर–ऋषिकेश एक्सप्रेस का प्रतिदिन संचालन किया जा रहा है। जीरो बेस समय सारणी की प्रक्रिया के दौरान रेलवे बोर्ड द्वारा दिये दिशानिर्देशानुसार पूर्व में संचलित गाड़ी स. 14888/87 बाडमेर–कालका एक्सप्रेस तथा गाडी स. 24888/24887 बाडमेर–ऋषिकेश एक्सप्रेस का अंबाला स्टेशन पर अमलगमेशन/ डीअमलगमेशन समाप्त कर दिया गया है अतः अब गाड़ी सं. 14888/14887 बाडमेर–कालका एक्सप्रेस का पुनः संचालन संभव नहीं है। हालांकि यात्री अंबाला स्टेशन से चंडीगढ़ की ओर जाने वाली गाड़ियों में यात्रा कर सकते हैं। |
| **1.3** | अनूपगढ़–बठिण्डा व सूरतगढ़–अनूपगढ़ बंद पड़ी गाड़ी को चलाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में सूरतगढ–अनुपगढ़ खंड पर 03 जोड़ी सवारी गाड़ियो का संचालन किया जा रहा है। अनूपगढ़–बठिण्डा विशेष गाडी एवं सूरतगढ़–अनूपगढ़ खंड पर शेष 01 जोडी गाड़ी के संचालन हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। |
| **1.4** | जयपुर–सादुलपुर एक्सप्रेस को वाया हनुमानगढ़, मण्डी डबवाली, बठिण्डा तक बढ़ाया जाये। रेलवे को भी राजस्व में फायदा होगा।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में गाड़ी सं. 09705/09706 जयपुर–सादुलपुर विशेष गाड़ी सप्ताह में 5 दिन संचालित की जा रही है। सादुलपुर स्टेशन पर स्थित इस गाड़ी के 11.15 घंटे लाई ओवर अवधि में बठिण्डा तक विस्तार संभव नहीं है। |
| **1.5** | गाड़ी नं. 12455/56 बीकानेर–दिल्ली–सराय रोहिल्ला को श्रीगंगानगर से सादुलपुर–हनुमानगढ़–संगरिया–मण्डी डबवाली–बठिण्डा–दिल्ली चलाया जाए। इस तरफ के यात्रियों को व उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर मण्डल को फायदा होगा और श्रीगंगानगर में इंजन भी नहीं घुमाना पड़ेगा।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी नं. 12455/56 बीकानेर–दिल्ली सराय रोहिल्ला उत्तर रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है तथा यह वाया धुरी, संगरूर, जाखल चलाई जाती है जो कि पूर्णतया उत्तर रेलवे के क्षेत्र पर |

| | |
|---|---|
| | स्थित है। सुझावित मार्ग परिवर्तन बिना उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति के संभव नहीं है। |
| **1.6** | गाड़ी नं. 17019/20 हैदराबाद–जयपुर को फिरोजपुर बढ़ाया जाए वाया सीकर–झुन्झुनू–सादुलपुर–हनुमानगढ़–मण्डी डबवाली–बठिण्डा। इससें रेलवे को राजस्व में बहुत फायदा होगा।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी नं. 17019/20 हैदराबाद–जयपुर का जयपुर स्टेशन पर द्वितीय अनुरक्षण किया जाता है तथा इसका कुल लाई ओवर 33.55 घंटे है। यदि उत्तर रेलवे द्वारा फिरोजपुर स्टेशन पर द्वितीय अनुरक्षण के साथ विस्तारण की सहमति दी जाये तो प्रस्ताव पर विचार किया जाना संभव हो सकेगा। इस हेतु आपका प्रस्ताव उत्तर रेलवे को भेजा जायेगा। |
| **1.7** | सूरतगढ़ से वाया श्रीगंगानगर–हनुमानगढ़–बठिण्डा गाड़ी चलाई जाए और बठिण्डा से श्रीगंगानगर आने और जाने में जो भी गाड़ी चलाई जाए वाया मण्डी डबवाली संगरिया–हनुमानगढ़–सादुलपुर–श्रीगंगानगर चलाई जाए जिससे की गाड़ियों के साथ–साथ बीकानेर मण्डल को राजस्व का फायदा होगा।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में सुझावित मार्ग पर नयी गाड़ियाँ चलाये जाने हेतु कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। उल्लेखनीय है कि नयी गाडियां चलाये जाने हेतु कोचिंग स्टॉक, पाथ, लोको, मार्गस्थ रेलों की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति भी आवश्यक है। |
| **2.1** | मण्डी डबवाली में गेट नं. सी–33 की जो रेलवे ने सड़क बनाई है लगभग 2½सौ-300 मीटर छोड़ दी है। लगभग 3 महीने हो चुके हैं उसे बनाई जाए या पेचवर्क करवाया जाए। जिससे की लोगों को परेशानी न हो।<br>**रिमार्क्सः–**<br>मण्डी डबवाली में गेट नम्बर सी –33 पर समुचित लंबाई में सड़क का निर्माण करवाया जा चुका है । फिर भी आवश्यकतानुसार पैच वर्क करवा दिया जायेगा |
| **2.2** | मण्डी डबवाली माल गोदाम पर जो रेल लेवल प्लेटफॉर्म बना हुआ था बिल्कुल खत्म हो चुका है बारिश में पानी भरा रहता है और अन्य दिनों में मिट्टी उड़ती रहती है। लोडिंग वाले ट्रकों का नुकसान होता है। चारदीवारी टूटी हुई है चोरी का व दुर्घटना का डर रहता है। सामने रिहायशी कॉलोनी है और लाईट भी चारदीवारी के साथ–साथ है। लोडिंग में अंधेरा रहता है। कृपया करके माल गोदाम पर पक्का फर्श लगवाया जाए व पक्की सड़क बनवाई जाए। चारदीवारी ठीक करी जाए व हाईमास्ट लाईटें लगाई जाए जिससे की लोडिंग में दिक्कत न आए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>मण्डी डबवाली में चार दीवारी की मरम्मत का कार्य शीघ्र ही शुरू करवा कर अप्रैल 2022 तक पूरा कर दिया जाएगा।<br>मालगोदाम साइड में चारदीवारी के साथ साथ स्ट्रीट लाइट पोल लगाये गये हैं ताकि ट्रकों के मूवमेन्ट के कारण कहीं पोल्स को नुकसान न हो। जांच कराने पर इन पोल्स द्वारा वर्तमान में पर्याप्त रोशनी प्राप्त हो रही है। वर्तमान में प्लेटफॉर्म सरफेस को पक्का करने का कोई कार्य स्वीकृत नही है। इस कार्य को भविष्य में आवश्यकतानुसार व निधि की उपलध्ता को ध्यान में रखकर किया जायेगा। |
| **2.3** | मण्डी डबवाली प्लेटफार्म नं. 01 गेट नं. सी–33 के साथ जब प्लेटफार्म स्लोब से उतरते हैं रेलवे ने दीवार खींच रखी है जो कि बहुत खतरनाक है जब गाड़ी प्लेटफार्म पर आती है रैक लम्बा होता है या ड्राईवर गाड़ी पहले रोक देता है तो लोग गाड़ी से उतरकर नीचे खड्डे में गिरते हैं रात्रि में बहुत डर बना रहता है तो वह दीवार हटवाई जाए या फिर प्लेटफार्म के |

| | |
|---|---|
| | बराबर किया जाए। बाकी रेलवे की जगह में भी चार दीवारी मरम्मत कराई जाये।<br>**रिमार्क्सः—**<br>मंडी डबवाली प्लेटफार्म न.1 गेट नम्बर सी 33 पर जो दीवार बनाई गयी है वह अनाधिकृत ट्रेसपासिंग को रोकने व यात्रियों की सुरक्षा के लिए बनायी गयी है। साथ ही उपयुक्त लम्बाई में हाई लेवल प्लेटफार्म उपलब्ध है, जिसके अंत में एण्ड रैम्प दिये गये है । उसी के अनुसार गाड़ियों की स्टोपेज तय रहता है । इसलिये उक्त दीवार को रखना आवश्यक है। |
| **2.4** | मण्डी डबवाली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नं. 1 पर कोच गाईडेंस ट्रेन डिस्प्ले ओर इलेक्ट्रानिक घड़ियाँ लगी हुई थी कुछ खराब थी जोकि फरवरी 2021 में महाप्रबंधक निरीक्षण से पहले उतार ली गई इन्हें दोबारा लगवाई जाए जिससे कि यात्रियों को दिक्कत न हो। यहां पर सौ किलोवाट का जनरेटर लगा हुआ था जो उतारकर सूरतगढ़ ले गये। यहां 5 किलोवाट का इनवर्टर लगा दिया गया है। लाईट जाने पर अन्धेरा रहता है और मालगोदाम दफ्तर में इनवर्टर भी नहीं है, अंधेरा रहता है। यात्रियों को अंधेरे में नुकसान होने का डर रहता है। यह एक मार्डन स्टेशन है कृपया जनरेटर दोबारा लगाया जाए। लोडिंग भी होती है। लोडिंग में भी अंधेरा रहता है।<br>**रिमार्क्सः—**<br>मण्डी डबवाली रेलवे स्टेशन एनएसजी—5 श्रेणी का स्टेशन है। इन श्रेणी के स्टेशनों पर रेलवे बोर्ड द्वारा जारी यात्री सुविधा नीति अनुसार कोच इंडिकेशन बोर्ड लगाए जाने का प्रावधान नहीं है। वर्तमान में इस स्टेशन पर कोच गाईडेन्स सिस्टम लगाने का कोई कार्य स्वीकृत नहीं है।<br>इस स्टेशन पर घड़ी लगाने का कार्य स्वीकृत हो गया है तथा टेंडर प्रक्रियाधीन है।<br>इसके अतिरिक्त मण्डी डबवाली स्टेशन पर 5 केवीए का इर्न्वटर लगा हुआ है जिसका पर्याप्त बेकअप है। इस इर्न्वटर पर एसएस ऑफिस, बुकिंग, यूटीएस/पीआरएस, जीआरपी तथा आरपीएफ चौकी तथा प्लेटफॉर्म नं.1 का 30% लाइट को सप्लाई दी गई है। स्टेशन पर डिस्काम द्वारा कटौती काफी कम होती है। यहाँ बने पॉवर हाऊस से 100 केवीए डीजी सैट को आवश्यकता अनुसार सूरतगढ़ स्टेशन भिजवाया गया है। स्टेशन के आपरेटिंग पैनल्स हेतु डीजी सैट भी लगा हुआ है। |
| 3 | कोविड महामारी से पहले एक्सप्रेस ट्रेनों सामान्य टिकिट दिये जाते थे, वर्तमान में बंद कर दिये गये है। अतः इन्हें फिर से चालू करवाया जाये। |
| 4 | जेडआरयूसीसी सदस्यों द्वारा मण्डलों एवं प्रधान कार्यालय को जो पत्र/ई—मेल लिखे जाते हैं, उनका जबाव समय पर दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। |

| | **15. श्री अभय सिंह राठौड़** |
|---|---|
| 1 | मेड़ता–पुष्कर रेल लाईन का कार्य काफी समय से लम्बित है एवं यह वर्ष 2013–14 के बजट में इस कार्य की स्वीकृति थी । अतः निवेदन है कि इस रेल लाईन के कार्य को शीघ्र प्रारम्भ करवाया जाये। |
| 2 | मेड़ता रोड़ जं. पर लगभग 40 यात्री गाड़ी एवं मालगाड़ियों का संचालन है। अतः यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मेड़ता रोड़ जं. पर एक अतिरिक्त प्लेटफॉर्म बनाये जाने की आवश्यकता है। |
| 3 | मेड़ता रोड़ जं. के प्लेटफॉर्म नं. 2 की लम्बाई ओर अधिक बढ़ाई जाये। |
| 4 | मेड़ता रोड के प्लेटफार्म नं. 4 बाईपास पर शैड़ एवं पानी की व्यवस्था करवाई जाये साथ ही रात्री के समय एक आर.पी.एफ. स्टाफ की ड्यूटी लगाये जाने की आवश्यकता है। |
| 5 | पूर्व में मेड़ता रोड़ एवं मेड़ता सिटी के मध्य रेल बस का संचालन था, परंतु वर्तमान में इसे बंद कर दिया गया है अतः रेल बस के संचालन को पुनः चालू किया जाये। |
| 6 | कोविड महामारी के दौरान गोठन एवं मेड़ता रोड़ स्टेशनों पर जिन गाड़ियों का ठहराव बंद, किया गया था उन सभी ट्रेनों का फिर से ठहराव किया जाये। |

| | **16. श्री अनिल दाधीच** |
|---|---|
| 1 | वर्तमान में भीलवाड़ा से मुम्बई के लिए दो साप्ताहिक ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। अतः निवेदन है कि कम से कम एक ट्रेन भीलवाड़ा से मुम्बई हेतु प्रतिदिन चलाई जाये। |
| 2 | भीलवाड़ा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 पर स्थित एक्सलेटर निरन्तर चालू रहे इसके लिए उचित निर्देश दिये जाये एवं एक्सलेटर के पास लगभग 10–15 मीटर का शैड हटा दिया गया था। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे पुनः बनाये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करें। |
| 3 | कोविड़ महामारी के दौरान जयपुर–इन्दौर एवं जयपुर–भोपाल ट्रेनों में सामान्य टिकट बंद कर दिये गये थे, अतः उपरोक्त ट्रेनों में सामान्य टिकट का वितरण फिर से चालू करवाया जाये। |
| 4 | भीलवाड़ा के प्लेटफॉर्म नं. 2 पर आरक्षण टिकट खिड़की की सुविधा उपलब्ध करवाई जाने की आवश्यकता है। |

| | 17. श्री अनिल कुमार खटेड |
|---|---|
| 1 | जोधपुर मेड़ता रोड डेगाना छोटी खाटू डीडवाना लाडनूं–सूजानगढ़–रतनगढ़–चूरू–सादुलपुर में नई ट्रेनों का विस्तार व ट्रेनों के फेरे बढ़ाने हेतु ट्रेनों के ठहराव तथा रेल सुविधाओं में विस्तार हेतु। |
| A | जोधपुर से गोरखपुर नई ट्रेन वाया मेड़ता रोड़–डेगाना–छोटी खाटू–डीडवाना–लाडनूं –सुजानगढ़–रतनगढ़ होकर चलायी जाये। इस से संबंधित प्रस्ताव रेलवे बोर्ड व संबंधित जोन को भेजें व इसकी कॉपी उपलब्ध कराएं, पिछले 7 सालों से इस क्षेत्र की जनता इसकी मांग कर रही है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में गाडी सं. 15623/15624 भगत की कोठी– कामाख्या जो वाया लखनउ संचालित की जा रही है उपलब्ध है एवं यात्री लखनउ से गोरखपुर की यात्रा अन्य गाडी से कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि नयी गाडियां चलाये जाने हेतु कोचिंग स्टॉक, पाथ, लोको, मार्गस्थ रेलों की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति भी आवश्यक है। इस गाड़ी को आगामी अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक में प्रस्तावित किया जायेगा। |
| B | श्रीगंगानगर/हिसार से रामेश्वरम/बंगलोर/चैन्नई/तिरूपति/हुबली वाया सादुलपुर–चूरू–रतनगढ़–सूजानगढ़–लाडनूं–डीडवाना–छोटी खाटू–डेगाना–मेड़तारोड़–जोधपुर–समदड़ी होकर चलायी जाये वर्तमान में सूजानगढ़–लाडनूं–डीडवाना–छोटी खाटू से दक्षिण भारत के लिए कोई सीधी ट्रैन सेवा नहीं है इस से संबंधित प्रस्ताव रेलवे बोर्ड व।<br>**रिमार्क्सः–**<br>हिसार से रामेश्वरम नयी गाडी हेतु प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2017 एवं 2018 में भेजे गये थे जिन पर सहमति नहीं बन सकी। |
| C | श्रीगंगानगर से जोधपुर/अहमदाबाद नई ट्रेन वाया हनुमानगढ़–सादुलपुर–चूरू–रतनगढ़–लाडनूं–डेगाना–जोधपुर होकर चलायी जाये इस से संबंधित प्रस्ताव रेलवे बोर्ड व संबंधित जोन को भेजें व हमें इसकी कॉपी उपलब्ध कराएं पिछले 7 सालों से इस क्षेत्र की जनता इसकी मांग कर रही है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>श्रीगंगानगर से जोधपुर नयी गाड़ी संचालन हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा IRTTC-2021 में प्रस्ताव दिया गया था जिस पर कार्यवृत्त तैयार कर रेलवे बोर्ड भेजे गये हैं। अनुवर्ती कार्यवाही रेलवे बोर्ड से अपेक्षित है। |
| D | ट्रेन संख्या 15657/15658 बह्मपुत्र मेल का विस्तार जोधपुर/बाड़मेर तक वाया संबंधित जोन को भेजें व हमें इसकी कॉपी उपलब्ध कराएं पिछले 7 सालों से इस क्षेत्र की जनता इसकी मांग कर रही है। रेवाड़ी सादुलपुर रतनगढ़ लाडनूं डेगाना मेड़ता रोड होकर, जिसके लिए उत्तर रेलवे ने 2020 व 2021 की अंतर रेलवे समय सारणी मीटिंग में सहमति के साथ जोधपुर तक विस्तार हेतु रेलवे बोर्ड़ व उत्तर पश्चिम रेलवे को भेजा प्रस्ताव कॉपी सलग्न होकर चलायी जाये, इस से संबंधित प्रस्ताव रेलवे बोर्ड व संबंधित जोन को भेजें व हमें इसकी कॉपी उपलब्ध कराएं पिछलें 7 सालों से इस क्षेत्र की जनता इसकी मांग कर रही है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 15955/56 डिब्रूगढ़–दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल NF Rly. के स्वामित्व की गाड़ी है। इस गाड़ी का दिल्ली स्टेशन पर द्वितीय अनुरक्षण किया जाता है। इस गाड़ी के दिल्ली–जोधपुर के मध्य संभावित पाथ पर गाड़ी सं. 22421/22 दिल्ली सराय रोहिल्ला–जोधपुर–सालासर एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है। बाड़मेर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधाओं के कारण प्रतिदिन द्वितीय अनुरक्षण हेतु स्लॉट उपलब्ध नहीं है। |

| | |
|---|---|
| E | बीकानेर–रतनगढ़–लाडनूं–डेगाना–मेड़तारोड–नागौर–बीकानेर सर्कुलर नई ट्रेन चलायी जाये इस से संबंधित प्रस्ताव रेलवे बोर्ड व हमें इसी कॉपी उपलब्ध कराएं, पिछले 10 सालों से इस क्षेत्र की जनता इसकी मांग कर रही है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे के मंडलो पर विद्युतीकरण का कार्य चल रहा है तथा आगामी 02 वर्ष में पूर्ण होने की संभावना है। साधारणतया सर्कुलर गाड़ी डेमू/ मेमू रेको से संचालित की जाती है। नई डेमू रेको की आपूर्ती रेलवे बोर्ड द्वारा उपरे को नहीं की जा रही है, भविष्य हेतु मेमू रेक की मांग एवं अनुरक्षण हेतु कार शैड की स्थापना विचाराधीन है अतः वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सर्कुलर गाड़ी चलाये जाना संभव नहीं है। |
| F | जोधपुर से हरिद्वार वाया डेगाना–छोटी खाटू–डीडवाना–लाडनूं–सूजानगढ़–रतनगढ़ होकर वर्तमान में कोई ट्रेन नहीं है। अतः ट्रेन संख्या 22481/22482 व 22421/22422 जोधपुर दिल्ली में किसी एक ट्रेन को हरिद्वार तक बढ़ायें व एक ट्रेन को अहमदाबाद तक बढ़ाये या फिर कोई नई ट्रेन सेवा जोधपुर से हरिद्वार तक चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड व संबंधित जोन को भेजें व कॉपी हमें उपलब्ध करायें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 22481–22482 जोधपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला दैनिक एक्सप्रेस का हरिद्वार/योगनगरी ऋषिकेश तक विस्तार हेतु प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी 2020 एवं 2021 में भेजा गया था जिस पर उत्तर रेलवे द्वारा सहमति नहीं दी गई।<br>सुझावित गाड़ियाँ इंटीग्रेटेड रेक लिंक में संचालित होने के कारण उक्त किसी भी गाड़ी का विस्तारण अहमदाबाद तक किया जाना संभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि जोधपुर से अहमदाबाद के मध्य हाल ही में गाड़ी सं. 14803/04 एवं 14819/20 का प्रतिदिन संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। |
| G | बाडमेर से मुंबई/बांद्रा टर्मिनल/चेन्नई/जयपुर/आगरा/झालावाड़ तक नई ट्रेन जिसकी मांग पांच सालों से हो रही है वाया बालोतरा समदड़ी।<br>**रिमार्क्सः–**<br>बाडमेर से मुंबई नयी गाड़ी चलाये जाने हेतु प्रस्ताव पश्चिम रेलवे को भेजा गया था किन्तु पालनपुर, मेहसाना, अहमदाबाद खंड पर दोहरीकरण कार्य के मद्देनजर पश्चिमी रेलवे द्वारा सहमति नहीं दी गई। शेष गंतव्य चेन्नई/जयपुर/आगरा/झालावाड के लिए नयी गाड़ी चलाये जाने हेतु कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। उल्लेखनीय है कि नयी गाडियां चलाये जाने हेतु कोचिंग स्टॉक, पाथ, लोको, मार्गस्थ रेलों की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति भी आवश्यक है। |
| H | बीकानेर से मुंबई/बांद्रा टर्मिनल वाया रतनगढ़–चूरू–सीकर–जयपुर–सवाईमाधोपुर–कोटा होकर तक नई ट्रेन ।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में बीकानेर–मुंबई के मध्य 01 जोड़ी गाड़ी प्रतिदिन, 02 जोड़ी गाड़ी द्विसाप्ताहिक एवं 04 जोड़ी गाड़ी साप्ताहिक चलाई जा रही है।<br>बीकानेर से मुम्बई/बांद्रा टी वाया रतनगढ़, चूरू, जयपुर, सवाई माधोपुर नयी गाड़ी चलाये जाने हेतु अतिरिक्त रेक/लोको के साथ मार्गस्थ रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। |
| I | ट्रेन संख्या 15623/15624 कामख्या भगत की कोठी, उनको सप्ताह में कम से कम तीन दिन चलाने हेतु प्रस्ताव भिजवाना।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 15623/24 भगत की कोठी–कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस उत्तरी सीमान्त रेलवे के |

| | |
|---|---|
| | स्वामित्व की गाडी है। इसके फेरों मे वृद्धी किये जाने हेतु मार्गस्थ रेलों पर पाथ की अनुपलब्धता मुख्य बाधा है। रेवाड़ी – दिल्ली खण्ड उत्तर रेलवे का अतिव्यस्त खण्ड है जिसकी लाईन क्षमता का उपयोग 100 प्रतिशत से भी अधिक हो रहा है। |
| J | ट्रेन संख्या 22915/22916 हिसार बांद्रा ट्रेन संख्या 19027/19028 जम्मूतवी बांद्रा जो अभी साप्ताहिक ट्रेन है उनको सप्ताह में कम से कम तीन दिन चलाने हेतु प्रस्वाव भिजवाना।<br>**रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी सं. 22915/16 बांद्रा टी–हिसार साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं 19027/28 बांद्रा टी–जम्मूतवी साप्ताहिक एक्सप्रेस पश्चिम रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी हैं। इनके फेरों मे वृद्धी किये जाने हेतु पाथ की अनुपलब्धता मुख्य बाधा है। उक्त गाड़ियों के पाथ पर दूसरी अन्य गाड़ियाँ पालनपुर–मुंबई के मध्य संचालित की जा रही है जिससे इनके फेरे बढाये जाना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। इस हेतु प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2018, 2019 एवं 2020 में भेजे गये थे जिन पर सहमति नहीं बन सकी। |
| K | डिब्रूगढ़ से जोधपुर ने ट्रेन सेवा वाया न्यू जलपाईगुड़ी मालदा फरक्का गोरखपुर वाराणसी दिल्ली रेवाड़ी सादुलपुर रतनगढ़ लाडनूं डेगाना जोधपुर का संचालन हेतु प्रस्ताव तैयार करके संबंधित जोन व रेलवे बोर्ड को भिजवाएं व कॉपी हमें उपलब्ध करवाएं। वर्तमान में इस रूट से डिब्रूगढ की कोई सीधी ट्रैन सेवा उपलब्ध नहीं है।<br>**रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी सं. 15955/56 डिब्रूगढ़–दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल NF Rly. के स्वामित्व की गाड़ी है। इस गाड़ी का दिल्ली स्टेशन पर द्वितीय अनुरक्षण किया जाता है। इस गाड़ी के दिल्ली–जोधपुर के मध्य संभावित पाथ पर गाड़ी सं. 22421/22 दिल्ली सराय रोहिल्ला–जोधपुर–सालासर एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है। |
| L | श्रीगंगानगर से ओखा जामनगर, वाया हनुमानगढ़–नोहर–सादुलपुर–रतनगढ़–लाडनूं–डेगाना–जोधपुर–समदड़ी–जालोर–राजकोट–सुरेन्द्रनगर–विरमगाम–महेसाना के रास्ते तक नई रेल सेवा के संचालन हेतु।<br>**रिमार्क्स:–**<br>श्रीगंगानगर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधाओं के मद्देनजर सुझावित मार्ग पर नयी गाड़ी चलाये जाना परिचालनिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। उल्लेखनीय है कि नयी गाडियां चलाये जाने हेतु कोचिंग स्टॉक, पाथ, लोको, मार्गस्थ रेलों की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति भी आवश्यक है। |
| M | गाड़ी संख्या 74835/74836 जोधपुर हिसार व हिसार जोधपुर ट्रेन जो वर्तमान में नए समय से संचालन हो रही वो दोनों साइड से जनता के सुविधा के अनुरूप नहीं है जिसके कारण यह ट्रेन में जितने पैसेंजर जो पहले पुराने समय में मिलते थे वो नहीं मिल पा रहे हैं अतः जनता की मांग के अनुरूप इस ट्रेन का दोनों साइड का समय पुराना वाला बहाल किया जाये।<br>**रिमार्क्स:–**<br>जीरो बेस समय सारणी की प्रक्रिया के दौरान बीकानेर मंडल के विभिन्न खंडों पर रेल पथ की मरम्मत हेतु कॉरिडोर ब्लॉक बनाये जाने हेतु उक्त गाड़ियों की समय सारणी में मामूली परिवर्तन किया गया था जिसे पुनः बदलने से परिचालन व अनुरक्षण पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ता है। |
| N | ट्रेन संख्या 12323/12324 का डेगाना मेड़ता रोड़ पर ठहराव हेतु रेलवे बोर्ड को फ्रेश लेटर भेजा जाये क्योंकि रेलवे बोर्ड ने उत्तर पश्चिम रेलवे के 2020 के भेजे लेटर पर विचार करने से मना कर दिया है उनका कहना है जोन से नया लेटर इस संबंध में भेजने को बोलें और इस संबंध में फ्रेश लेटर रेलवे बोर्ड को तुरंत भेज कर कॉपी हमें उपलब्ध करवाएं। |

| | |
|---|---|
| | **रिमार्क्सः—**<br>गाडी संख्या 12323 / 12324 का डेगाना, मेड़ता रोड़ पर ठहराव हेतु रेलवे बोर्ड को पत्र पूर्व में भेजा गया है। पत्र पुनः भेजे जाने हेतु कार्यवाही की जायेगी। |
| O | ट्रेन संख्या 14645 / 14646 व 14661 / 14662 शालीमार एक्सप्रेस का ठहराव कुचामन सिटी पे दिया जाये व ट्रेन संख्या 22674 / 22673 मनारगुड़ी जोधपुर व जोधपुर पुरी ट्रेन संख्या 20814 / 20813 का ठहराव भी कुचामन सिटी पर दिया जाये।<br>**रिमार्क्सः—**<br>वर्तमान में कुचामन सिटी स्टेशन पर कुल 30 गाड़ियों का ठहराव दिया गया हैं। गाड़ी संख्या 14645 / 14646 जम्मूतवी — जैसलमेर एक्सप्रेस व 14661 / 14662 जम्मूतवी — बाड़मेर एक्सप्रेस शालीमार एक्सप्रेस का कुचामन सिटी स्टेशन पर ठहराव हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा हुआ है।<br>गाड़ी सं0 20814 / 13 का ठहराव मकराना स्टेशन पर है जो कि कुचामन सिटी स्टेशन से मात्र 14 किमी की दूरी पर हैं। यात्री मकराना स्टेशन से इस सुविधा का लाभ उठा सकते है। कुचामन सिटी स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमश 39 व 9557 है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति में निर्धारित मानकों से कम है। अतः 22674 / 22673 एवं 20814 / 20813 गाड़ियों के ठहराव हेतु वाणिज्यिक औचित्य नहीं बनता है। |
| P | ट्रेन संख्या 22421 / 22422 व 22481 / 22482 का ठहराव ताल छापर पर 2022 में तेरापंथ के आचार्य महाश्रमण जी का घोषित चातुर्मास को देखते हुए धर्मानुरागी जनता के आवागमन को देखते हुए इसकी अनुशंसा रेलवे बोर्ड की जाये व उसकी कॉपी हमें उपलब्ध कराएं।<br>**रिमार्क्सः—**<br>तालछापर स्टेशन पर वर्तमान मे 6 जोड़ी गाड़ियों का ठहराव हैं।<br>ताल छापर स्टेशन से सुजानगढ़ स्टेशन मात्र 13 किमी की दूरी पर स्थित है। सुजानगढ़ स्टेशन पर गाड़ी सं0 22421 / 22 एवं 22481 / 82 का ठहराव हैं। यात्री सुजानगढ स्टेशन से इस सुविधा का लाभ उठा सकते है।<br>ताल छापर पर प्रतिदिन प्रतिगाडी औसत यात्रीभार 10 एवं आय 504 रूपये है। पूर्व में गाडी सं. 22421 व 22422 जोधपुर—दिल्ली सराय रोहिल्ला—जोधपुर एक्सप्रेस के तालछापर स्टेशन पर आरक्षित व अनारक्षित यात्री भार क्रमशः 02 एवं 10 तथा 02 एवं 50 रहा हैं। उपरोक्तानुसार यात्रीभार रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति में निर्धारित मानकों से कम है। अतः गाडी सं. 22481 / 82 जोधपुर—दिल्ली स. रोहिल्ला ठहराव दिया जाना औचित्यपूर्ण नहीं हैं। |
| Q | ट्रेन संख्या 22915 / 22916 बांद्रा हिसार ट्रेन का छोटी खाटू ठहराव दिया जाये क्योंकि यहाँ इसके अलावा सभी मेल एक्सप्रेस सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव है और यहाँ पर हर ट्रेन में अच्छा यात्री भार भी है।<br>**रिमार्क्सः—**<br>छोटी खाटू स्टेशन पर वर्तमान में 07 जोडी एक्सप्रेस एवं 01 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है। छोटी खाटू स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमश 22 व 2400 है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति में निर्धारित मानकों से कम है अतः गाड़ी संख्या 22915 / 16 बान्द्रा टी — हिसार एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाना औचित्यपूर्ण नहीं हैं। |
| R | ट्रेन संख्या 22421 / 22422 व ट्रेन संख्या 22481 / 22482 जोधपुर दिल्ली में से किसी एक ट्रेन का ठहराव खाटू, खुनखुना, पड़िहारा में दिया जाये जिससे इन क्षेत्रों के लोगों को भी दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन सेवा उपलब्ध हो सके और रेलवे को रेवेन्यु भी मिले।<br>**रिमार्क्सः—**<br>खाटू से छोटी खाटू मात्र 6 किमी की दूरी पर स्थित हैं। खुलनखुना से डीडवाना मात्र 16 |

| | |
|---|---|
| | किमी की दूरी पर स्थित है एवं पडिहारा से रतनगढ़ स्टेशन मात्र 20 किमी की दूरी पर स्थित हैं जहां गाड़ी सं0 22421 / 22 एवं 22481 / 82 का ठहराव हैं।<br>खाटू स्टेशन पर वर्तमान में 01 जोडी एक्सप्रेस एवं 02 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है। खुनखुना स्टेशन पर वर्तमान में 01 जोडी एक्सप्रेस एवं 02 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है। पडिहारा स्टेशन पर वर्तमान में 01 जोडी एक्सप्रेस एवं 02 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है।<br>गाडी सं. 22421 / 22422 जोधपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस हेतु आरक्षित व अनारक्षित यात्री भार क्रमशः तालछापर पर 02 व 10 एवं 02 व 50, पड़िहारा पर 02 व 08 एवं 01 व 10 हैं इसी प्रकार गाडी सं. 22481 / 22482 जोधपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस हेतु आरक्षित व अनारक्षित यात्री भार क्रमशः खुनखुना पर 03 व 07 एवं 03 व 28, खाटू पर 04 व 20 एवं 05 व 20 हैं।<br>खुनखुना स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमशः 13 व 503 है, खाटू स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमशः 18 व 658 है, पड़िहारा स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमशः 16 व 628 है, तालछापर स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमशः 10 व 504 है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति में निर्धारित मानकों से कम है अतः ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण नही हैं। |
| S | ट्रेन संख्या 14727 / 14728 तिलकब्रिज श्रीगंगानगर व ट्रेन संख्या 19707 / 19708 श्रीगंगानगर बॉम्बे अरावली एक्सप्रेस का ठहराव सिधमुख स्टेशन बीकानेर डिवीजन पर दिया जाये जिसके बीकानेर डिवीजन ने जोन को अनुशंसा भी कर दी है। अतः जोन इन दोनों ट्रेनों के सिधमुख ठहराव हेतु बोर्ड को लेटर भेजें व कॉपी हमें उपलब्ध करवाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सिधमुख स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री 16 व आय रू 715 / – औसत प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है। पूर्व में गाड़ी सं. 54767 / 68 श्रीगंगानगर–तिलक ब्रिज– श्रीगंगानगर (नया नं. 14727 / 28) पैसेंजर में सिधमुख स्टेशन पर आरक्षित व अनारक्षित यात्री भार 01 व 15 एवं और 0 व 10 औसत प्रतिदिन रहा हैं। जो रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति के मानक से कम है अतः गाड़ी सं. 14701 / 02 श्रीगंगानगर–बांद्रा टी अरावली एक्सप्रेस का ठहराव सिधमुख स्टेशन पर दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| T | ट्रेन संख्या 12323 / 12324 का बाडमेर और हावड़ा इस ट्रेन वीकली से सप्ताह में कम से कम चार दिन किया जाये क्योंकि इस ट्रेन में इस रूट में सभी स्टेशनों पर प्रयाप्त यात्री भार उपलब्ध है व दानों साइड में इस ट्रेन में एक से दो घंटा ट्रेवल टाइम कम किया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 12323 / 24 हावड़ा–बाड़मेर–एक्सप्रेस (द्वि–साप्ताहिक) पूर्वी रेलवे के स्वामित्व की सेवा है। उक्त गाड़ी उत्तर पश्चिम रेलवे के अलावा उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, पूर्वी मध्य रेलवे से होकर संचलित होती है। डेगाना से जोधपुर तक के दोहरीकरण पश्चात आगामी समय सारणी में इसे स्पीडअप किया जाना संभव हो सकेगा। |
| U | फुलेरा से डेगाना के मध्य कुचामन सिटी मकराना नावां इन स्टेशनों से बॉम्बे के लिए कोई सीधी ट्रेन सेवा नहीं है अतः जयपुर या जोधपुर की कोई ट्रेन विस्तार या चंडीगढ़ से रींगस फुलेरा कुचामन सिटी डेगाना जोधपुर के रास्ते बांद्रा हेतु ट्रेन सेवा शुरू की जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जयपुर या जोधपुर स्टेशन पर समाप्त होने वाली एवम् पश्चिम रेलवे द्वारा चलाई जाने वाली गाड़ियों में लाई ओवर बहुत ही कम होने के कारण विस्तार संभव नहीं है। वर्तमान में चण्डीगढ़ से बान्द्रा के मध्य गाड़ी संख्या 22451 / 52 द्वि–साप्ताहिक संचलित है तथा गाडी सं. 12215 / 16 दिल्ली स. रोहिल्ला–बांद्रा टी गरीबरथ सप्ताह में चार दिन एवं गाडी सं. |

| | |
|---|---|
| | 14701/02 अरावली एक्सप्रेस फुलेरा होते हुए संचालित है। कुचामन और नांवा सिटी के यात्री फुलेरा से उक्त सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त मार्ग परिवर्तन के साथ नई गाड़ी चलाये जाने हेतु उत्तर एवं पश्चिम रेलवे की सहमति तथा रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यकता होगी। |
| V | ट्रेन संख्या 12259/12660 स्यालदाह बीकानेर दुरंतो 30 घंटे से ज्यादा बीकानेर में lie over ट्रेन संख्या 12485/12486 व 12439/12440 नांदेड़ श्रीगंगानगर 20 घंटे से ज्यादा श्रीगंगानगर lie over ट्रेन संख्या 12489/12490 दादर बीकानेर का 25 घंटे से ज्यादा बीकानेर में lie over ट्रेन संख्या 22475/22476 कोयम्बटूर हिसार का हिसार में 40 घंटे से ज्यादा lie over ट्रेन संख्या 22417/22418 त्रिचापल्ली श्रीगंगानगर का श्रीगंगानगर में 25 घंटे से ज्यादा lie over ट्रेन संख्या 22737/22738 सिकंदराबाद हिसार का हिसार में 20 घंटे से ज्यादा lie over ट्रेन संख्या 14709/14710 पुरी बीकरनेर का बीकानेर में 70 घंटे से ज्यादा lie over अगर इन ट्रेनों के lie over रेक का यूटिलाइजेशन अगर बीकानेर डिवीजन या उत्तर पश्चिम रेलवे करता है तो इन ट्रेनों को आसानी से रतनगढ़, डेगाना, कटरा जोधपुर लुधियाना, अमृतसर, भटिंडा तक आसानी से बढ़ाया जा सकता है बिना किसी अतिरिक्त संसाधनों के इससे इन स्टेशनों व क्षेत्रों के लोगों को सुविधा के साथ–साथ रेलवे को भी अतिरिक्त राजस्व मिलेगा इसी तरह के प्रस्ताव जोधपुर, अजमेर, जयपुर डिवीजन में lie over रेकों के संबंध में लागू कर सकते हैं और NWR व सभी डिवीजन को अतिरिक्त रेलवे राजस्व मिल सकता हौ।<br>**रिमार्क्सः–**<br>उक्त सभी लाई ओवर बीकानेर मंडल स्थित विभिन्न कोचिंग डिपो पर उपलब्ध हैं। उल्लेखनीय है कि बीकानेर मंडल पर विभिन्न कोचिंग डिपो पर सीमित अनुरक्षण सुविधा एवं स्टॉफ के कारण उपलब्ध सभी लाई ओवर से नयी गाड़ी चलाया जाना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। |
| W | Provide direct train service for Jaipur capital of Rajasthan पड़िहारा–तालछापर–सूजानगढ़–लाडनूं–डीडवाना–खुनखुना–छोटी खाटू स्टेशनों व इन शहर के लोगों का आजादी के 74 सालों बाद भी राजस्थान की राजधानी जयपुर से सीधा जुड़ाव नहीं ।<br>**रिमार्क्सः–**<br>बीकानेर से जयपुर वाया मेडता रोड, डेगाना तथा वाया रतनगढ, चुरू एक्सप्रेस गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। बीकानेर से जयपुर वाया रतनगढ, डेगाना तुलनात्मक रूप से लंबा मार्ग है तथा रतनगढ एवं डेगाना स्टेशनो पर इंजन रिवर्सल भी एक परिचालनिक बाधा है।<br>डेगाना–रतनगढ़ खंड के यात्री जयपुर हेतु डेगाना व रतनगढ़ तथा चूरू स्टेशनों से जयपुर की ओर जाने वाली गाड़ियों में यात्रा कर सकते हैं। |
| 2 | लाडनूं–सूजानगढ़–डीडवाना–छोटी खाटू–डेगाना–रतनगढ़–कुचामन–रेन के स्टेशनों में यात्री सुविधाओं की मागं व रतनगढ़–डेगाना–बाडमेर में नई वाशिंग लाइन व पिट लाइन निर्माण की मांग।<br>**रिमार्क्सः–** वर्तमान में लालगढ, बीकानेर, हिसार, बठिंडा, पर वाशिंग लाइन उपलब्ध हैं। अतः रतनगढ, डेगाना स्टेशनों पर वाशिंग लाइन का निर्माण परिचालनिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण नहीं है तथा वर्तमान में बाडमेर में एक वाशिंग लाईन उपलब्ध है जोकि ट्रेनों के रखरखाव के कार्य हेतु पर्याप्त है तथा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बाडमेर स्टेशन पर नयी वाशिंग लाईन का निर्माण औचित्यपूर्ण नहीं है भविष्य में गाड़ियों की संख्या में वृद्धी होने पर विचार किया जाना संभव हो सकेगा। |
| A | लाडनूं स्टेशन पर पुनः पार्सल सेवा शुरू करने हेतु ZRUCC की 18 मीटिंग गलत तथ्यों का हवाला दिया गया, जबकि CMI and TI की संयुक्त रिपोर्ट 11.09.2020 में उन्होंने लाडनूं व डीडवाना स्टेशनों पर पार्सल यातायात पुनः खोलने हेतु अनुशंसा की । |

| | |
|---|---|
| | **रिमार्क्सः–**<br>लाडनू एवं डीडवाना स्टेशनों को पार्सल यातायात हेतु खोले जाने के प्रस्ताव की समिक्षा कराई गई, जिसमें इन स्टेशनों को पार्सल यातायात हेतु खोले जाने का वाणिज्यिक औचित्य नही है। |
| B | आदर्श स्टेशन लाडनूं पर पीने के पानी की समस्या, लाडनूं स्टेशन पर विकलांग, व्यस्क, लेडीज यात्रियों हेतु लिफ्ट की व्यवस्था करना व अन्य समस्या का समाधान हेतु। |
| 1 | लाडनूं स्टेशन पर पीने के पानी की समस्या है क्योंकि स्टेशन व स्टॉफ क्वार्टर पर पानी की सप्लाई राजस्थान सरकार के जलदाय विभाग द्वारा की जाती है जो कि पूरे शहर व स्टेशन परिसर में तीन से चार दिन के अंतराल पर की जाती है जिस कारण स्टेशन व स्टॉफ क्वार्टर पर पीने के पानी की कमी हर समय बनी रहती है जिसका स्थायी समाधान हेतु डीप टयूबवेल पानी के भण्डारण की समुचित व्यवस्था पानी की टंकी व खारे पानी को पीने योग्य व शुद्ध करने हेतु आरओ मशीन की स्वीकृति दी जाये जिससे स्टेशन व स्टॉफ क्वार्टर में हर दिन रहने वाली पानी की समस्या का हल हो जायेगा यानि स्टेशन पर प्रतिदिन पानी की उपलब्धता रहेगी।<br>**रिमार्क्सः–**<br>लाड़नूं में भुमिगत जल उपलब्ध नही होने के कारण ट्युबवैल नहीं लगाया गया है ।<br>लाड़नूं स्टेशन के प्लेटफार्म नं 1 पर 9 पानी के नल एवं प्लेटफार्म नं 2 पर 7 पानी के नल उपलब्ध है । इनके अलावा भी प्लेटफार्म नं 1 एवं 02 पर दोनों सिरों पर एक–एक वाटर बूथ (02 पानी के नल) लगाने का कार्य प्रगति पर है । |
| 2 | लाडनूं स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर वर्तमान में वाटर बूथ नहीं है केवल प्लेटफार्म के मध्य में पांच दस वाटर टेप एक ही जगह लगे हुए हैं जिस कारण मेल एक्सप्रेस सुपरफास्ट ट्रेन जिसमें 18 से 24 कोच होते हैं उनके यात्रियों को लाडनूं स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म पे पानी ही नहीं मिल पाता है क्योंकि पूरे प्लेटफॉर्म पर कहीं भी वाटर बूथ नहीं इस संबंध में जोधपुर डिवीजन के अधिकारियों को पत्र व शिकायत के माध्यम से बहुत बार अवगत कराया गया लेकिन अधिकारीगण रटा–रटाया जवाब देते हैं कि पानी के पर्याप्त नल लगे हुए हैं पर उनको यह कौन समझाये कि नल पूरे प्लेटफार्म पे नहीं है केवल मध्य में है उस से आगे व पीछे के डब्बों के यात्री पानी कैसे ले या वो समझाना ही नहीं चाहते हैं<br>**रिमार्क्सः–**<br>लाड़नूं स्टेशन के प्लेटफार्म नं 1 पर 9 पानी के नल एवं प्लेटफार्म नं 2 पर 7 पानी के नल उपलब्ध है । इनके अलावा भी प्लेटफार्म नं 1 एवं 02 पर दोनों सिरों पर एक–एक वाटर बूथ (02 पानी के नल) लगाने का कार्य प्रगति पर है । |
| 3 | लाडनूं स्टेशन के प्लेटफार्म दो पे वाटर बूथ तो बने हुए हैं तथा पानी की टंकी भी है लेकिन मोटर नहीं है जिस कारण पानी को लिफ्ट नहीं किया जा सकता है जिस कारण पानी टंकी तक नहीं पहुंच पाता जिस कारण उन वाटर बूथों में पानी नहीं रहता है इसमें कैसे सुधार हो या तो पानी को लिफ्ट करने के लिए मोटर की व्यवस्था हो या एक नंबर में स्टोरेज क्षमता के साथ टंकी बनाकर उसके साथ दो नंबर प्लेटफार्म के वाटर बूथ को जोड़ा जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में स्टेशन के वाटर बुथ पर पानी की सप्लाई सुचारू रूप से की जा रही है। |
| 4 | लाडनूं स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक व दो दोनों पर कुर्सियों पे कोई शेड नहीं है जिस कारण दोनों प्लेटफॉर्म के यात्रियों को धूप व बारिश में ही ट्रेन पकड़नी पडती है अतः दोनों प्लेटफार्म की कुर्सियों पर छोटे छोटे शेड बनाकर राहत प्रदान की जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>लाड़नूं स्टेशन एन.एस.जी –5 श्रेणी का स्टेशन है । MEA (न्युनतम आवश्यक सुविधायें) के |

| | |
|---|---|
| | मापदण्ड के अनुसार प्रत्येक प्लेटफॉर्म पर न्यूनतम 50 वर्गमीटर शैड होना चाहिये, वर्तमान में लाड़नूं स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं 1 पर 186 वर्गमीटर प्लेटफॉर्म शैड उपलब्ध है एवं प्लेटफॉर्म नं 2 पर 224 वर्ग मीटर प्लेटफॉर्म शैड लगाने का कार्य प्रगति पर है । |
| 5 | लाडनूं स्टेशन के दोनों प्लेटफॉर्म की लम्बाई 26 कोच के अनुरूप नहीं है जिसके कारण वर्तमान में दोनों प्लेटफॉर्म पे दो या तीन कोच बाहर रहते हैं जिस कारण लेडीज बच्चों बुजिर्गों को डिब्बों में चढ़ने में काफी परेशानी होती है और बहुत बार चढ़ने या उतरने के समय गिर जाने से चोट लगती है और लगने का डर हमेशा बना रहता है अतः दोनों प्लेटफॉर्म की लम्बाई वर्तमान लम्बाई से तुरंत बिना देरी के बढ़ाई जाये।<br>**रिमार्क्सः—**<br>लाडनू स्टेशन के प्लेटफार्म को 24 कोच की गाडियों के अनुरूप विस्तारित करने का का कार्य वर्ष 2021—22 में प्रस्तावित है। |
| 6 | लाडनूं स्टेशन पर अतिरिक्त निधि व सुगम्य भारत अभियान के तहत विकलांग वयस्क लेडीज यात्रिओं हेतु लिफ्ट का प्रस्ताव बनाकर भिजवाया जाये इसके अलावा लिफ्ट के सर्कुलर के अनुसार जो शहर या स्टेशन धार्मिक या टूरिस्ट स्टेशन है वहां पर लिफ्ट लगायी जा सकती है, इसके अलावा लिफ्ट सर्कुलर के अनुसार अगर उस स्टेशन के लोकसभा का सांसद मांग करता है तो भी लिफ्ट लगायी जा सकती है इस संदर्भ में लाडनूं की लोकसभा नागौर के सांसद श्री हनुमान बेनीवाल जी ने रेलमंत्री, उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक, जयपुर मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक व जोधपुर के मण्डल रेल प्रबंधक को पत्र लिख कर मांग की है अतः लिफ्ट सर्कुलर अनुसार उसके 2 से 3 बिंदु पुरे होते हैं और इन बिंदुओं के पुरे होने के बाद स्टेशन की केटेगरी व फुटफॉल कोई मायने नहीं रखते हैं अतः सम्बंधित अधिकारी इस मांग के प्रस्ताव बनाकर इसे शीघ्र स्वीकृति देवें।<br>**रिमार्क्सः—**<br>लाडनू एनएसजी—5 श्रेणी का स्टेशन है जहॉ पर न्यूनतम आवश्यक यात्री सुविधा नीति अनुसार लिफ्ट का प्रावधान नही है। परन्तु एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने हेतु पाथ वे उपलब्ध है।<br>रेलवे बोर्ड का पत्र सं. 2013 / इलेक्ट(जी) / 150 / 13 / पीटी—1 (डीयूपी) दिनांक 06.03.19 के दिशा निर्देशों (1.7) के अनुसार किसी स्टेशन पर लिफ्ट लगाने का निर्धारण footfall एवं feasibility आदि के आधार पर किया जाता है लाडनूं स्टेशन का footfall 1912 है एवं लाडनूं रेलवे स्टेशन का कोई कार्य स्वीकृत नही हुआ है। किसी पात्र रेलवे स्टेशनों पर स्वीकृत कार्यो के अनुसार लिफ्ट लगाये जाने के लिये चरणबद्ध तरीके से कार्यवाही की जा रही है। |
| 7 | लाडनूं स्टेशन के वेटिंग रूम का टॉयलेट और स्टॉफ का टॉयलेट एक ही है। उसको अलग—अलग किया जाये अन्यथा कभी भी कोई लेडीज यात्री को प्रॉब्लम हो सकती है और कोई अनहोनी घटित हो सकती है। अतः इसको तुरंत प्रभाव से दोनों के लिए अलग—अलग व्यवस्था हो।<br>**रिमार्क्सः—**<br>लाडनू स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 01 पर 03 शैचालय एवं 03 यूरिनल तथा प्लेटफार्म संख्या 02 पर 01 शौचालय एवं 01 यूरिनल उपलब्ध है, जो रेलवे बोर्ड की न्यूनतम आवश्यक यात्री सुविधा नीति अनुसार पर्याप्त सुविधा है। |
| 8 | लाडनूं स्टेशन पर आज तक यानि सीसीटी कैमरों की स्वीकृति के बाद भी अभी तक कैमरे नहीं लगे हैं।<br>**रिमार्क्सः—**<br>यह कार्य रेलटेल द्वारा किया जा रहा है। |

| | |
|---|---|
| 9 | लाडनूं स्टेशन पर पर्याप्त लाईट व्यवस्था नहीं है जो एलईडी लाईट लगी है वो कम वाट की होने से रोशनी की जितनी दरकार है उतनी नहीं हो रही है और स्टेशन एरिया में फ्लड लाइट की भी व्यवस्था हो।<br>**रिमार्क्सः—**<br>लाडनूं रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 पर 30 नग 20 वॉट की एलईडी स्ट्रीट लाइट्स एवं प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर 28 नग 20 वॉट की एलईडी स्ट्रीट लाइटस लगी हुई है। साथ ही स्टेशन परिसर में पर्याप्त एलईडी स्ट्रीट लाइटस लगी हुई है जो कि पर्याप्त है। |
| 10 | लाडनूं स्टेशन पे राट्रीय ध्वज नहीं है उसकी व्यवस्था यानि उसकी स्वीकृति दी जाये।<br>**रिमार्क्सः—**<br>वर्तमान में रेल्वे बोर्ड की गाईडलाइन के अनुसार एनएसजी —1 एवं 2 श्रेणी स्टेशन, राज्य राजधानी (State -Capital) एवं जिला मुख्यालय (District Headquarter) पर स्थित रेलवे स्टेशनो पर राष्ट्रीय ध्वज लगाये गये है । |
| 11 | लाडनूं स्टेशन पे डिजिटल अनॉउन्समेंट सिस्टम नहीं है और दूसरे प्लेटफॉर्म पर कोई अनॉउसमेंट सिस्टम उसकी व्यवस्था नहीं है इसकी स्वीकृति दी जाये।<br>**रिमार्क्सः—**<br>लाडनू स्टेशन पर डिजिटल उदघोषणा प्रणाली उपलब्ध है। प्लेटफार्म सं0 2 पर प्लेटफार्म शेड़ का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त उदघोषणा प्रणाली के प्रावधान बाबत कार्यवाही की जाएगी। |
| 12 | **अ.** लाडनूं स्टेशन पर एक और फुट ओवर ब्रिज जो लाडनूं की शहरी आबादी क्षेत्र तेली रोड़ से शुरू होकर लाडनूं स्टेशन के दोनों प्लेटफॉर्म से होते हुए दूसरी तरफ सरकारी कार्यालय की तरफ ताकि जसवंतगढ़ असोदा पदमपुरा गाँवों के लोगों को स्टेशन सीधे आने की सुविधा उपलब्ध हो।<br>**रिमार्क्सः—**<br>स्टेशन पर एफ.ओ.बी रेल यात्रियों की सुविधा हेतु होता है। प्लेटफार्म को जोड़ते हुये बाहर से बाहर एफ.ओ.बी. दिशा निर्दशों के अनुसार नही दिया जा सकता है । |
| | **ब.** लाडनूं स्टेशन पर वर्तमान एंट्री गेट के अलावा सेकंड एंट्री गेट दो नंबर प्लेटफॉर्म पर जसवंतगढ़ असोदा पदमपुरा गाँवों के लोगों के लिए स्वीकृति दी जाये।<br>**रिमार्क्सः—**<br>लाडनूं स्टेशन पर वर्तमान यात्री भार (वर्ष 2019 का फुटफाल प्रतिदिन 956 एवं वर्ष 2021 01 जनवरी से 31 दिसम्बर 2021 का फुटफाल प्रतिदिन 695 यात्री) को देखते हुए द्वितीय प्रवेश द्वार का औचित्य नही है। |
| 13 | **अन्य स्टेशनः—** |
| 13.1 | सूजानगढ़—रतनगढ़—डीडवाना—छोटी खाटू स्टेशन—तालछापर—पड़िहारा पर कोच गाइडेंस प्रणाली लगायी जाये। इन स्टेशनों को सॉफ्ट अपग्रेडेशन के माध्यम से यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाये। पड़िहार स्टेशनों पर वर्तमान में एक प्लेटफॉर्म है जबकि यहाँ पर रेगुलर क्राँसिंग होती है जिससे यात्रियों को बिना प्लेटफॉर्म के दूसरी लाईन पर ट्रेन पकड़नी पड़ती है। जिससे लेडीज बच्चों व सीनियर सिटीजन को बहुत तकलीफ होती है और दुर्घटना होने की सम्भावना रहती है। अतः दूसरे प्लेटफॉर्म के निर्माण हेतु शीघ्र स्वीकृति दी जाये। रतनगढ़ स्टेशन का 4 नंबर प्लेटफॉर्म पैसेंजर सुविधा के अनुरूप नहीं है उसको सही किया जाये।<br>**रिमार्क्सः—**<br>सूजानगढ, रतनगढ़ एवं डीडवाना रेलवे स्टेशन एनएसजी—5 श्रेणी के स्टेशन है तथा छोटी खाटू, तालछापर एवं पडिहारा रेलवे स्टेशन एनएसजी—6 श्रेणी के स्टेशन है। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी यात्री सुविधाओं के मानदंडानुसार केवल एनएसजी—1 एवं एनएसजी—2 श्रेणी के स्टेशनो पर ही वांछनीय सुविधाओं के रूप में ट्रेन कोच इंडिकेशन सिस्टम लगाने का प्रावधान है। |

| | |
|---|---|
| | पड़िहारा स्टेशन पर द्वितीय प्लेटफॉर्म का कार्य वर्ष 2021–22 में स्वीकृत है।<br>रतनगढ स्टेशन पर यात्रियो के उपयोग/आवागमन हेतु प्लेटफार्म संख्या 1 से 3 ही प्रयोग में लिए जाते है एवं रेलवे बोर्ड की न्यूनतम आवश्यक यात्री सुविधा नीति अनुसार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है। |
| 13.2 | छोटी खाटू स्टेशन पर खाटू स्टेशन की अपेक्षाकृत यात्री भार व आय अधिक है फिर छोटी खाटू स्टेशन को परिचालन की दृष्टिकोण से ब्लॉक हाल्ट स्टेशन बना रखा है अतः इस स्टेशन को अपग्रेड किया जाये यात्री भार को देखते हुए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>छोटी खाटू स्टेशन पर वर्तमान में 07 जोडी एक्सप्रेस एवं 01 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है। वर्तमान में खाटू स्टेशन हॉल्ट स्टेशन रहने से किसी तरह की परिचालनिक समस्या नहीं हो रही है। जब कभी भी लाइन क्षमता बढाने की आवश्यकता होगी उस दौरान खाटू स्टेशन को ब्लॉक स्टेशन बनाये जाने पर विचार किया जायेगा। |
| 13.3 | डेगाना से लेकर रतनगढ़ सेक्शन में छोटी खाटू–डीडवाना–लाडनूं–सूजानगढ़–तालछापर–पड़िहारा आदि सभी स्टेशन भवनों को मीटर गेज से ब्रॉड गेज में कन्वर्सन के समय इन स्टेशन भवनों की इमारतों को ऊँचा नहीं उठाया गया जिस कारण आज भी इन सभी स्टेशनों के भवन प्लेटफार्म की ऊँचाई से नीचे है इस बारे में बहुत बार शिकायत व लिखित में ज्ञापन भी दिया गया लेकिन आज तक इस सम्बन्ध में न तो जोधपुर डिवीजन ने व ना ही जोन ने इन भवनों को ऊपर उठाने हेतु कोई योजना बनायी है किस कारण डिवीजन व जोन इन स्टेशनों की उपेक्षा कर रहे हैं। स्पष्टीकरण देवें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में इन स्टेशनों के भवनो को ऊँचा करने की कोई योजना नही है। |
| 13.4 | रेन स्टेशन पर सभी ट्रेनों का मानवीय आधार पर ठहराव दिया जाये व वहां पर पोलिओं रागियों की सहायता हेतु समुचित यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>विभिन्न दिशाओं से रैन स्टेशन पर वर्तमान में 18 गाडियों का ठहराव है। रेन स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाडी औसत यात्रीभार 25 एवं आय 2357 रूपये है, जो रेलवे बोर्ड के ठहराव मानकों से कम होने के कारण अतिरक्त गाडियों के ठहराव का वाणिज्यिक औचित्य नही है।<br>इसके अतिरिक्त मेडता स्टेशन रैन स्टेशन से मात्र 17 किमी दूरी पर स्थित है जहॉ वर्तमान में 84 गाड़ियों का ठहराव हैं। मेडता रोड स्टेशन जंक्शन स्टेशन है, जहां सभी दिशाओं में आने–जाने वाली लगभग सभी गाड़ियों का ठहराव है। अतः मेडता रोड स्टेशन पर गाड़ी बदल कर रैन स्टेशन पहुॅचा जा सकता हैं। |
| 13.5 | मेड़ता रोड़ स्टेशन पर सभी ट्रेनों का ठहराव दिया जाए। जिसमें दादर–बीकानेर आदि अनेक ट्रेनों का वर्तमान में मेड़ता रोड़ में ठहराव दिया नहीं है व यात्री सुविधाओं के तहत लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध कराई जाये तथा रेलवे पॉलिसी व नार्म्स के तहत मेड़ता रोड़ व मेड़ता बाईपास स्टेशन को यात्रियों के आने जाने हेतु आपस में जोडा जाये जो अभी नहीं है जबकि दोनों स्टेशनों के नाम एक ही है या तो दोनो स्टेशनों के अलग अलग नामकरण हो नही ंतो दोनों आपस में जोड़ने की जिम्मेदारी रेलवे की होती है जो वर्तमान में नहीं जिस कारण अनेक यात्रियों की ट्रेन छूट जाती है तो उसके लिए कौन अधिकारी डिवीजन व जोन में जिम्मेदार है बतायें?<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में मेडता रोड स्टेशन पर 84 गाड़ियों का ठहराव है इनमे से मुम्बई स्टेशन के लिए कुल 14 गाड़ियों का संचालन हो रहा है।<br>मेडता रोड एनएसजी–4 श्रेणी का स्टेशन है जहॉ रेलवे बोर्ड की न्यूनतम आवश्यक यात्री |

| | |
|---|---|
| | सुविधा नीति अनुसार लिफ्ट का प्रावधान नही है।<br>मेडता रोड एक ही स्टेशन है और सिर्फ बातचीत के लिए बाईपास लाईन को बाईपास स्टेशन कहा जाने लगा है। बाईपास पर यात्रियों की सुविधा के लिए यात्रियों को टिकट उपलब्ध कराने हेतु बुकिंग क्लर्क रहता है वर्तमान में मेडता रोड बाई पास स्टेशन पर 02 वाटर बूथ मय 04 नल, यात्रियों कों बैठने हेतु 51 सीट, 05 बस टाईप शैल्टर (प्रत्येक 18 वर्ग मीटर), 02 मुत्रालय, 01 फेब्रीकेटेड टायलेट, 01 टायलेट पृथक–पृथक टायलेट पुरूष, महिला, दिव्यांग हेतु, 28 पोल प्रकाश व्यवस्था हेतु उपलब्ध है। |
| 14 | **न्यू वाशिंग लाईन व पिट लाईन** |
| | रतनगढ़ जंक्शन व डेगाना जंक्शन पर रेल टर्मिनल यानि वाशिंग लाईन व पिट लाईन के निर्माण हेतु व बाडमेर में अतिरिक्त वाशिंग लाईन व पिट लाईन के निर्माण हेतु मांग, रतनगढ़ व डेगाना, जंक्शन व लाडनूं, सूजानगढ़ पर ट्रेनों में वाटरिंग सुविधा हेतु क्विक वाटरिंग सिस्टम सुविधा उपलब्ध कराई जाये जो वर्तमान में नहीं है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में लालगढ, बीकानेर, हिसार, बठिंडा, पर वाशिंग लाइन उपलब्ध हैं। अतः रतनगढ, डेगाना स्टेशनों पर वाशिंग लाइन का निर्माण परिचालनिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण नहीं है तथा वर्तमान में बाडमेर में एक वाशिंग लाईन उपलब्ध है जोकि ट्रेनों के रखरखाव के कार्य हेतु पर्याप्त है तथा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बाडमेर स्टेशन पर नयी वाशिंग लाईन का निर्माण औचित्यपूर्ण नहीं है भविष्य में गाड़ियों की संख्या में वृद्धी होने पर विचार किया जाना संभव हो सकेगा।<br>सुजानगढ़ स्टेशन के निकटवर्ती स्टेशन, चूरू Enroute Watering के लिये नामित स्टेशन है ओर चूरू में त्वरित वाटरिंग प्रणाली का प्रस्ताव वर्ष 2021–22 में स्वीकृत है। |
| | **स्पेशल रिमार्क्स** |
| A | नई ट्रेनों को चलाने, ट्रेनों का विस्तार व ट्रेनों के फेरे बढ़ाने हेतु ट्रेनों के ठहराव यद्यपि यह रेलवे बोर्ड से संबंधित है और मार्ग में पड़ने वाले अन्य जोन से संबंधित है लेकिन रेलवे बोर्ड व अन्य जोन को मांगो के बारे में प्रस्ताव भिजवाने का अधिकार तो आपके क्षेत्राधिकार में आता है तो आप मांगों को Examine (Commercial justify & operational feasible) करवा कर प्रस्ताव जरूर भिजवाएं।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सुझाव नोट कर लिया गया है। |
| B | जोधपुर डिवीजन के कमर्शियल डिपार्टमेंट के अधिकांश अधिकारी जेडआरयूसीसी व अन्य का फोन ही नहीं उठाते और उनके लैंड लाईन फोन हमेशा फैक्स मोड पर रहते हैं। जिस कारण जोधपुर डिवीजन पे दानदाताओं द्वारा परमिशन लेने में बहुत दिक्कत होती है। इस समस्या का समाधान किया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सुझाव नोट कर लिया गया है। |
| C | 18वीं जेडआरयूसीसी मीटिंग की वॉयस रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराई जाये व इस मीटिंग की वॉयस रिकार्डिंग बाद में उपलब्ध कराने की व्यवस्था हो।<br>**रिमार्क्सः–**<br>18वीं जेडआरयूसीसी की मीटिंग के मिनट्स जारी कर दिये गये हैं। |
| D | 2014 से अब तक डेगाना–रतनगढ़ सेक्शन में हावड़ा से बाड़मेर को छोड कर कोई नई ट्रेन इन सात सालों में उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा चलाई गयी हो तो उपलब्ध कराएं और कोई ट्रेन इन सात सालों में नहीं चला पाए तो उसका कारण बताएं क्या यह उत्तर पश्चिम रेलवे की उपलब्धि मानी जाये या इसे आपकी नाकामी किस कारण डिवीजन व जोन इन स्टेशनों की |

| | |
|---|---|
| | उपेक्षा कर रहे हैं। स्पष्टीकरण देवें।<br>**रिमार्क्सः—**<br>वर्ष 2014 के पश्चात गाड़ी सं. 15623/24 कामाख्या—भगत की कोठी दिनांक 04.03.16 से, गाड़ी सं. 04851/52 मेडता रोड़—रतनगढ़ विशेष दिनांक 21.06.2017 से चलाई गई हैं। गाड़ी सं. 22421/22 (पुराना नं 14705/06 दिल्ली सराय रोहिल्ला—सुजानगढ) का विस्तार भगत की कोठी तक दिनांक 07.12.2014 से किया गया है। हाल ही में गाड़ी सं. 12323/24 हावडा—बाडमेर के फेरों में दिनांक 25.01.2022 से वृद्धी कर इसे द्विसाप्ताहिक किया गया है। |
| 15 | लाडनूं स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 2 पर यात्रियों हेतु मूलभूत सुविधाएं उपलबध करवाई जाये। |
| 16 | माननीय सदस्यों द्वारा जो भी पत्र लिखे जाते हैं, उनका जबाव समय पर दिया जाना सुनिश्चित करें। |
| 17 | छोटी खाटू, पड़िहारा, तालछापर इत्यादि स्टेशनों पर सभी गाड़ियों का ठहराव किया जाना आवश्यक है। |
| 18 | माननीय सदस्यों द्वारा अनुरोध है कि बैठक में उठाये गये मुद्दों पर की गई कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट समय—समय पर सभी सदस्यों को दी जानी चाहिए। |
| 19 | कोविड महामारी से समय बंद हुई रेल सेवा को पुनः प्रारम्भ करने हेतु कृपया रेलवे बोर्ड से संपर्क कर शीघ्र चलाया जाये। तथा इनके स्टॉपेज को पुनः बहाल किया जाये। |

| | **18. श्री भीम प्रकाश शर्मा** |
|---|---|
| 1 | गाड़ी संख्या 04702 लालगढ़–अबोहर का श्रीगंगानगर तक विस्तार संभव है। यह गाड़ी अबोहर में शाम 07:10 बजे आगमन कर 35 मिनट बाद इसी रेक के साथ गाड़ी संख्या 14700 अबोहर–जोधपुर के रूप में रवाना हो रही है। इससे पहले बठिण्डा में भी गाड़ी संख्या 04702 शाम 4:45 बजे आगमन कर 45 मिनट तक ठहराव कर रही हैं। इसी क्रम में गाड़ी सख्या 14722 के समय में थोड़ा परिवर्तन करके श्रीगंगानगर से रवाना किया जाये। वर्तमान में शाम 04:30 बजे से रात्रि 10:35 बजे तक श्रीगंगानगर से बठिण्डा मार्ग पर कोई भी यात्री ट्रेन नहीं है। दोनों के समय में थोडा–थोड़ा बदलाव करके इसे श्रीगंगानगर तक विस्तारित किया जा सकता है। इससे दैनिक यात्रियों को सुविधा मिल सकती है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सुझावित गाडी के श्रीगंगानगर तक विस्तार हेतु उत्तर रेलवे द्वारा परिचालनिक साध्यता के उपरान्त ही प्रभावी कार्यवाही संभव है। इस गाडी की समय सारणी में परिवर्तन कर श्रीगंगानगर तक चलाये जाने हेतु आपका सुझाव उत्तर रेलवे को भेजा गया है। |
| 2 | श्रीगंगानगर से अमृतसर के लिये कोई भी यात्री गाड़ी न होना बड़े अचरज की बात है। वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से जयपुर–अमृतसर वाया श्रीगंगानगर ट्रेन का प्रस्ताव भी भेजा गया था, यह बात बिल्कुल सही है, लेकिन फिरोजपुर मण्डल व अम्बाला मण्डल की 25 नवम्बर को चंडीगढ़ में हुई मीटिंग में उत्तर रेलवे की ओर से जवाब मिला कि उत्तर पश्चिम रेलवे ने कोई प्रस्ताव नहीं भेजा। रेलवे के एक जोन ने दूसरे जोन को झूठा साबित करने का प्रयास किया है। इस बारे में हमने उत्तर रेलवे को उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रस्ताव की प्रति भेजकर पुनः अवगत करवाया था। इसकी वर्तमान स्थिति प्रगति क्या है?<br>**रिमार्क्सः–**<br>जयपुर से अमृतसर वाया सीकर, लोहारू, सादुलपुर, हनुमानगढ, मंडी डबवाली, बठिण्डा होकर प्रस्ताव उत्तर रेलवे को भेजा गया था जिस पर उत्तर रेलवे द्वारा अभी तक किसी प्रकार की सहमति नहीं दी गई है। इस पुनः उत्तर रेलवे को पत्र लिखा गया है। |
| 3 | गाड़ी संख्या 14701/02 श्रीगंगानगर–बांद्रा टर्मिनस–श्रीगंगानगर का प्राथमिक अनुरक्षण यदि श्रीगंगानगर के स्थान पर बठिण्डा में किया जाता है तो बठिण्डा, गिदड़बाहा, मलोट से खाटू श्यामजी, सालासर, गोगामेड़ी जाने वाले श्रद्धालुओं को सीधी रात्रिकालीन ट्रेन की सुविधा मिल सकती है। उत्तर रेलवे का अम्बाला मण्डल व उत्तर पश्चिम रेलवे का बीकानेर मण्डल इस पर मंथन करके रेल यात्रियों को बड़ी राहत प्रदान कर सकता है। बांद्रा टर्मिनस से प्रतिदिन प्रातः 4 बजे श्रीगंगानगर पहुंचने के 19 घण्टे बाद यह ट्रेन रात्रि 11 बजे पुनः बांद्रा टर्मिनस के लिये रवाना होती है। श्रीगंगानगर का यार्ड भी खाली हो सकेगा व किसी नई ट्रेन का श्रीगंगानगर में आगमन सम्भव हो पायेगा। इस बारे में हमारी ओर से उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक को पत्र भी लिखा गया है, जिस पर कुछ मूवमेंट होने की जानकारी भी मिली है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 14701/02 श्रीगंगानगर–बांद्रा–श्रीगंगानगर का श्रीगंगानगर स्टेशन पर 18.45 घंटे लाई ओवर है जिसमें इस गाड़ी का प्राथमिक अनुरक्षण किया जाता है तथा यह गाड़ी अपने अधिकतम भार 24 कोच से संचालित की जाती है जबकि बठिण्डा स्टेशन पर स्थित वाशिंग लाइन की क्षमता केवल 17 कोच है। यदि उत्तर रेलवे द्वारा फिर भी उक्त गाड़ी के प्राथमिक अनुरक्षण किये जाने हेतु सहमति दी जाती है तो प्रस्ताव पर विचार किये जाना संभव हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि उपरे को अभी तक इस संबंध में उत्तर रेलवे से कोई सूचना नहीं मिली है। |

| | |
|---|---|
| **4** | गाड़ी संख्या 04762 सूरतगढ़–श्रीगंगानगर, गाड़ी संख्या 04768 श्रीगंगानगर–हनुमानगढ़ व गाड़ी संख्या 04776 हनुमानगढ़ जंक्शन–सादुलपुर जंक्शन एक ही रेक से संचालित होती है। यह एक प्रकार से सूरतगढ़ से सादुलपुर की सीधी ट्रेन होने के बावजूद सीधी ट्रेन नहीं है। इस ट्रेन को एक ही नम्बर से संचालित किया जाये तो रेल यात्रियों को सूरतगढ़ से सादुलपुर की सीधी रेल सेवा समझ आती है। अलग–अलग नम्बर के कारण यात्रियों में असमंजस रहता है। हनुमानगढ़ जंक्शन से ट्रेन को रवाना भी दोपहर 2 बजे से पूर्व किया जाये जिससे यात्री रेवाड़ी की ओर जाने वाली गाड़ी संख्या 02444 जोधपुर–दिल्ली सुपरफास्ट में सवार हो सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>उक्त तीनो सवारी गाडियो का एकीकरण सूरतगढ से सादुलपुर की ओर जाने में संभव है लेकिन वापसी में इनका एकीकरण किये जाने से हनुमानगढ–श्रीगंगानगर तथा श्रीगंगानगर –सूरतगढ के मध्य चलाई जाने वाली सवारी गाडियो का समय अनुकूल नहीं रहेगा। अतः सुझावानुसार गाडियों का एकीकरण किया जाना यात्रियों की सुविधा की दृष्टि से अनुकूल नहीं है। हनुमानगढ एवं सूरतगढ स्टेशन पर गाडियों की समय सारणी निम्नुनसार है–<br>गाड़ी संख्या 04762 सूरतगढ़ प्रस्थान 07.45 श्रीगंगानगर आगमन 11.05<br>गाड़ी संख्या 04768 श्रीगंगानगर प्रस्थान 11.25 हनुमानगढ़ आगमन 13.05<br>गाड़ी संख्या 04776 हनुमानगढ़ प्रस्थान 14.00 सादुलपुर आगमन 18.00<br>**वापसी में**<br>गाडी सं. 04775 सादुलपुर प्रस्थान 19.15 हनुमानगढ आगमन 23.30<br>गाड़ी सं. 04769 हनुमानगढ़ प्रस्थान 07.15 गंगानगर आगमन 08.50<br>गाड़ी सं. 04759 श्रीगंगानगर प्रस्थान 09.00 सूरतगढ आगमन 12.05 |
| **5** | पूर्व में जैसलमेर–श्रीगंगानगर–जैसलमेर प्रतिदिन ट्रेन का प्रस्ताव दिया गया था, इस पर बीकानेर मण्डल की ओर से अभी तक प्रस्ताव आगे नहीं भेजा गया। इसके लिये किसी अतिरिक्त अनुरक्षण की आवश्यकता नहीं है। मात्र एक अतिरिक्त रेक से श्रीगंगानगर सहित सीमावर्ती पंजाब के नागरिकों को रूणेचा धाम की यात्रा की सुविधा मिल सकती है। यह गाड़ी लालगढ़–जैसलमेर, जैसलमेर–जयपुर के साथ रेक लिंक में चलाई जा सकती है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाडी सं. 14704/03 लालगढ–जैसलमेर, गाडी सं. 12467/68 जैसलमेर–जयपुर लीलण एक्सप्रेस वर्तमान में 03 रेक से संचालित हैं।<br>वर्तमान में जैसलमेर में ट्रेनों के अनुरक्षण की कोई सुविधा उपलबध नहीं है एवं श्रीगंगानगर में सीमित अनुरक्षण सुविधाओं को देखते हुए वर्तमान में इस ट्रेन का संचालन संभव नहीं है। |
| **6** | श्रीगंगानगर–नांदेड–श्रीगंगानगर गाड़ी संख्या 12485/86 व इसी के रेक लिंक वाली 12440/39 का रेक बुधवार व गुरूवार को श्रीगंगानगर में फ्री हैं, पहले यह श्रीगंगानगर–जम्मूतवी–श्रीगंगानगर साप्ताहिक में प्रयोग होता था जिसे स्थाई रूप से बंद कर दिया गया है। इस रेक को साप्ताहिक के रूप में श्रीगंगानगर से वाया बठिण्डा, सिरसा, हिसार, रेवाड़ी, अलवर, मथुरा या आगरा कैंट तक ट्रेन चलाई जा सकती है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाडी सं. 12485/86 श्रीगंगानगर–नांदेड द्विसाप्ताहिक के लाई ओवर से श्रीगंगानगर–आगराकैंट नयी गाडी चलाये जाने हेतु उत्तर मध्य रेलवे द्वारा परिचालनिक साध्यता की जांच के पश्चात उपयुक्त कार्यवाही किये जाना संभव हो सकेगा। इस गाड़ी को आगामी अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक में प्रस्तावित किया जायेगा। |

| | |
|---|---|
| 7 | अनूपगढ़ से दिल्ली की ट्रेन सुविधा देने की माँग वर्षों से चल रही है। इसके लिये उत्तर रेलवे के अधिकार क्षेत्र की गाड़ी संख्या 12085/86 तिलकब्रिज–सिरसा–तिलकब्रिज का सिरसा के बाद वाया बठिण्डा, हनुमानगढ़, सूरतगढ़, अनूपगढ़ तक विस्तार की मांग पहले भी की जा चुकी है, लेकिन बात जहाँ से शुरू हुई थी आज भी वहीं खड़ी है। उत्तर पश्चिम रेलवे के अधिकारी इस सम्बंध में उत्तर रेलवे के अधिकारियों से बात करके अनूपगढ़ की जनता को राहत प्रदान कर सकते हैं। यहाँ यह भी जरूरी है कि अनूपगढ़ रेलवे स्टेशन का प्लेटफॉर्म छोटा है, जिसका विस्तार कर आधारभूत ढ़ांचा मजबूत किया जाना चाहिये तथा ट्रेनों में पानी भरने की सुविधा दी जानी चाहिए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 14085/86 तिलकब्रिज–सिरसा एक्सप्रेस का सिरसा स्टेशन पर लाई ओवर 02.50 घण्टे ही है जिसमे इस गाड़ी का विस्तार अनूपगढ़ तक किया जाना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। यह गाडी उत्तर रेलवे के स्वामित्व की है जिसका प्राथमिक अनुरक्षण हजरत निजामुद्धीन स्टेशन पर किया जाता है एवं 01 रेक से संचालित है। अनूपगढ़ स्टेशन पर किसी प्रकार की अनुरक्षण एवं टर्मिनल सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। इसके अनूपगढ तक विस्तार हेतु टर्मिनल सुविधाओं का विस्तार, अतिरिक्त रेक एवं उत्तर रेलवे पर अतिरिक्त अनुरक्षण स्लाट की आवश्यकता होगी, इस हेतु उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है।<br>वर्तमान में अनूपगढ़ स्टेशन के प्लेटफॉर्म की लम्बाई 295 मीटर है जो कि वर्तमान में ठहराव वाली गाड़ियाँ जो कि अधिकतम 12 एलएचबी अथवा 13 आईसीएफ कोच से संचालित होती है उस हेतु पर्याप्त है। इसके अतिरिक्त अनूपगढ़ में प्लेटफॉम विस्तार का कार्य 2022–23 में प्रस्तावित किया जायेगा। इस रूट पर चलने वाली गाड़ियों में पानी भरने की सुवधिा सूरतगढ़ में उपलब्ध है जिसका उपयोग वर्तमान में किया जा रहा है जोकि पर्याप्त है। |
| 8 | हनुमानगढ़ में वाशिंग लाईन की मांग काफी समय से लंबित है, साथ ही मांग यह भी है कि सूरतगढ़ की वर्तमान 14 कोच की वाशिंग लाईन को डेवलप करने का प्रस्ताव भिजवाया जाये, जिससे श्रीगंगानगर–तिलकब्रिज–श्रीगंगानगर गाड़ी संख्या 14727/28 को वाया श्री करणपुर, रायसिंहनगर सूरतगढ़ तक विस्तारित कर इस ट्रेन सहित अन्य ट्रेनों का प्राथमिक अनुरक्षण सूरतगढ़ में किया जा सके। यह बहुत ही कम बजट में सम्पन्न होने वाला कार्य है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ियों के मेंटिनेंस के लिए एक केन्द्रीयकृत ''कोच केयर कॉम्प्लेक्स'' की आवश्यकता होती है जिसके अन्तर्गत वाशिंग लाईन व अन्य आधारभूत संरचनाएं विकसित की जाती हैं। वर्तमान में हनुमानगढ के पास श्रीगंगानगर एवं बठिण्डा स्टेशनों पर वॉशिंग लाईन की सुविधाएं उपलब्ध हैं। अतः हनुमानगढ स्टेशन पर नई वाशिंग लाईन बनाये जाने का परिचालनिक औचित्य नहीं है। |
| 9 | गाड़ी संख्या 14727/28 श्रीगंगानगर–तिलकब्रिज–श्रीगंगानगर का तिलकब्रिज के स्थान पर दिल्ली या नई दिल्ली टर्मिनल किया जाये। तिलकब्रिज में ट्रेन की साफ सफाई व पानी न भरे जाने की बहुत शिकायतें मिलती है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 14727/28 श्रीगंगानगर–तिलकब्रिज–श्रीगंगानगर का तिलकब्रिज के स्थान पर दिल्ली या नई दिल्ली टर्मिनल किया जाना उत्तर रेलवे के क्षेत्राधिकार का विषय है। उल्लेखनीय है कि यह गाडी वाया नई दिल्ली होते हुए संचालित है। इसके अतिरिक्त साफ–सफाई व पानी की समस्या दूर करने के लिए उत्तर रेलवे को पत्र लिखा गया है। |
| 10 | कोविड महामारी से समय बंद हुई रेल सेवा को पुनः प्रारम्भ करने हेतु कृपया रेलवे बोर्ड से संपर्क कर शीघ्र चलाया जाये। |
| 11 | सुबह 5 से 8 बजे की मध्य जयुपर से सीकर–चूरू–हनुमानगढ़ हेतु एक स्पेशल ट्रेन चलाई जानी चाहिए। |

| | **19. श्री दिनेश कुमार खण्डेलवाल** |
|---|---|
| **1** | गत मीटिंग में प्रस्तावित किया गया था कि सभी सदस्यों की सुविधा के लिये एक अधिकारी को नियुक्त किया जाये जिससे रोजमर्रा के कामों को किया जा सके और हम सभी सदस्य जनता से जुड़े कामों को करवा सकें।<br>**रिमार्क्सः—**<br>उक्त के संबंध में वर्तमान में इस प्रकार की कोई Policy उपलब्ध नहीं है। |
| **2** | 15 सितम्बर को मेरे द्वारा गांधीनगर स्टेशन का दौरा किया गया था। वहां की समस्याओं के बोर में उपमहाप्रबंधक साहब को वाट्अप पर अवगत कराया गया था, लेकिन आज दिनांक तक उसका कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है। जबकि रेलवे में यात्रा करते समय आई समस्या को केवल ट्वीट करते ही केन्द्रीय मंत्री जी के यहां से तुरन्त जवाब आया व कार्यवाही हुई।<br>**रिमार्क्सः—**<br>इस संबंध में अवगत कराया जाता है कि जनता की समस्याओं के निवारण हेतु वर्तमान में रेलवे पर विभिन्न हेल्प लाईन पोर्टल विद्यमान हैं जिन पर जनता आपनी समस्याओं से अवगत करा सकती है। |
| 3 | माननीय सदस्यों द्वारा समय—समय पर स्टेशनों का निरीक्षण किया जाता है एवं निरीक्षण के दौरान जो खामियां नजर आती है उसके संबंध में रेल प्रशासन को अवगत कराया जाता है, अतः सुनिश्चित किया जाये कि इस तरह की समस्याओं का समय पर जबाव दिया जाये एवं समस्याओं का शीघ्र निपटान किया जाये। |
| 4 | सभी माननीय सदस्यों ने अनुरोध किया है कि अगली जेडआरयूसीसी Physical बैठक सभी सदस्यों की सहमति से शीघ्र करवाना सुनिश्चित किया जाये। |

| | **20. श्री घनश्याम डागा** |
|---|---|
| 1 | जोधपुर मण्डल के रायका बाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं. 2 की लम्बाई ओर अधिक बढ़ाई जाये। |
| 2 | वर्तमान में यह देखने में आया है कि लम्बी दूरी की ट्रेनों में अटेन्डेंट बंद कर दिये गये है, जिसके कारण से यात्रियों द्वारा रात्रि में अंदर से गेट बंद कर दिये जाते है जिसकी वजह से स्टेशन से बैठने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, अतः निवेदन है कि इस संबंध में विचार कर उचित निर्णय लिये जाये। |
| 3 | मेड़ता–पुष्कर रेल लाईन का सर्वे शीघ्र करवाया जाये। |
| 4 | जोधपुर में भगत की कोठी के पास स्थित रेलवे स्टेडियम में वर्तमान में कन्टेनर रखने हेतु डिपो बनाया गया है, जिसके टेण्डर की अवधि समाप्त हो गई है, अतः इस टेण्डर को आगे जारी नहीं रखा जाये एवं स्टेडियम का उपयोग खेल–कूद आदि के लिए ही उपयोग में लिया जाये, कन्टेनर स्टेडियम से हटाकर कही ओर रखे जाने चाहिए। |
| 5 | जोधपुर के तीन तरफ (बनाड़ से मनाक्लाओ, सालावास से तिवरी एवं लूनी से जजीवाल) रिंग बनाया जाये जिससे आर्मी ट्रेन एवं मालगाड़ियों की सुविधानुसार जोधपुर स्टेशन पर ना आना पड़े। |
| 6 | बैठक द्वारा दिये जाने वाले एजेण्डे की प्रति ई–मेल द्वारा बैठक से कुछ दिन पूर्व दी जानी चाहिए साथ ही माननीय सदस्यों के सुझाव पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी समय पर उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। |

| | 21. श्री हरीमोहन चाँडक |
|---|---|
| 1 | Stoppage for two minits of train no. 09225 and 09226 should be at Lalgarh Jn. so passangers of lalgarh can avail the facility.<br>**Remarks:-**<br>Stoppage of Train no. 19225/19226 JU-JAT-JU Exp. at LGH station can be provided after assessing commercial feasibility. Provision of stoppage lies within the purview of Railway Board. |
| 2 | List of ZRUCC manbers with their contract numbers should be displayed at related railway stations for the convenience of passangers.<br>**Remarks:-**<br>There are no policy guidelines available for this. |
| 3 | It is requested you to please arrange to call physical meeting of manbers.<br>**Remarks:-**<br>Because of COVID situation it is not possible to hold physical meeting. |
| 4 | गाड़ी सं. 54462/61 (बरेली–बांदीकुई–बरेली) को जयपुर तक बढ़ाये जाने हेतु पूर्व अनुरोध किया गया था, इस संबंध में की गई कार्यवाही की रिपोर्ट उपलब्ध करवाई जाये। |
| 5 | जयपुर रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार 2 पर वर्तमान में स्टेशन में जाने हेतु एक्सलेटर की सुविधा उपलब्ध है, अतः स्टेशन से बाहर आने के लिए भी एक्सलेटर की सुविधा उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। |
| 6 | सभी सदस्यों की सुविधा के लिये उत्तर पश्चिम रेलवे अपने स्तर पर एक अधिकारी को नियुक्त किया जाये जिससे रोजमर्रा के कामों को किया जा सके और हम सभी सदस्य जनता से जुड़े कामों को करवा सकें। |
| 7 | गाड़ी संख्या 9225/26 का लालगढ़ में ठहराव किया जाये। |

| | **22. श्री हरिराम महण** |
|---|---|
| 1 | सीकर–लोहारू एवं लोहारू–सीकर के मध्य यात्री गाड़ी चलाई जाने का निवेदन है जिससे यात्रियों को सुविधा मिले।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में सीकर–लोहारू के मध्य 02 जोड़ी सवारी गाड़ी 03 जोडी एक्सप्रेस गाड़ी तथा 01 विशेष गाड़ी चलाई जा रही है। उल्लेखनीय है कि नयी गाडियां चलाये जाने हेतु कोचिंग स्टॉक, पाथ, लोको, मार्गस्थ रेलों की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति भी आवश्यक है। |
| 2 | 09703 / 09704 सीकर लोहारू पैंसेन्जर को सीकर से सुबह 6 बजे चलाकर एक्सप्रेस में परिवर्तित करके दिल्ली तक विस्तार करें। अभी तक सीकर लोहारू सेक्शन पर दिल्ली की कोई भी दैनिक सुविधा उपलब्ध नहीं है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 09703 / 09704 सीकर लोहारू पैंसेन्जर का सीकर से समय परिवर्तन किये जाने से सीकर–झुंझनु के मध्य दैनिक यात्रियों को असुविधा होगी इसके अतिरिक्त रेवाड़ी – दिल्ली खण्ड उत्तर रेलवे का अतिव्यस्त खण्ड है जिसकी लाईन क्षमता का उपयोग 100 प्रतिशत से भी अधिक हो रहा है। |
| 3 | 12239 / 12240 मुम्बई हिसार दूरंतो में स्लीपर कोच लगाए जाए जिससे आम आदमी की जेब पर भारी खर्च का बोझ ना पड़ें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>रेलवे बोर्ड द्वारा जारी नीति निर्देशों के तहत दुरंतो गाड़ियाँ पूर्णतया वातानुकूलित कोच के साथ संचालित की जाती हैं। |
| 4 | लोहारू से जयपुर सुबह 04 बजे के आस–पास और जयपुर से लोहारू शाम को 06 बजे के आस पास एक डेमू ट्रेन चलाई जाए जिससे दैनिक कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को आने जाने की सुविधा मिले।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे के मंडलो पर विद्युतीकरण का कार्य चल रहा है तथा आगामी 02 वर्ष में पूर्ण होने की संभावना है। वर्तमान में उपरे पर डेमू रेक की कमी है तथा विभिन्न खंडों पर विद्युतीकरण के मद्देनजर रेलवे बोर्ड द्वारा नई डेमू रेकों की आपूर्ती बंद कर दी गई है। मेमू रेकों के आवंटन हेतु मांग रेलवे बोर्ड को भेजी गई है, आपूर्ती पश्चात सुझाव पर विचार किया जाना संभव हो सकेगा। |
| 5 | 17019 / 17020 हैदराबाद जयपुर एक्सप्रेस को झुंझुनू लोहारू के रास्ते हिसार / हनुमानगढ़ तक संचालित करावें यह गाड़ी 33 घंटे जयपुर में खड़ी रहती है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी नं. 17019 / 20 हैदराबाद–जयपुर का जयपुर स्टेशन पर द्वितीय अनुरक्षण किया जाता है तथा इसका कुल लाई ओवर 33.55 घंटे है। हनुमानगढ़ स्टेशन पर अनुरक्षण सुविधाओं की अनुपलब्धता के मद्देनजर उक्त गाड़ी का विस्तार हनुमानगढ़ स्टेशन तक किया जाना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। |
| 6 | अमृतसर से जयपुर एवं हरिद्वार से अजमेर के मध्य वाया झुंझुनू लोहारू नई दैनिक गाड़ियां चलाई जाए जिससे यात्रियों को सुविधा मिल सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जयपुर से अमृतसर वाया सीकर, लोहारू, सादुलपुर, हनुमानगढ, मंडी डबवाली, बठिण्डा होकर प्रस्ताव उत्तर रेलवे को भेजा गया था जिस पर उत्तर रेलवे द्वारा अभी तक किसी प्रकार की सहमति नहीं दी गई है।<br>हरिद्वार से अजमेर के मध्य वाया झुंझुनू लोहारू नई दैनिक गाड़ियाँ चलाये जाने हेतु |

| | |
|---|---|
| | अतिरिक्त रेक, लोको के साथ उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। |
| 7 | 12323／12324 बाडमेर हावड़ा एक्सप्रेस को लोहारू जक्शन पर एवं 09705／09706 सादुलपुर जयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का नुआ स्टेशन पर ठहराव दिया जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>लोहारू स्टेशन पर वर्तमान में 34 गाड़ियों का ठहराव है। लोहारू स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाडी यात्री 37 व आय रू 8359／— औसत प्रतिदिन प्रतिगाडी है जो रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति के मानक से कम है अतः गाडी सं. 12323／12324 बाडमेर—हावडा एक्सप्रेस का ठहराव लोहारू स्टेशन पर दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। उल्लेखनीय है कि गाडी सं. 12259／60 सियालदाह—बीकानेर तथा गाडी सं. 12371／72 हावडा—बीकानेर का लोहारू स्टेशन पर ठहराव है।<br>नुआ स्टेशन पर वर्तमान में कुल 04 गाड़ियों का ठहराव हैं। गाड़ी सं0 09705／06 का ठहराव झुंझुनू स्टेशन पर है जो कि नुआ स्टेशन से 11 किमी की दूरी पर स्थित है। यात्री झुंझुनू स्टेशन से इस सुविधा का लाभ उठा सकते है। नुआ स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाडी औसत यात्रीभार 26 एवं आय 2,732 रूपये है। जो रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति के मानक से कम है अतः गाडी सं. 09705／09706 सादुलपुर—जयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव नुआ स्टेशन पर दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 8 | श्रीगंगानगर जयपुर एवं जयपुर श्रीगंगानगर एक्सप्रेस वाया लोहारू को पूर्व की तरह पुनः चालू करने का श्रम करें।<br>**रिमार्क्सः—**<br>जयपुर से श्रीगंगानगर के मध्य गाड़ी सं. 14701／02 श्रीगंगानगर—बाद्रा टी अरावली एक्सप्रेस वाया सीकर, चूरू, सादुलपुर चलाई जा रही है तथा गाड़ी सं. 09705／06 जयपुर—सादुलपुर विशेष गाड़ी सप्ताह में 05 दिन चलाई जाती है। उक्त के अतिरिक्त गाड़ी सं. 19807／08 कोटा—हिसार वाया लोहारू, सादुलपुर सप्ताह में चार दिन चलाई जाती है। इन सभी गाड़ियों से सादुलपुर— श्रीगंगानगर के मध्य चल रही गाड़ियों से मिलान उपलब्ध है। जयपुर एवं श्रीगंगानगर स्टेशनों पर सीमित अनुरक्षण सुविधा के मद्देनजर वर्तमान में जयपुर—श्रीगंगानगर सीधी गाड़ी चलाये जाना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। |
| 9 | जयपुर—लोहारू रेल रूट आजादी से पहले का है। गेज परिवर्तन से पहले 5／6 साधारण गाड़ियों का जयपुर—लोहारू व लोहारू—जयपुर आना जाना होता था। एक ईन्टर सिटी एक्सप्रेस भी चलती थी। एक गंगानगर जयपुर वाया लोहारू चलती थी। बड़ी लाईन में परिवर्तन होने के पश्चात् एक ट्रेक पर एक भी नियमित गाड़ी जयपुर—लोहारू व लोहारू—जयपुर के मध्य नहीं चलती है। जयपुर राजधानी होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों का आना जाना होता है। लोगों को बसों में आने—जाने से अधिक खर्चा व असुविधा होती है। अतः आपसे अनुरोध है कि प्रतिदिन लोहारू से सुबह 6:00 बजे जयपुर के लिए तथा जयपुर से सांय 5:00 बजे लोहारू के लिए एक दैनिक ईन्टर सिटी एक्सप्रेस गाड़ी का संचालन करने का श्रम करावे। |
| 11 | सीकर से दिल्ली के लिए एक ट्रेन चलाये जाने की आवश्यकता है। |

| | **23. श्री जयकिशन अग्रवाल** |
|---|---|
| **1** | बीकानेर से द्वारका (गुजरात) तक एक नई एक्सप्रेस रेल गाड़ी को चलाया जाना चाहिए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>बीकानेर से द्वारका नई गाड़ी चलाये जाने हेतु अतिरिक्त रेक, लोको के साथ पश्चिम रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। हालांकि बीकानेर से अहमदाबाद तक गाड़ियाँ उपलब्ध हैं जिनके माध्यम से अहमदाबाद से द्वारका की ओर यात्रा की जा सकती है। |
| **2** | हिसार से कन्याकुमारी तक एक नई एक्सप्रेस रेलगाड़ी को चलाया जाना चाहिए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>हिसार से कन्याकुमारी नयी गाड़ी चलाये जाने हेतु अतिरिक्त रेक, लोको के साथ मार्गस्थ रेलों की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि विगत अन्तर रेलवे समय सारणी बैठकों के दौरान हिसार से रामेश्वरम गाड़ी चलाये जाने हेतु प्रस्ताव भेजे गये थे किन्तु मार्गस्थ रेलों द्वारा सहमति नहीं दी गई। |
| 3 | जितने भी रेलवे स्टेशनों व रेलगाड़ियों में सामान बेचने वाले घूमते रहते हैं जिनकी शिकायतें निरन्तर प्राप्त होती है। मेरा यह सुझाव है कि रेलवे उन्हें लाईसेंस जारी करे एवं इनके सामान के लिए गुणवत्ता का मापदंड तय करे जिससे रेलवे को राजस्व प्राप्त होगा व यात्रियों को सुविधा प्राप्त होगी।<br>**रिमार्क्सः—**<br>गाडियों में आवश्कतानुसार पेन्ट्री कार या ट्रेन साईड वैन्डिग का प्रावधान है। जहॉ पर आवश्यकता समझी जाती है, आईआरसीटीसी को उचित निर्देश दिए जाते है। |
| 4 | जेडआरयूसीसी की बैठक का आयोजन हर तीन माह में एक बार किया जाना चाहिए। |
| 5 | उत्तर पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी रेलवे स्टेशनों के सभी प्लेटफॉर्म पर विकलांगों एवं महिलाओं के लिए अलग से शौचालय की सुविधा उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। |
| 6 | जेडआरयूसीसी के सदस्यों को उनके क्षेत्राधिकार में आने वाले रेलवे स्टेशनों के निरीक्षण पर जाने हेतु पास (Attendent सहित) जारी किया जाना चाहिए। |
| 7 | बीकानेर से अहमदाबाद तक जाने वाली ट्रेनों में तीन अतिरिक्त (एक ए.सी. व 2 सामान्य) कोच लगाये जाये एवं इन्हीं कोच को अहमदाबाद से द्वारका की ओर जाने वाली ट्रेनों में जोड़ दिया जाये। |

| | **24. श्री माधोराम चौधरी** |
|---|---|
| 1 | Jodhpur-Jaipur express High Court Intercity-22977/22978 should be given halt at Kanakpura station.<br>**Remarks:-**<br>Train no. 22977-22978 JP-JU Intercity Exp. is a popular service amongst the passengers travelling end to end for their business as well as to attend Highcourt at Jodhpur. Provision of additional stoppages shall adversely affect the punctuality and average speed of the train. Kanakpur is only 9 Kms away form Jaipur. Passengers from Kanakpura area can board the train from Jaipur. |
| 2 | Need to regulate luggage carried by passengers in train as some passengers carries luggage which exceeds the quantity and dimensions permitted under rules thereby posing hinderance and inconvenience to other passengers.<br>**Remarks:-**<br>Rules for luggage with passenger have been clearly elucidated in the Commercial Manual. If any passenger is found travelling with excess luggage he/she is being taken up by TTEs & excess luggage charges are being realized. |
| 3 | गछिपुरा रेलवे स्टेशन के लिए रात्रि में कोई ट्रेन उपलब्ध नहीं है। अतः गछिपुरा रेलवे स्टेशन के लिए एक रात्रि ट्रेन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाये। |

| | **25. श्री मुकेश कुमार गोदारा** |
|---|---|
| 1 | चकमराजका स्टेशन को पुनः संचालित किया जावे, यह स्टेशन पिछले 6 वर्षो से बंद है इस को संचालित करने में कोई अतिरिक्त व्यय भी नहीं होगा क्योंकि इसका स्टेशन रूम बना हुआ है यहां पर गाड़ियाँ रूकनी प्रारंभ की जाए। यह स्टेशन श्रीगंगानगर जंक्शन से बनवाली के मध्य स्थित हैं। इससे अतिरिक्त गाड़ियों को यहाँ खड़ी की जा सकती है, यह जनता की लंबे समय से मांग है। आय के स्त्रोत भी रेल विभाग के बढ़ेंगे तथा स्थानीय निवासियों को रोजगार मिलेगा जो कि रेलवे विभाग की प्राथमिकता रही है।<br>**रिमार्क्स:—**<br>चकमराजका स्टेशन 90 के दशक में बीकानेर मण्डल का हाल्ट स्टेशन था, जिसे कम यात्रीभार तथा टिकट बिक्री होने के कारण बन्द कर दिया गया था। इस के साथ—साथ यह भी उल्लेखनिय है कि यह स्थान श्रीगंगानगर से 7—8 किलोमिटर की दूरी पर स्थित है। सडक मार्ग से जुडा होने के कारण सडक परिवहन के वाहन सुगमता से मिल जाते है। अतः इस स्टेशन को पुनः यात्री यातायात हेतु खोले जाने का वाणिज्यिक औचित्य नही है। |
| 2 | कोटा—श्रीगंगानगर सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार बठिण्डा तक किया जावे क्योंकि कोटा से श्रीगंगानगर आने के पश्चात् यह ट्रेन पूरे दिन एक लाईन को रोककर खड़ी रह जाती है। इसको बठिण्डा तक जाने से यात्री भार भी अच्छा मिलेगा और जनता की समस्या भी हल होगी। इसका कई बार लेटर जारी हो चुका है पर अभी तक नहीं चली।<br>**रिमार्क्स:—**<br>बठिण्डा स्टेशन उत्तर रेलवे के स्वामित्व में आता है तथा हनुमानगढ़ से बठिण्डा की सीधी दूरी लगभग 94 किमी है जबकि हनुमानगढ़ से बठिण्डा वाया श्रीगंगानगर लगभग 193 किमी है। अतः तुलनात्मक रूप से लंबे मार्ग से गाड़ी का विस्तार किया जाना न केवल रेलवे अपीतु यात्रियों के हित में भी नहीं होगा। |
| 3 | मोहननगर स्टेशन को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाना तथा यहाँ माल गोदाम की स्थापना की जावे, इससे रेलवे को आय तथा आमजन को रोजगार मिलेगा।<br>**रिमार्क्स:—**<br>मोहननगर स्टेशन एनएसजी—6 श्रेणी का स्टेशन है जहॉ पर रेलवे बोर्ड की न्यूनतम आवश्यक यात्री सुविधा नीति अनुसार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है।<br>मोहननगर स्टेशन, सरूपसर—श्रीगंगानगर लाईन पर स्थित है इस स्टेशन के आसपास सूरतगढ़, श्रींगगानगर, अनूपगढ़, रामसिंहपुर स्टेशन माल यातायात हेतु खुले हैं अतः मोहननगर स्टेशन माल लदान हेतु खोले खोले जाने का वाणिज्यिक औचित्य नही है। |
| 4 | श्रीगंगानगर जंक्शन से बनवाली मार्ग पर स्थित कालूवाला गांव में अंडरब्रिज बनाया जावे क्योंकि स्थानीय गांव के निवासियों एवं किसानों को अंडरब्रिज नहीं होने से बहुत परेशानी हो रही है, यहाँ पहले मानव रहित फाटक था। इसके साथ ही ग्राम पंचायत बनवाली में भी अंडरब्रिज बनाने की लंबे समय से मांग की जा रही है जिसको पूर्ण करना अति आवश्यक हैं।<br>**रिमार्क्स:—**<br>श्रीगंगानगर जंक्शन से बनवाली मार्ग पर स्थित कालूवाला गांव में वर्तमान में कोई मानवरहित/मानवसहित समपार फाटक नहीं है। साथ ही बनवाली गांव में भी ग्रामीणों के लिए अंडरब्रिज के निर्माण हेतु कोई स्पष्ट लोकेशन नहीं दर्शाई गई है। रेलवे नियमानुसार समपार फाटक के अतिरिक्त अन्य किसी लोकेशन पर अंडरब्रिज का निर्माण डिपोजिट आधार पर किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा ऐसी किसी लोकेशन पर |

| | |
|---|---|
| | अंडरब्रिज के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर संयुक्त फिजीबिलीटि के आधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। |
| **5** | श्रीगंगानगर/हिसार से रामेश्वरम/बंगलोर/चैन्नई/तिरूपति/हुबली वाया सादुलपुर–चूरू–रतनगढ़–सूजानगढ़–लाडनूं–डीडवाना–छोटी खाटू–डेगाना–मेड़ता रोड–जोधपुर–समदड़ी होकर चलायी जाये वर्तमान में सूजानगढ़–लाडनूं–डीडवाना–छोटी खाटू से दक्षिण भारत के लिए कोई सीधी ट्रेन सेवा नहीं है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>हिसार से रामेश्वरम नयी गाडी हेतु प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2017 एवं 2018 में भेजे गये थे जिन पर सहमति नहीं बन सकी। |
| **6** | श्रीगंगानगर से जोधपुर/अहमदाबाद नई ट्रेन वाया हनुमानगढ़–सादुलपुर–चूरू–रतनगढ़–लाडनूं–डेगाना–जोधपुर होकर चलायी जाये इससे सम्बंधित प्रस्ताव रेलवे बोर्ड व सम्बंधित जोन को भेजे व हमें इसकी कॉपी उपलब्ध कराएं पिछले 7 सालों से इस क्षेत्र की जनता इसकी मांग कर रही हैं।<br>**रिमार्क्सः–**<br>श्रीगंगानगर से जोधपुर नयी गाड़ी संचालन हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा IRTTC-2021 में प्रस्ताव दिया गया था जिस पर कार्यवृत्त तैयार कर रेलवे बोर्ड भेजे गये हैं। अनुवर्ती कार्यवाही रेलवे बोर्ड से अपेक्षित है। |
| **7** | जयपुर से राँची सुपर फास्ट ट्रेन की मांग करते हैं।<br>गाड़ी संख्या 12873/12874 हटिया–दिल्ली आनंद विहार (ट) झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस को वाया लोहरदगा, टोरी लाईन से चला करके उक्त रेलगाड़ी का दिल्ली आनंद विहार (ट) से जयपुर तक रूट विस्तार किया जाए। इसे रांची से सुबह के समय प्रस्थान करवाकर आराम से वाया दिल्ली जंक्शन, रेवाड़ी, अलवर होते हुए जयपुर तक विस्तारित किया जा सकता है जिससे आपको एक्स्ट्रा रेक की भी जरूरत नहीं होगी एवं रांची, झारखंड को जयपुर राजस्थान के लिए साप्ताहिक ट्रेन मिल जाएगी। राँची (झारखंड) क्षेत्र में राजस्थान प्रवासी बहुत अधिक संख्या में हैं।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 12873/12874 हटिया–दिल्ली आनंद विहार (ट) झारखंड स्वर्ण जंयती एक्सप्रेस का आनंद विहार स्टेशन पर कुल लाई ओवर मात्र 07.35 घंटे है जिसमें इसका जयपुर तक विस्तार किया जाना संभव नहीं है। |
| **8** | श्रीगंगानगर–सूरतगढ़ रेलखंड पर सरूपसर के निकट करीब एक किमी लम्बा बाईपास बनाकर श्रीगंगानगर–अनूपगढ़ सीधा रेलमार्ग बनाना।<br>**रिमार्क्सः–**<br>श्रीगंगानबर–सूरतगढ़ रेलखण्ड पर बाईपास का कोई कार्य स्वीकृत नहीं है। |
| **9** | अनूपगढ़ से दिल्ली की ट्रेन की घोषणा हुए बहुत समय बीत चुका हैं। इसके लिये गाड़ी संख्या 14085/86 तिलकब्रिज–सिरसा–तिलक ब्रिज को वाया बठिण्डा, श्रीगंगानगर–सूरतगढ़–अनूपगढ़ तक विस्तारित करने की मांग लम्बे समय से की जा रही हैं। इसके लिये अधिकारियों से बातचीत कर हल निकाला जाना चाहिये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 14085/86 तिलकब्रिज–सिरसा एक्सप्रेस का सिरसा स्टेशन पर लाई ओवर 02.50 घण्टे ही है जिसमे इस गाड़ी का विस्तार अनूपगढ़ तक किया जाना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। यह गाडी उत्तर रेलवे के स्वामित्व की है जिसका प्राथमिक अनुरक्षण हजरत निजामुद्धीन स्टेशन पर किया जाता है एवं 01 रेक से संचालित है। अनूपगढ़ स्टेशन पर |

| | |
|---|---|
| | किसी प्रकार की अनुरक्षण एवं टर्मिनल सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। इसके अनूपगढ तक विस्तार हेतु टर्मिनल सुविधाओं का विस्तार, अतिरिक्त रेक एवं उत्तर रेलवे पर अतिरिक्त अनुरक्षण स्लाट की आवश्यकता होगी, इस हेतु उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। |
| **10** | अनूपगढ़ से सुबह 6.30 बजे से चलकर बठिण्डा जाने वाली पैसेंजर गाड़ी संख्या 09751/09752 वापसी में बठिण्डा से दोपहर 2.15 बजे चलकर सांय में अनूपगढ़ पहुंचती थी जिसे अब वापसी में सूरतगढ़ तक ही कर दिया गया हैं। इसे पूर्व की भांति अनूपगढ़ तक किया जाए। इसी तरह 2019 में तत्कालीन रेल राज्य मंत्री सुरेश अंगडी जी के दौरे समय 6 जुलाई, 2019 को शुरू की गई अनूपगढ़ बठिण्डा एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 04771/04772 23 मार्च, 2020 को बंद कर दी गई। इसे भी वापिस शुरू किया जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>वर्तमान में सूरतगढ़—अनुपगढ़ खंड पर 03 जोडी सवारी गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। सूरतगढ़—अनूपगढ़ खंड पर शेष 01 जोडी गाड़ी के संचालन हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। |
| **11** | भादरा स्टेशन से नोहर बाईपास की तरफ बने अण्डर पास तक लाईन के दोनों तरफ दीवार मंजूर हुई थी जिसमें से एक तरफ (वाटरवर्क्स वाली साइड) पूरी दीवार का निर्माण हो चुका है लेकिन दूसरी तरफ की आधी दीवार का निर्माण करके बीच में छोड़ दिया गया है जबकि सरकार की ओर से दोनों तरफ दीवार का निर्माण करवाया जाना मंजूर किया गया था व यह निर्माण रेलवे की जमीन पर ही होना था जिसे बीच में रोक दिया गया है इसे अवलिम्ब पूरा करवाया जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>भादरा स्टेशन से नोहर बाईपास की तरफ बने अण्डर पास तक लाईन के एक तरफ पूरी दीवार का निर्माण हो चुका है। लेकिन दुसरी तरफ की दीवार के निर्माण का कार्य वर्तमान में स्वीकृत नही है। कार्य स्वीकृत होने पर करवाया जाना सम्भव होगा। |
| **12** | झांसी—श्रीगंगानगर—झांसी वाया मथुरा—अलवर—जयपुर—सीकर, सादुलपुर नई ट्रेन के संचालन श्रीमान् रेलमंत्री जी के कार्यालय को भिजवाया था जिस पर कार्यवाही करते हुए उत्तर पश्चिमी रेलवे बीकानेर के वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक ने अवगत करवाया कि आपका सुझाव तो अच्छा है पर बीकानेर मण्डल के श्रीगंगानगर टर्मिनल पर दैनिक अनुरक्षण स्लॉट की अनुलब्धता के कारण परिचालनिक दृष्टि से औचित्य नहीं बनता यदि उत्तर मध्य रेलवे अनुरक्षण करवाकर नई गाड़ी का प्रस्ताव भिजवाता है तो यह संभव है। आपसे अनुरोध है कि आप उत्तर मध्य रेलवे कार्यालय से बात करके उपरोक्त नई गाड़ी का संचालन करवाकर क्षेत्र की जनता को लाभान्वित करावें।<br>**रिमार्क्सः—**<br>सुझाव नोट किया गया। |
| **13** | अमृतसर—बीकानेर रेल जिसकी स्वीकृति जारी हो गई थी लेकिन कोविड महामारी के कारण यह गाड़ी शुरू नहीं हो सकी। चूंकि वर्तमान में परिस्थितियाँ सामान्य हो रही है। अतः इस गाड़ी को वाया अनूपगढ़—रायसिंहनगर—गजसिंहपुर—श्रीकरणपुर—केसरीसिंहपुर शुरू किया।<br>**रिमार्क्सः—**<br>उत्तर रेलवे द्वारा अमृतसर—बीकानेर—अमृतसर साप्ताहिक गरीबरथ गाड़ी हेतु सहमति अंतर रेलवे समय सारणी बैठक 2019 में प्रदान की गई थी लेकिन रेलवे बोर्ड द्वारा अभी तक स्वीकृति जारी नहीं की गई है। |

| | |
|---|---|
| **14** | श्रीगंगानगर क्षेत्र से बड़ी संख्या में कैन्सर रोग से ईलाज की सुविधाओं के अभाव के चलते समय–समय पर मुम्बई की रेल यात्रा करनी पड़ती है। इस हेतु श्रीगंगानगर से एक मात्र रेलगाड़ी संख्या 22497– श्रीगंगानगर से त्रिचिरापली (हमसफर एक्सप्रेस) ही संचालित की जा रही है। परन्तु विडम्बना की स्थिति है कि इस रेल की यात्रा हेतु कैन्सर रोगियों एवं उनके साथ यात्रा करने वाले एक व्यक्ति परिचायक को रेलवे के नियमानुसार अन्य ट्रेनों की भांति मिलने वाली किराया रियायत व अन्य सुविधाएं प्रदान नहीं की जा रही हैं। कृपया उक्त रेलगाड़ी संख्या–22497 में भी किराया रियायत व अन्य सुविधाएं प्रदान कर पीड़ितों की सहायता करवाने के आदेश फरमावें। यदि उक्त कार्य संभव नहीं हो तो विकल्प के तौर पर बीकानेर से मुम्बई के लिए संचालित की जा रही एक दैनिक (रणकपुर एक्सप्रेस) व छह साप्ताहिक रेलों में से किसी भी एक रेल के फेरे में वृद्धि कर उसे श्रीगंगानगर तक बढ़ाया जा सकता हैं।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में श्रीगंगानगर से बांद्रा के मध्य गाड़ी सं. 14701 / 02 श्रीगंगानगर–बांद्रा टी अरावली एक्सप्रेस का प्रतिदिन संचालन किया जा रहा है इसके अतिरिक्त गाड़ी सं. 16311 / 12 श्रींगंगानगर–कोच्चुवेली साप्ताहिक एक्सप्रेस वाया वसईरोड़ संचालित की जा रही है।<br>गाड़ी संख्या 22497 – श्री गंगानगर से त्रिचिरापली (हमसफर एक्सप्रेस) स्पेशल फेयर पर संचालित हैं। रेलवे बोर्ड की नीति अनुसार स्पेशल फेयर पर संचालित गाड़ियों मे किसी भी प्रकार की रियायत का प्रावधान नहीं हैं। |
| **15** | श्रीगंगानगर से कलकत्ता तक चलने वाली गाड़ी उद्यान आभा जो दो वर्षो से बंद है इसके स्थान पर बीकानेर हावड़ा नियमित चलने वाली गाड़ी को वाया सूरतगढ़–अनूपगढ़–रायसिंहनगर–गजसिंहपुर–श्रीकरणपुर–केसरीसिंहपुर होते हुए श्रीगंगानगर तक बढ़ा दिया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 22307 / 08 बीकानेर–हावडा त्रिसाप्ताहिक आधार पर आरबीपीसी पर चलाई जा रही है यदि इस गाड़ी को श्रीगंगानगर तक विस्तारित किया जाता है तो एक अतिरिक्त रेक के साथ साथ श्रीगंगानगर स्टेशन पर इसका द्वितीय अनुरक्षण किया जाना होगा जो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में श्रीगंगानगर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधा को देखते हुए संभव नहीं है। |
| **16** | श्रीगंगानगर से मुम्बई के लिए गाड़ी शुरू की गई लेकिन इसका रूट वाया हनुमानगढ़ किया गया है इसकी बजाय वाया रायसिंहनगर–अनूपगढ़–बीकानेर शुरू किया जाता तो उचित रहता ताकि एक बड़ा क्षेत्र भारत की आर्थिक राजधानी से सीधे जुड़ जाता। इसके लिए अब बीकानेर से दादर चलने वाली ट्रेन जो सप्ताह में दो दिन चलती है इसे वाया सूरतगढ़–अनूपगढ़–रायसिंहनगर–गजसिंहपुर–श्रीकरणपुर–केसरीसिंहपुर होते हुए श्रीगंगानगर तक बढ़ा दिया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 12489 / 90 बीकानेर–दादर द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस का प्राथमिक अनुरक्षण बीकानेर स्टेशन पर किया जाता है तथा यह गाड़ी आरबीपीसी आधार पर संचालित की जा रही है। श्रीगंगानगर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधाओं के तहत उक्त सेवा का प्राथमिक अनुरक्षण शिफ्ट नहीं किया जा सकता है। |

| | |
|---|---|
| **17** | जिन क्षेत्रों से सैन्यकर्मी ज्यादा आते हैं उसको ध्यान में रखते हुए यदि निम्न प्रकार से तीन नई ट्रेनों का संचालन की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, यदि उपरोक्तानुसार निम्न गाड़ियों का संचालन किया जाए तो सैन्य गतिविधियों व सैन्यकर्मियों के आवागमन में सुविधा होगी।<br>**नई ट्रेन का प्रस्तावः–**<br>**प्रथम ट्रेन जैसलमेर से कन्याकुमारी–वाया** जैसलमेर, फलौदी, बीकानेर, चूरू, सीकर, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा कैंट, झांसी, सागर, कटनी मुड़वारा, अनूपपुर, उस्लापुर, रायपुर, दुर्ग, गोंड़िया, बल्हारशाह जंक्शन, विजयवाड़ा, रेणिगुंटा, सेलम जंक्शन, कोयम्बतूर, एरणाकुल्लम कन्याकुमारी<br>**द्वितीय ट्रेन श्रीगंगानगर से डिब्रूगढ़–वाया** सादुलपुर, झुंझुनू, सीकर, जयपुर, बांदीकुई, अलवर, मथुरा, आगरा, इटावा, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, पंडित दीनदयाल जंक्शन पटना, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू बंगाईगांव, गुवाहाटी से डिब्रूगढ़<br>**तृतीय ट्रेन भुज से अगरतला–वाया** गांधीधाम, मेहसाणा, भीलड़ी, समदारी, जोधपुर, मकराणा, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, मथुरा, कासगंज, फर्रूखाबाद, कानपुर, लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी, पंडित दीनदयाल जंक्शन पटना, बारूनी, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू बंगाईगांव, गुवाहाटी, चापरमुक, न्यूहल्फांग, न्यूकरीमगंज, अगरतला। नई ट्रेनों के उपरोक्त प्रस्ताव सैन्यकर्मियों से मिले सुझाव पर आधारित है मुझे विश्वास है आप कृपया उपरोक्तानुसार नई ट्रेनों के संचालन शीघ्र अनुमति प्रदान करेंगे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>**(1)** जैसलमेर से कन्याकुमारी – जैसलमेर स्टेशन पर प्राथमिक अनुरक्षण की सुविधाएं उपलब्ध नहीं है अतः जैसलमेर स्टेशन से नयी गाड़ी का संचालन संभव नहीं है।<br>**(2)** श्रीगंगानगर से डिब्रूगढ – श्रीगंगानगर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधाओं के मद्देनजर श्रीगंगानगर से डिब्रूगढ नयी गाड़ी का संचालन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संभव नहीं है।<br>**(3)** भुज से अगरतला – भुज से अगरतला नयी गाड़ी का संचालन किया जाना उत्तर पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में नहीं है। |
| **18** | श्रीगंगानगर–हनुमानगढ़ के मध्य स्थित रेलवे लाईन का इलेक्ट्रिफिकेशन भी शीघ्र करवाया जाए ताकि इलेक्ट्रिफाइड रूट पर संचालित होने वाली ट्रेनों का विस्तार श्रीगंगानगर तक करना संभव हो सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>श्रीगंगानगर–हनुमानगढ़ सेक्शन के विद्युतीकरण का कार्य IRCON द्वारा किया जा रहा है। उक्त कार्य वर्ष 2022–23 में पूर्ण कर लिया जायेगा। |
| **19** | सूरतगढ़ से बठिण्डा के बीच रेलवे लाइन इलेक्ट्रिफिकेशन का कार्य दो वर्ष पूर्व पूरा हो चुका है तथा सीआरएस से स्वीकृति भी मिल चुकी है लेकिन अब तक इस इलेक्ट्रिफाइड रूट पर ट्रेनों का संचालन शुरू नहीं हुआ है। अतः इस रेल खण्ड पर विद्युत ट्रेनों का संचालन जल्द शुरू हो।<br>**रिमार्क्सः–**<br>उपरे पर वर्तमान में विद्युत लोको शैड की उपलब्धता नहीं है। विद्युत इंजन से गाड़ी चलाये जाने हेतु लोको लिंक इंटर रेलवे द्वारा प्रदान किये जाते हैं। |

| | |
|---|---|
| 20 | सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो व तीन पर यात्रियों के आवागमन के लिए स्वीकृत लिफ्टें व स्वचालित सीढ़ियां जल्द लगवाई जाएं। इन प्लेटफॉर्मं से कई एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनें चलती हैं ताकि बुजुर्ग महिलाएं, बच्चों व बीमार यात्रियों को राहत मिले।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सूरतगढ एनएसजी – 4 श्रेणी का स्टेशन है जहॉ पर यात्री सुविधा नीति अनुसार लिफ्ट एवं एस्केलेटर का प्रावधान नही है। रेलवे बोर्ड का पत्र सं. 2013/इलेक्ट(जी)/150/13/पीटी–1 (डीयूपी) दिनांक 06.03.19 के दिशा निर्देशों (1.7) के अनुसार किसी स्टेशन पर एस्केलेटर लगाने के लिये 25000 footfall प्रतिदिन के आधार पर किया जाता है। सुरतगढ स्टेशन का footfall 12616 है एवं सुरतगढ रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट एवं एस्केलेटर का कोई कार्य स्वीकृत नही हुआ है। |
| 21 | सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो, तीन व चार पर यात्री सुविधा के लिए कोच डिस्प्ले बोर्ड लगवाएं जाएं, साथ ही सूरतगढ़ के सभी प्लेटफॉर्म को शैड से पूरी तरह कवर किया जाए। यात्रियों को गर्मी, सर्दी व बरसात में प्लेटफॉर्मों पर पीड़ा झेलनी पड़ रही हैं।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सूरतगढ स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 02/03 एवं 04 पर कोच इंडिकेशन बोर्ड लगाए जाने का प्रस्ताव स्वीकृती हेतु रेलवे बोर्ड स्तर पर प्रक्रियाधीन है। रेलवे बोर्ड की न्यूनतम यात्री सुविधा नीति अनुसार एनएसजी–4 श्रेणी के स्टेशनो पर प्रति प्लेटफार्म 200 वर्गमीटर का प्रावधान है, जबकि इस स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 01 पर 408 वर्गमीटर, 02/03 पर 758 वर्गमीटर एवं प्लेटफार्म संख्या 04 पर 909 वर्गमीटर प्लेटफार्म शेड उपलब्ध है। |
| 22 | सूरतगढ़ में 11 कोच की पुरानी वॉशिंग लाईन के स्थान पर 24 कोच की नई रेलवे वॉशिंग लाईन का निर्माण कर शुरू किया जाए। बीकानेर, लालगढ़ के बाद सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन में सबसे बड़ा यार्ड व उप स्टेशन पीपेरन स्थित है। इसलिए यहां वाशिंग लाइन के लिए पर्याप्त स्थान हैं। वॉशिंग लाईन शुरू होने से श्रीगंगानगर वॉशिंग लाईन पर दबाव कम हो सकेगा व श्रीगंगानगर में रूकने वाली गाड़ियों को वाया अनूपगढ़, सूरतगढ़ तक बढ़ाना भी संभव हो पाएगा। पूर्व में यहाँ मीटरगेज की बड़ी वाशिंग लाइन स्थित थी।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में सूरतगढ़ में किसी भी गाड़ी का प्राथमिक अनुरक्षण नहीं किया जा रहा है। श्रीगंगानगर स्टेशन पर दो वाशिंग लाईन उपलब्ध है जोकि सूरतगढ़ स्टेशन से होकर जाने वाली गाड़ियों के अनुरक्षण हेतु उपयोग में ली जाती है। परिचालनिक आवश्यकताओं के मद्देनजर सूरतगढ स्टेशन पर वाशिंग लाइन बनाया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 23 | पूर्व में भी जेडआरयूसीसी सदस्यों की मीटिंग ऑन लाईन हुई थी उसके बाद कोविड कम हुआ उसमें मीटिंग आयोजित नहीं की गई अब कोविड बढ़ा तो फिर वर्चुअल मीटिंग आयोजित की जा रही है। आपसे अनुरोध है कि कोविड ठीक होने के बाद शीघ्र एक मीटिंग आफ लाईन बुलाई जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में कोविड के बढ़ते मामलों के मद्देनजर जेडआरयूसीसी की आफ लाईन मीटिंग बुलाना संभव नहीं है। |

| | **26. श्रीमती निशा शर्मा** |
|---|---|
| **1** | गाड़ी सं. 12833/12834 हावड़ा–अहमदाबाद एक्सप्रेस का रूट विस्तार अहमदाबाद से सप्ताह में तीन दिन वाया मेहसाणा, पाटन, भीलड़ी, मोदरान, जालौर, समदड़ी, जोधपुर, मेड़ता रोड, नागौर, नोखा होते हुए बीकानेर तक करने से एवं सप्ताह में चार दिन वाया मेहसाणा, पालनपुर, आबूरोड़, मारवाड़, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा होते हुए जयपुर तक करने से बीकानेर, जोधपुर एवं अजमेर, जयपुर का जुड़ाव कोलकाता, खड़गपुर, टाटानगर, राउरकेला, झारसुगुड़ा, बिलासपुर, नागपुर, सूरत, वड़ोदरा, अहमदाबाद होने से व्यापारिक, पर्यटन के दृष्टिकोण से लाभदायक होगा। वर्तमान में यह ट्रेन दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा पाँच रेक से संचालित की जा रही है और रूट विस्तारीकरण में इसके लिए एक अतिरिक्त रेक की आवश्यकता होगी।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 12833/12834 हावड़ा–अहमदाबाद एक्सप्रेस दक्षिण पूर्वी रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी है इसका प्राथमिक अनुरक्षण संतरागांछी स्टेशन पर एवं द्वितीय अनुरक्षण अहमदाबाद स्टेशन पर किया जाता है एवं यह गाड़ी आईसीएफ रेक से संचालित है। इस गाड़ी का अहमदाबाद स्टेशन पर लाई ओवर 12.25 घंटे है जिसमें बिना अतिरिक्त रेक एवं द्वितीय अनुरक्षण के विस्तार संभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि बीकानेर एवं जयपुर दोनों स्टेशनों पर सीमित अनुरक्षण सुविधा के कारण प्रतिदिन द्वितीय अनुरक्षण किया जाना संभव नहीं है। |
| 1.1 | जोधपुर से गोरखपुर नई ट्रेन वाया मेड़ता रोड़–डेगाना–छोटी खाटू–डीडवाना–लाडनूं–सूजानगढ़–रतनगढ़ होकर चलायी जाये इससे संबंधित प्रस्ताव रेलवे बोर्ड व संबंधित जोन को भेजे व हमें इसकी कॉपी उपलब्ध कराएं पिछले 7 सालों से इस क्षेत्र की जनता इसकी मांग कर रही है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में गाडी सं. 15623/15624 भगत की कोठी– कामाख्या जो वाया लखनउ संचालित की जा रही है उपलब्ध है एवं यात्री लखनउ से गोरखपुर की यात्रा अन्य गाडी से कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि नयी गाडियां चलाये जाने हेतु कोचिंग स्टॉक, पाथ, लोको, मार्गस्थ रेलों की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति भी आवश्यक है। इस गाड़ी को आगामी अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक में प्रस्तावित किया जायेगा। |
| 1.2 | श्रीगंगानगर/हिसार से रामेश्वरम/बैंगलोर/चैन्नई/तिरूपति/हुबली वाया सादुलपुर, चूरू, रतनगढ़, सूजानगढ़, लाडनूं, डीडवाना, छोटी खाटू, डेगाना, मेड़ता रोड, जोधपुर, समदड़ी होकर चलायी जाये वर्तमान में सूजानगढ़–लाडनूं–डीडवाना–छोटी खाटू से दक्षिण भारत के लिए कोई सीधी ट्रेन सेवा नहीं है इससे संबंधित प्रस्ताव रेलवे बोर्ड व सम्बन्धित जोन को भेजें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>हिसार से रामेश्वरम नयी गाडी हेतु प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2017 एवं 2018 में भेजे गये थे जिन पर सहमति नहीं बन सकी। |
| 1.3 | श्रीगंगानगर से जोधपुर/अहमदाबाद नई ट्रेन वाया हनुमानगढ़, सादुलपुर, चूरू, रतनगढ़, लाडनूं, डेगाना, जोधपुर होकर चलायी जाये इससे संबंधित प्रस्ताव रेलवे बोर्ड व संबंधित जोन को भेजे व हमें इसकी कॉपी उपलब्ध कराएं पिछले 7 सालों से इस क्षेत्र की जनता इसकी मांग कर रही है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>श्रीगंगानगर से जोधपुर नयी गाड़ी संचालन हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा IRTTC-2021 में प्रस्ताव दिया गया था जिस पर कार्यवृत्त तैयार कर रेलवे बोर्ड भेजे गये हैं। अनुवर्ती कार्यवाही रेलवे बोर्ड |

| | |
|---|---|
| | से अपेक्षित है। |
| 1.4 | ट्रेन सं. 15657 / 15658 (old no. 15955/15956) ब्रह्मपुत्र मेल का विस्तार जोधपुर / बाड़मेर तक वाया संबंधित जोन को भेजे व हमें इसकी कॉपी उपलब्ध कराएं। पिछले 7 सालों से इस क्षेत्र की जनता इसकी मांग कर रही है। रेवाड़ी, सादुलपुर, रतनगढ़, लाडनूं, डेगाना, मेड़ता रोड होकर जिसके लिए उत्तर रेलवे ने 2020 व 2021 की अंतर रेलवे समय सारणी मीटिंग मे सहमति के साथ जोधपुर तक विस्तार हेतु रेलवे बोर्ड व उत्तर पश्चिम रेलवे को भेजा प्रस्ताव कॉपी संलग्न होकर चलायी जाये इससे संबंधित प्रस्ताव रेलवे बोर्ड व संबंधित जोन को भेजे व हमें इसकी कॉपी उपलब्ध कराएं पिछले 7 सालों से इस क्षेत्र की जनता इसकी मांग कर रही है।<br>**रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी सं. 15955 / 56 डिब्रूगढ़–दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल NF Rly. के स्वामित्व की गाड़ी है। इस गाड़ी का दिल्ली स्टेशन पर द्वितीय अनुरक्षण किया जाता है। इस गाड़ी के दिल्ली–जोधपुर के मध्य संभावित पाथ पर गाड़ी सं. 22421 / 22 दिल्ली सराय रोहिल्ला–जोधपुर–सालासर एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है। बाड़मेर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधाओं के कारण प्रतिदिन द्वितीय अनुरक्षण हेतु स्लॉट उपलब्ध नहीं है। |
| 1.5 | बीकानेर, रतनगढ़, लाडनूं, डेगाना, मेड़ता रोड, नागौर, बीकानेर सर्कुलर नई ट्रेन चलायी जाये इस से संबंधित प्रस्ताव रेलवे बोर्ड व हमें इसकी कॉपी उपलब्ध कराएं पिछले 10 सालों से इस क्षेत्र की जनता इसकी मांग कर रही है।<br>**रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में उत्तर पश्चिम रेलवे के मंडलो पर विद्युतीकरण का कार्य चल रहा है तथा आगामी 02 वर्ष में पूर्ण होने की संभावना है। साधारणतया सर्कुलर गाड़ी डेमू / मेमू रेको से संचालित की जाती है। नई डेमू रेको की आपूर्ती रेलवे बोर्ड द्वारा उपरे को नहीं की जा रही है, भविष्य हेतु मेमू रेक की मांग एवं अनुरक्षण हेतु कार शैड की स्थापना विचाराधीन है अतः वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सर्कुलर गाड़ी चलाये जाना संभव नहीं है। |
| 1.6 | जोधपुर से हरिद्वार वाया डेगाना, छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़ होकर वर्तमान में कोई ट्रेन नहीं अतः ट्रेन सं. 22481 / 22482 व 22421 / 22422 जोधपुर दिल्ली में किसी एक ट्रेन को हरिद्वार तक बढ़ाये व एक ट्रेन को अहमदाबाद तक बढ़ाये या फिर कोई नई ट्रेन सेवा जोधपुर से हरिद्वार तक चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड व संबंधित जोन को भेजे व कॉपी हमें उपलब्ध कराये।<br>**रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी संख्या 22481–22482 जोधपुर–दिल्ली सराय रोहिल्ला दैनिक एक्सप्रेस का हरिद्वार / योगनगरी ऋषिकेश तक विस्तार हेतु प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी 2020 एवं 2021 में भेजा गया था जिस पर उत्तर रेलवे द्वारा सहमति नहीं दी गई।<br>सुझावित गाड़ियाँ इंटीग्रेटेड रेक लिंक में संचालित होने के कारण उक्त किसी भी गाड़ी का विस्तारण अहमदाबाद तक किया जाना संभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि जोधपुर से अहमदाबाद के मध्य हाल ही में गाड़ी सं. 14803 / 04 एवं 14819 / 20 का प्रतिदिन संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। |
| 1.7 | बाडमेर से मुंबई / बांद्रा टर्मिनल / चैन्नई / जयपुर / आगरा / झालावाड तक नई ट्रेन जिसकी मांग पांच सालों से हो रही है वाया बालोतरा समदड़ी।<br>**रिमार्क्स:–**<br>बाडमेर से मुंबई नयी गाड़ी चलाये जाने हेतु प्रस्ताव पश्चिम रेलवे को भेजा गया था किन्तु पालनपुर, मेहसाना, अहमदाबाद खंड पर दोहरीकरण कार्य के मद्देनजर पश्चिमी रेलवे द्वारा सहमति नहीं दी गई। शेष गंतव्य चेन्नई / जयपुर / आगरा / झालावाड के लिए नयी गाड़ी |

| | |
|---|---|
| | चलाये जाने हेतु कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। |
| 1.8 | बीकानेर से मुंबई / बांद्रा टर्मिनस वाया रतनगढ़, चूरू, सीकर, जयपुर, सवाईमाधोपुर, कोटा होकर तक नई ट्रेन।<br>**रिमार्क्सः—**<br>वर्तमान में बीकानेर—मुंबई के मध्य 01 जोड़ी गाड़ी प्रतिदिन, 02 जोड़ी गाड़ी द्विसाप्ताहिक एवं 04 जोड़ी गाड़ी साप्ताहिक चलाई जा रही है।<br>बीकानेर से मुम्बई / बांद्रा टी वाया रतनगढ़, चूरू, जयपुर, सवाई माधोपुर नयी गाड़ी चलाये जाने हेतु अतिरिक्त रेक / लोको के साथ मार्गस्थ रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। |
| 1.9 | ट्रेन सं. 15623 / 15624 कामख्या भगत की कोठी, उनको सप्ताह में कम से कम तीन दिन चलाने हेतु प्रस्ताव भिजवाना।<br>**रिमार्क्सः—**<br>गाड़ी सं. 15623 / 24 भगत की कोठी—कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस उत्तरी सीमान्त रेलवे के स्वामित्व की गाडी है। इसके फेरों मे वृद्धी किये जाने हेतु मार्गस्थ रेलों पर पाथ की अनुपलब्धता मुख्य बाधा है। रेवाड़ी — दिल्ली खण्ड उत्तर रेलवे का अतिव्यस्त खण्ड है जिसकी लाईन क्षमता का उपयोग 100 प्रतिशत से भी अधिक हो रहा है। |
| 1.10 | ट्रेन सं. 22915 / 22916 हिसार बांद्रा ट्रेन सं. 19027 / 19028 जम्मू तवी बांद्रा जो अभी साप्ताहिक ट्रेन है उनको सप्ताह में कम से कम तीन दिन चलाने हेतु प्रस्ताव भिजवाना।<br>**रिमार्क्सः—**<br>गाड़ी सं. 22915 / 16 बांद्रा टी—हिसार साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं 19027 / 28 बांद्रा टी—जम्मूतवी साप्ताहिक एक्सप्रेस पश्चिम रेलवे के स्वामित्व की गाड़ी हैं। इनके फेरों मे वृद्धी किये जाने हेतु पाथ की अनुपलब्धता मुख्य बाधा है। उक्त गाड़ियों के पाथ पर दूसरी अन्य गाड़ियाँ पालनपुर—मुंबई के मध्य संचालित की जा रही है जिससे इनके फेरे बढाये जाना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। इस हेतु प्रस्ताव अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2018, 2019 एवं 2020 में भेजे गये थे जिन पर सहमति नहीं बन सकी। |
| 1.11 | डिब्रूगढ़ से जोधपुर ने ट्रेन सेवा वाया न्यू जलपाईगुडी, मालदा, फरक्का, गोरखपुर, वाराणसी, दिल्ली, रेवाड़ी, सादुलपुर, रतनगढ़, लाडनूं, डेगाना, जोधपुर का संचालन हेतु प्रस्ताव तैयार करके संबंधित जोन व रेलवे बोर्ड को भिजवाएं व कॉपी हमें उपलब्ध करवाएं वर्तमान में इस रूट से डिब्रूगढ़ की कोई सीधी ट्रेन सेवा उपलब्ध नहीं है।<br>**रिमार्क्सः—**<br>गाड़ी सं. 15955 / 56 डिब्रूगढ़—दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल NF Rly. के स्वामित्व की गाड़ी है। इस गाड़ी का दिल्ली स्टेशन पर द्वितीय अनुरक्षण किया जाता है। इस गाड़ी के दिल्ली—जोधपुर के मध्य संभावित पाथ पर गाड़ी सं. 22421 / 22 दिल्ली सराय रोहिल्ला—जोधपुर—सालासर एक्सप्रेस का संचालन किया जा रहा है। |
| 1.12 | श्रीगंगानगर से ओखा जामनगर, वाया हनुमानगढ़, नोहर, सादुलपुर, रतनगढ़, लाडनूं, डेगाना, जोधपुर, समदड़ी, जालौर राजकोट, सुरेन्द्रनगर, विरमगाम, महेसाना के रास्ते तक नई रेल सेवा के संचालन हेतु।<br>**रिमार्क्सः—**<br>श्रीगंगानगर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधाओं के मद्देनजर सुझावित मार्ग पर नयी गाड़ी चलाये जाना परिचालनिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। उल्लेखनीय है कि नयी गाडियां चलाये जाने हेतु कोचिंग स्टॉक, पाथ, लोको, मार्गस्थ रेलों की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति भी आवश्यक है। |

| | |
|---|---|
| 1.13 | ट्रेन सं. 74835/74836 जोधपुर हिसार व हिसार जोधपुर ट्रेन जो वर्तमान में नए समय से संचालन हो रही वो दोनों साइड से जनता के सुविधा के अनुरूप नहीं जिस कारण यह ट्रेन में जितने पैसेंजर जो पहले पुराने समय में मिलते थे वो नहीं मिल पा रहे हैं अतः जनता की मांग के अनुरूप इस ट्रेन का दोनों साइड का समय पुराना वाला बहाल किया जाये।<br>**रिमार्क्सः—**<br>जीरो बेस समय सारणी की प्रक्रिया के दौरान बीकानेर मंडल के विभिन्न खंडों पर रेल पथ की मरम्मत हेतु कॉरिडोर ब्लॉक बनाये जाने हेतु उक्त गाड़ियों की समय सारणी में मामूली परिवर्तन किया गया था जिसे पुनः बदलने से परिचालन व अनुरक्षण पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ता है। |
| 1.14 | ट्रेन सं. 12323/12324 का डेगाना मेड़ता रोड़ पर ठहराव हेतु रेलवे बोर्ड को फ्रेश लेटर भेजा जाये क्योंकि रेलवे बोर्ड ने उत्तर पश्चिम रेलवे के 2020 के भेजे लेटर पर विचार करने से मना कर दिया है उनका कहना जोन से नया लेटर इस सम्बन्ध में भेजने को बोले और इस सम्बन्ध मे फ्रेश लैटर रेलवे बोर्ड को तुरंत भेज कर कॉपी हमें उपलब्ध करवाएं।<br>**रिमार्क्सः—**<br>गाडी संख्या 12323/12324 का डेगाना, मेड़ता रोड़ पर ठहराव हेतु रेलवे बोर्ड को पत्र पूर्व में भेजा गया है। पत्र पुनः भेजे जाने हेतु कार्यवाही की जायेगी। |
| 1.15 | ट्रेन सं. 14645/14646 व 14661/14662 शालीमार एक्सप्रेस का ठहराव कुचामन सिटी पर दिया जाये व ट्रेन सं. 22674/22673 मनारगुड़ी—जोधपुर व जोधपुर—पुरी ट्रेन सं. 20814/20813 का ठहराव भी कुचामन सिटी पर दिया जाये।<br>**रिमार्क्सः—**<br>वर्तमान में कुचामन सिटी स्टेशन पर कुल 30 गाड़ियों का ठहराव दिया गया हैं। गाड़ी संख्या 14645/14646 जम्मूतवी — जैसलमेर एक्सप्रेस व 14661/14662 जम्मूतवी — बाड़मेर एक्सप्रेस शालीमार एक्सप्रेस का कुचामन सिटी स्टेशन पर ठहराव हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा हुआ है।<br>गाड़ी सं0 20814/13 का ठहराव मकराना स्टेशन पर है जो कि कुचामन सिटी स्टेशन से मात्र 14 किमी की दूरी पर हैं। यात्री मकराना स्टेशन से इस सुविधा का लाभ उठा सकते है।<br>कुचामन सिटी स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमश 39 व 9557 है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति में निर्धारित मानकों से कम है। अतः 22674/22673 एवं 20814/20813 गाड़ियों के ठहराव हेतु वाणिज्यिक औचित्य नहीं बनता है। |
| 1.16 | ट्रेन सं. 22421/22422 व 22481/22482 का ठहराव ताल छापर पर 2022 में तेरापंथ के आचार्य महाश्रमण जी का घोषित चातुर्मास को देखते हुए धर्मानुरागी जनता के आवागमन को देखते हुए इसकी अनुशंसा रेलवे बॉर्ड की जाये व उसकी कॉपी हमें उपलब्ध कराएं।<br>**रिमार्क्सः—**<br>तालछापर स्टेशन पर वर्तमान मे 6 जोड़ी गाड़ियों का ठहराव हैं।<br>ताल छापर स्टेशन से सुजानगढ़ स्टेशन मात्र 13 किमी की दूरी पर स्थित है। सुजानगढ़ स्टेशन पर गाड़ी सं0 22421/22 एवं 22481/82 का ठहराव हैं। यात्री सुजानगढ स्टेशन से इस सुविधा का लाभ उठा सकते है।<br>ताल छापर पर प्रतिदिन प्रतिगाडी औसत यात्रीभार 10 एवं आय 504 रूपये है। पूर्व में गाडी सं. 22421 व 22422 जोधपुर—दिल्ली सराय रोहिल्ला—जोधपुर एक्सप्रेस के तालछापर स्टेशन पर आरक्षित व अनारक्षित यात्री भार क्रमशः 02 एवं 10 तथा 02 एवं 50 रहा हैं। उपरोक्तानुसार यात्रीभार रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति में निर्धारित मानकों से कम है। अतः गाडी सं. 22481/82 जोधपुर—दिल्ली स. रोहिल्ला ठहराव दिया जाना औचित्यपूर्ण नहीं |

| | |
|---|---|
| | हैं। |
| 1.17 | ट्रेन सं. 22915/22916 बांद्रा हिसार ट्रेन का छोटी खाटू ठहराव दिया जाये क्योंकि यहाँ इसके अलावा सभी मेल एक्सप्रेस सुपरफास्ट ट्रेनों का ठहराव है और यहाँ पर हर ट्रेन में अच्छा यात्री भार भी है।<br>**रिमार्क्सः—**<br>छोटी खाटू स्टेशन पर वर्तमान में 07 जोडी एक्सप्रेस एवं 01 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है। छोटी खाटू स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमश 22 व 2400 है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति में निर्धारित मानकों से कम है अतः गाड़ी संख्या 22915/16 बान्द्रा टी – हिसार एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाना औचित्यपूर्ण नहीं हैं। |
| 1.18 | ट्रेन सं. 22421/22422 व ट्रेन सं. 22481/22482 जोधपुर दिल्ली में से किसी एक ट्रेन का ठहराव खाटू, खुनखुना, पड़िहारा में दिया जाये जिससे इन क्षेत्रों के लोगों को भी दिल्ली के सीधी ट्रेन सेवा उपलब्ध हो सके और रेलवे को रेवेन्यू भी प्राप्त हो।<br>**रिमार्क्सः—**<br>खाटू से छोटी खाटू मात्र 6 किमी की दूरी पर स्थित हैं। खुलनखुना से डीडवाना मात्र 16 किमी की दूरी पर स्थित है एवं पडिहारा से रतनगढ़ स्टेशन मात्र 20 किमी की दूरी पर स्थित हैं जहां गाड़ी सं0 22421/22 एवं 22481/82 का ठहराव हैं।<br>खाटू स्टेशन पर वर्तमान में 01 जोडी एक्सप्रेस एवं 02 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है। खुनखुना स्टेशन पर वर्तमान में 01 जोडी एक्सप्रेस एवं 02 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है। पडिहारा स्टेशन पर वर्तमान में 01 जोडी एक्सप्रेस एवं 02 जोडी पैसेंजर गाडियों का ठहराव है।<br>गाडी सं. 22421/22422 जोधपुर—दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस हेतु आरक्षित व अनारक्षित यात्री भार क्रमशः तालछापर पर 02 व 10 एवं 02 व 50, पड़िहारा पर 02 व 08 एवं 01 व 10 हैं इसी प्रकार गाडी सं. 22481/22482 जोधपुर—दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस हेतु आरक्षित व अनारक्षित यात्री भार क्रमशः खुनखुना पर 03 व 07 एवं 03 व 28, खाटू पर 04 व 20 एवं 05 व 20 हैं।<br>खुनखुना स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमशः 13 व 503 है, खाटू स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमशः 18 व 658 है, पड़िहारा स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमशः 16 व 628 है, तालछापर स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री भार एवं आय क्रमशः 10 व 504 है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति में निर्धारित मानकों से कम है अतः ठहराव दिया जाना वाणिज्यिक दृष्टि से औचित्यपूर्ण नही हैं। |
| 1.19 | ट्रेन सं. 14727/14728 तिलकब्रिज—श्रीगंगानगर व ट्रेन सं. 19707/19708 श्रीगंगानगर बॉम्बे अरावली एक्सप्रेस का ठहराव सिधमुख स्टेशन बीकानेर डिवीजन पर दिया जाये जिसके बीकानेर डिवीजन ने जोन को अनुशंसा भी कर दी है। अतः जोन इन दोनों ट्रेनों के सिधमुख ठहराव हेतु बोर्ड को लेटर भेजें व कॉपी हमें उपलब्ध करवाऐं।<br>**रिमार्क्सः—**<br>सिधमुख स्टेशन पर प्रतिदिन प्रतिगाड़ी यात्री 16 व आय रू 715/— औसत प्रतिदिन प्रतिगाड़ी है। पूर्व में गाड़ी सं. 54767/68 श्रीगंगानगर—तिलक ब्रिज— श्रीगंगानगर (नया नं. 14727/28) पैसेंजर में सिधमुख स्टेशन पर आरक्षित व अनारक्षित यात्री भार 01 व 15 एवं और 0 व 10 औसत प्रतिदिन रहा हैं। जो रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति के मानक से कम है अतः गाड़ी सं. 14701/02 श्रीगंगानगर—बांद्रा टी अरावली एक्सप्रेस का ठहराव सिधमुख स्टेशन पर दिया जाना वाणिज्यिक रूप से औचित्यपूर्ण नहीं है। |

| | |
|---|---|
| 1.20 | ट्रेन सं. 12323 / 12324 का बाड़मेर और हावड़ा इस ट्रेन biweekly से सप्ताह में कम से कम चार दिन किया जाये क्योंकि इस ट्रेन में इस रूट में सभी स्टेशनों पर पर्याप्त यात्री भार उपलब्ध है व दोनों साइड में इस ट्रेन में एक से दो घंटा ट्रेवल टाइम कम किया जाये ।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 12323 / 24 हावड़ा–बाड़मेर–एक्सप्रेस (द्वि–साप्ताहिक) पूर्वी रेलवे के स्वामित्व की सेवा है। उक्त गाड़ी उत्तर पश्चिम रेलवे के अलावा उत्तर रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे, पूर्वी मध्य रेलवे से होकर संचलित होती है। डेगाना से जोधपुर तक के दोहरीकरण पश्चात आगामी समय सारणी में इसे स्पीडअप किया जाना संभव हो सकेगा। |
| 1.21 | फुलेरा से डेगाना के मध्य कुचामन सिटी मकराना नावां इन स्टेशनों से बॉम्बे के लिए सीधी ट्रेन सेवा नहीं है अतः जयपुर या जोधपुर की कोई ट्रेन विस्तार या चंडीगढ़ से रींगस फुलेरा कुचामनसिटी डेगाना जोधपुर के रास्ते बांद्रा हेतु नई ट्रेन सेवा शुरू की जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जयपुर या जोधपुर स्टेशन पर समाप्त होने वाली एवम् पश्चिम रेलवे द्वारा चलाई जाने वाली गाड़ियों में लाई ओवर बहुत ही कम होने के कारण विस्तार संभव नहीं है। वर्तमान में चण्डीगढ़ से बान्द्रा के मध्य गाड़ी संख्या 22451 / 52 द्वि–साप्ताहिक संचलित है तथा गाडी सं. 12215 / 16 दिल्ली स. रोहिल्ला–बांद्रा टी गरीबरथ सप्ताह में चार दिन एवं गाडी सं. 14701 / 02 अरावली एक्सप्रेस फुलेरा होते हुए संचालित है। कुचामन और नांवा सिटी के यात्री फुलेरा से उक्त सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त मार्ग परिवर्तन के साथ नई गाड़ी चलाये जाने हेतु उत्तर एवं पश्चिम रेलवे की सहमति तथा रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यकता होगी। |
| 1.22 | ट्रेन सं.12259 / 12660 सियालदाह बीकानेर दुरंतो 30 घंटे से ज्यादा बीकानेर में lie over ट्रेन सं. 12485 / 12486 व 12439 / 12440 नांदेड श्रीगंगानगर 20 घंटे से ज्यादा श्रीगंगानगर lie over ट्रेन सं. 12489 / 12490 दादर बीकानेर का 25 घंटे से ज्यादा बीकानेर में lie over ट्रेन सं. 22475 / 22476 कोयम्बटूर हिसार का हिसार में 40 घंटे से ज्यादा lie over ट्रेन सं. 22417 / 22418 त्रिचापली श्रीगंगानगर का श्रीगंगानगर में 25 घंटे से ज्यादा lie over ट्रेन सं 22737 / 22738 सिकंदराबाद हिसार का हिसार में 20 घंटे से ज्यादा lie over ट्रेन सं 14709 / 14710 पुरी बीकानेर का बीकानेर में 70 घंटे से ज्यादा lie over अगर इन ट्रेनों के lie over रैक का यूटिलाइजेशन अगर बीकानेर डिवीजन या उत्तर पश्चिम रेलवे करता है तो इन ट्रेनों आसानी से रतनगढ़, डेगाना, कटरा, जोधपुर, लुधियाना, अमृतसर, बठिण्डा तक आसानी से बढ़ाया जा सकता बिना किसी अतिरिक्त संसाधनों के इससे इन स्टेशनों व क्षेत्रों के लोगों को सुविधा के साथ साथ रेलवे को भी अतिरिक्त राजस्व मिलेगा इसी तरह के प्रस्ताव जोधपुर, अजमेर, जयपुर डिवीजन में lie over रैकों के संबंध में लागू कर सकते है और NWR व सभी डिवीजन को अतिरिक्त रेलवे राजस्व मिल सकता है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>उक्त सभी लाई ओवर बीकानेर मंडल स्थित विभिन्न कोचिंग डिपो पर उपलब्ध हैं। उल्लेखनीय है कि बीकानेर मंडल पर विभिन्न कोचिंग डिपो पर सीमित अनुरक्षण सुविधा एवं स्टॉफ के कारण उपलब्ध सभी लाई ओवर से नयी गाड़ी चलाया जाना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। |
| 1.23 | **Provide direct train service for Jaipur capital of Rajasthan** पड़िहारा, तालछापर, सूजानगढ़, लाडनूं, डीडवाना, खुनखुना, छोटी खाटू स्टेशनों व इन शहर के लोगों का आजादी के 74 सालों बाद भी राजस्थान की राजधानी जयपुर से सीधा जुड़ाव नहीं।<br>**रिमार्क्सः–**<br>बीकानेर से जयपुर वाया मेडता रोड, डेगाना तथा वाया रतनगढ, चुरू एक्सप्रेस गाड़ियों का |

| | |
|---|---|
| | संचालन किया जा रहा है। बीकानेर से जयपुर वाया रतनगढ, डेगाना तुलनात्मक रूप से लंबा मार्ग है तथा रतनगढ एवं डेगाना स्टेशनो पर इंजन रिवर्सल भी एक परिचालनिक बाधा है।<br>डेगाना–रतनगढ़ खंड के यात्री जयपुर हेतु डेगाना व रतनगढ़ तथा चूरू स्टेशनों से जयपुर की ओर जाने वाली गाड़ियों में यात्रा कर सकते हैं। |
| 1.24 | दिनांक 12/13 दिसंबर 2021 को मैनें रेवाड़ी रींगस नीम का थाना नारनौल स्टेशन का औचक निरीक्षण किया जिसमें नारनौल स्टेशन को छोड़कर रेवाड़ी नीमकाथाना रींगस तीनों स्टेशनों पर गंदगी थी काट के आसपास जूते, डिस्पोजेबल कप आदि पड़े थे एवं रींगस स्टेशन पर दीवारों पर गुटका, तंबाकू, पान की पीक थी आपसे अनुरोध है कि इस ओर ध्यान दें फोटो साथ में संलग्न है।<br>फुलेरा से डेगाना के मध्य कुचामन सिटी मकराना नावां इन स्टेशनो से बॉम्बे के लिए कोई सीधी ट्रेन सेवा नहीं है अतः जयपुर या जोधपुर की कोई ट्रेन विस्तार या चंडीगढ़ से रींगस फुलेरा कुचामनसिटी डेगाना जोधपुर के रास्ते बांद्रा हेतु नई ट्रेन शुरू की जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>रेवाड़ी स्टेशन का मुख्य स्वास्थ निरीक्षक द्वारा गहन निरीक्षण किया गया तथा सफाई सुनिश्चित की गई और सभी सम्बन्धितों को सख्त निर्देश किये गये है कि भविष्य में स्टेशन की सफाई हेतु सतर्कता से कार्य करायें। |

| | **27. श्री ओम पालीवाल** |
|---|---|
| 1 | वर्तमान में ब्राडगेज आमान परिवर्तन के बाद डूंगरपुर से असरवा (अहमदाबाद) ट्रेन नं. 09544 प्रारम्भ की गई है। जिसका समय प्रस्थान का 14:50 रखा गया है। यह सम्पूर्ण रूप से जनजाति क्षेत्र है यहाँ से प्रतिदिन अहमदाबाद इलाज के बाबत् बड़ी संख्या में बीमार व्यक्ति मजदूरी बाबत् एवं व्यवसाय बाबत् व्यापारी का प्रतिदिन जाना–आना रहता है। ऐसे में इस ट्रेन का समय दोपहर 14:50 के बजाय प्रातः 07:30 एवं आवागमन अहमदाबाद से इसके अनुरूप सांयः रखा जाता है तो प्रतिदिन यात्रियों को प्रातः जाकर रात्री में गनतव्य पर लोट सकते हैं। इससे क्षेत्र के जनजाती बाहुल्य लोगों को सस्ती एवं सुलभ यात्रा प्राप्त हो सकेगी। पिछले दिनों ट्रेन के शुभारम्भ के दिन ही क्षेत्र के दोनों सांसद माननीय श्री कनकमल कटारा जी एवं माननीय श्री हर्षवर्धन सिंह जी ने एवं क्षेत्र की जनता ने यह मांग रखी है। कृपया इसकी समय सारणी में अनुकुल परिवर्तन का निवेदन है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>सुझावित गाडी का समय परिवर्तन परिचालनिक कारणों से संभव नहीं है हालांकि उदयपुर–अहमदाबाद संपूर्ण खंड आमान परिवर्तन पश्चात शीघ्र ही यात्री यातायात हेतु खोले जाना संभावित है तत्पश्चात यात्रियों के अनुकूल समय सारणी पर नयी गाडी चलाये जाना संभव हो सकेगा। |
| 2 | रतलाम–बांसवाड़ा–डूंगरपुर रेल लाईन परियोजना को पुनः प्रारम्भ करने में आ रही प्रशासनिक अथवा राजनैतिक व्यवधानों से अवगत कराये एवं समाधान का मार्गदर्शन करें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>राजस्थान सरकार एवं रेल मंत्रालय के बीच हुए MOU के अनुसार राजस्थान सरकार को इस परियोजना हेतु मुफ्त जमीन व परियोजना की लागत का 50% रेलवे को देना था। लेकिन राजस्थान सरकार द्वारा मुफ्त जमीन व परियोजना की लागत का 50% देने में असमर्थता व्यक्त की है। इसलिए रेलवे बोर्ड ने पत्र संख्या 2011/WI/NWR/NL/20 dt 22.03.2017 द्वारा परियोजना के निर्माण कार्य को रोक दिया है एवं रेलवे बोर्ड ने दिनांक 24.09.2019 के पत्र द्वारा परियोजना को स्थगित कर दिया है। |

| | 28. श्री प्रीतम लाल अग्रवाल |
|---|---|
| 1 | **प्रथम मुद्दा :–**<br>हरियाणा प्रदेश का गठन 01–11–1966 को हुआ था। उस समय भिवानी एवं दक्षिण हरियाणा के 5 जिलों का राजधानी चण्डीगढ आना–जाना अथवा मेन रेलवे लाईन दिल्ली–चण्डीगढ से कोई लिंक नही था। अतः तत्कालीन सरकार ने बड़ी कोशिश करके भिवानी रेलवे लाईन बनवाई थी तथा उस पर भिवानी चण्डीगढ़ के लिए एकता एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 14795–14796 चलवाई थी, उस समय इस गाड़ी को दक्षिण हरियाणा की लाईफ लाईन कहा गया था। क्योंकि यह गाड़ी इस एरिया को राजधानी चण्डीगढ़ से मिलाती थी। यह गाड़ी बहुत सफल गाड़ी थी। इस गाड़ी में सदैव ही सीटों की संख्या से लगभग 3 गुणा अधिक यात्री यात्रा करते थे तथा रेलवे को भी पर्याप्त राजस्व प्राप्त होता था। परन्तु कोरोना महामारी के कारण समस्त रेल संचालन बन्द हो गया था। बाद में उत्तर रेलवे ने दिल्ली कालका रेल हिमालियन क्वीन चला दी, परन्तु एकता एक्सप्रेस अभी तक नहीं चलाई गई है। जबकि एकता एक्सप्रेस हिमालियन क्वीन के साथ मिलकर चलती थी।<br>अतः जनहित में आपसे नम्र निवेदन है कि एकता एक्सप्रैस ट्रेन को स्वतंत्र गाड़ी के रूप में चलवाया जाए। एकता एक्सप्रेस गाड़ी को अब उपलब्ध समय अनुसार साढे 4 बजे भिवानी से चलकर प्रातः साढे 6 बजे पानीपत जंक्शन तथा चण्डीगढ लगभग साढे 9 बजे पंहुचेगी। इस समय पर ट्रेक खाली उपलब्ध है। इसी प्रकार वापसी में लगभग सायं 17:30 बजे चलकर, पानीपत रोहतक होती हुई, सायं 23:00 बजे के लगभग भिवानी पहुँच जाएगी। भिवानी में ही पूर्व की भांति इस गाड़ी की मेन्टेनेन्स होती रहेगी।<br>अतः पुनः निवेदन है कि इस गाड़ी को जनहित में चलवाने की कृपा करें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 14795 / 96 के भिवानी से पानीपत के मध्य संचालन तथा आगे हिमालयन क्वीन में चंडीगढ़ तक यात्रा किये जाने हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा आदेश पारित किये गये थे लेकिन परिचालनिक कारणो से उत्तर रेलवे द्वारा अभी तक सहमति नहीं दी गई है। |
| 2 | **दूसरा मुद्दा :–**<br>बीकानेर हरिद्वार गाड़ी संख्या 14717–14718 सप्ताह में 4 दिन के लिए वैकल्पिक मार्ग वाया दिल्ली जंक्शन चलाने बारे।<br>उत्तर पश्चिम रेलवे की गाड़ी संख्या 14717–14718 बीकानेर हरिद्वार वाया हिसार, भिवानी, अम्बाला, हरिद्वार सप्ताह में 3 दिन जाती है तथा इसी रूट से वापिस भी आती है। इस गाड़ी में बहुत अच्छी संख्या में यात्री यात्रा करते हैं तथा रेलवे को अच्छा राजस्व प्राप्त हो रहा है। अतः तत्कालीन डीआरएम श्री ए.के. दुबे जी इसे प्रतिदिन चलाने के प्रयासरत थे। लेंकिन उत्तर रेलवे ने वाया अम्बाला, ट्रेक खाली उपलब्ध न होने के कारण प्रतिदिन वाया अम्बाला हरिद्वार गाड़ी चलाने में असमर्थता व्यक्त कर दी थी। मैं इस संबंध में वैकल्पिक मार्ग का प्रस्ताव आपको प्रेषित कर रहा हूॅ। कृपया इसे रेलवे बोर्ड तथा उत्तर रेलवे से जनहित में स्वीकृत करवाने का भागीरथ प्रयास करें। इससे 3 राज्यों के यात्रियों को सुविधा प्राप्त होगी (राजस्थान, हरियाणा, उतर–प्रदेश) तथा रेलवे को अच्छा राजस्व प्राप्त होगा।<br>**वैकल्पिक मार्ग व समय सारणी।**<br>बीकानेर से सायं लगभग 18:40 पर चलकर वाया सादलपुर, हिसार, भिवानी, रोहतक, दिल्ली जंक्शन तथा वाया भामली–सहारनपुर, हरिद्वार पहुँच अगले दिन प्रातः 08:30 पर होगी। इस समय पर बीकानेर से दिल्ली जंक्शन तथा आगे हरिद्वार तक ट्रैक खाली उपलब्ध है।<br>अब बीकानेर वाया अम्बाला की दूरी 754 किलोमीटर है जबकि प्रस्तावित रूट 726 किलोमीटर |

| | |
|---|---|
| | है।<br>बीकानेर – भिवानी – 367 किलोमीटर<br>भिवानी–दिल्ली जंक्शन – 119 किलोमीटर<br>दिल्ली जंक्शन वाया भामली सहारनपुर – 164 किलोमीटर<br>सहारनपुर–हरिद्वार – 76 किलोमीटर<br>कुल – 726 किलोमीटर<br>यदि सहारनपुर न जाकर टपरी से सीधा हरिद्वार जाया जाए तो 12 किलोमीटर की दूरी और कम हो जाऐगी तथा सहारनपुर से इंजन रिवर्स भी नहीं करना पड़ेगा तथा समय भी 40 मिनट कम लगेगा। अतः वाया टपरी ज्यादा सुविधाजनक है। हरिद्वार से वापसी में गाड़ी संख्या 14718 सांय 16:30 बजे से चलकर सहारनपुर (टपरी), भामली, दिल्ली जंक्शन, रोहतक, भिवानी, हिसार, सादलपुर होती हुई बीकानेर पहुँच जाएगी। अतः पुनः अनुरोध है कि जनहित में उपरोक्त प्रस्ताव को लागू करवाने की कृपा करें।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 14717–14718 बीकानेर– हरिद्वार वर्तमान में त्रिसाप्ताहिक आधार पर एक आईसीएफ रेक से संचालित है। इसे प्रतिदिन चलाये जाने हेतु एक अतिरिक्त रेक की आवश्यकता होगी। अतिरिक्त रेक आवंटन के पश्चात शेष दिनों में उक्त गाड़ी का सुझावित मार्ग पर संचालन किये जाने हेतु उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। |

| | **29. श्री रघुवीर सिंह तंवर** |
|---|---|
| **1** | रेवाड़ी से डाबला, नीमकाथाना, रींगस होती हुई सीधी जयपुर के लिए स्थाई गाड़ियाँ सुबह रेवाड़ी से जयपुर व शाम को जयपुर से रेवाड़ी के लिये चलाई जाये जिससे व्यापारी वर्ग व क्षेत्र की आम जनता को काफी सुविधा होगी।<br>**रिमार्क्सः—**<br>अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2021 में सुझावित मार्ग पर नयी गाड़ी चलाये जाने हेतु कार्यवृत्त तैयार किये गये हैं। अनुवर्ती कार्यवाही रेलवे बोर्ड द्वारा अपेक्षित है। |
| **2** | अंडरपास फुटपाथ का निर्माण करवाना—रेलवे स्टेशन डाबला के दोनों तरफ आबादी तथा बाजार हैं यहाँ के आम नागरिकों के लिये आने—जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है। आम नागरिक, व्यापारी, बच्चे, बुजुर्ग इत्यादि रेल के नीचे से होकर, रेल पटरी को पार करके आवागमन करते हैं।<br>**रिमार्क्सः—**<br>अंडरपास फुटपाथ के निर्माण हेतु कोई स्पष्ट लोकेशन नहीं दर्शाई गई है। रेलवे नियमानुसार समपार फाटक के अतिरिक्त अन्य किसी लोकेशन पर अंडरपास फुटपाथ का निर्माण डिपोजिट आधार पर किया जा सकता है। यदि राज्य सरकार द्वारा ऐसी किसी लोकेशन पर अंडरपास फुटपाथ के निर्माण हेतु डिपोजिट आधार पर अर्थात् कार्य की सम्पूर्ण लागत वहन करने की सहमति के साथ प्रस्ताव प्राप्त होता है तो उस प्रस्ताव पर रेलवे द्वारा फिजीबिलीटि के आधार पर शीघ्र नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस क्षेत्र में रेलवे ट्रेक पार करने हेतु कि.मी. 76/5—6 पर सबवे उपलब्ध है। |
| **3** | कनकपुरा स्थित कन्टेनर डिपो का घनी आबादी में आ जाने से इसे अन्य स्टेशन/(जोबनेर) पर शिफ्ट करना अथवा फ्रेट कोरीडोर स्टेशन पर शिफ्ट करना।<br>कनकपुरा स्थित कन्टेनर डिपो को स्थानान्तरित कर उस जगह का उपयोग ट्रेनों के ठहराव व प्लेटफॉर्म विस्तार के रूप में किया जावे तो जयपुर स्टेशन का भार कम होगा।<br>**रिमार्क्सः—**<br>कनकपुरा से कन्टेनर डिपो को दूसरी जगह शिफ्ट करने का कार्य प्रस्तावित नहीं है। इसके अतिरिक्त जयपुर स्टेशन का भार कम करने के लिए खातीपुरा स्टेशन को सेटेलाईट कोचिंग टर्मिनल बनाने का कार्य प्रगति में है। |
| **4** | चेतक एक्सप्रेस गाड़ी का संचालन हो रहा है जो सराय रोहिल्ला दिल्ली से चलकर उदयपुर को जाते समय डाबला स्टेशन पर रूकती है लेकिन उदयपुर से चलकर सराय रोहिल्ला दिल्ली की ओर जाते समय डाबला स्टेशन पर ठहराव नहीं है। यदि चेतक एक्सप्रेस उदयपुर से सराय रोहिल्ला दिल्ली की ओर जाते समय भी डाबला स्टेशन पर ठहराव हो जाये तो बहुत ही क्षेत्र के लोगों के लिए सुविधा होगी।<br>**रिमार्क्सः—**<br>गाड़ी सं. 20474 उदयपुर—दिल्ली चेतक एक्सप्रेस में आरक्षित व अनारक्षित यात्रीभार क्रमशः 01 और 16 है। इस गाडी का डाबला स्टेशन से गुजरने का समय रात्रि 02.00 बजे है।<br>उपरोक्तानुसार यात्रीभार रेलवे बोर्ड द्वारा जारी ठहराव नीति में निर्धारित मानकों से कम है अतः उक्त गाड़ी के ठहराव का वाणिज्यिक औचित्य नहीं बनता है। |
| **5** | जयपुर, गांधीनगर एवं खातीपुरा रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण में जयपुर की विरासत का समावेश करना।<br>**रिमार्क्सः—**<br>जयपुर व गांधीनगर रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के समय आपके सुझाव को ध्यान में रखा जाएगा। |

| | |
|---|---|
| 6 | रेलवे लाईन के किनारे हो रखे अतिक्रमण हटाने हेतु कार्य योजना बने तथा जेडीए के साथ मिलकर अस्थाई पुनर्वास आवास बनाकर रेल मार्ग अतिक्रमण मुक्त करवाना। इस हेतु रेलवे और जेडीए को कुछ अस्थाई Prefebricated कमरों का पूल बनाकर रखना चाहिए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>रेलवे लाईन के किनारे अतिक्रमण हटाने हेतु पीपीई एक्ट में कार्यवाही की जाती है। अस्थाई पुर्नवास का कार्य राज्य सरकार द्वारा किए जाते हैं। |
| 7 | रेलवे स्क्रैप पॉलिसी बनाई जाए। कुछ स्क्रैप का उपयोग कोविड आइसोलेशन वार्ड तथा इमरजेंसी रूम बनाने में हो। इस हेतु स्क्रैप का बेहतर उपयोग कर सकने वाले स्टार्टअप्स को आमंत्रित किया जाये तथा प्रिफेब्रिकेशन तथा New Age Construction स्टार्टअप्स के साथ बैठक हो।<br>**रिमार्क्सः—**<br>उत्तर पश्चिम रेलवे के पास उपलब्ध स्क्रैप सामग्री का भण्डार विभाग की क्षेत्रीय ईकाईयों द्वारा ई—निलामी के माध्यम से नियमित रूप से निपटान किया जाता है। रेलवे में पंजीकृत कोई भी व्यक्ति / संस्थान / स्टार्टअप स्क्रैप खरीद सकता है।<br>कोविड आईसोलेशन और कोविड रोगियों के आपताकालीन उपयोग के उद्देशय से उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा 202 डिब्बों को कोविड कोचों में परिवर्तित किया गया। |
| 8 | रेलवे की निर्माण एवं वेंडर पॉलिसी में स्टार्टअप्स को प्राथमिकता मिले।<br>**रिमार्क्सः—** यह नीतिगत मामला है। |
| 9 | अपने यहां से गुजर रहे दिल्ली मुम्बई फ्रेट कॉरिडोर पर पड़ने वाले स्टेशनों का विशेष विकास करे ताकि भविष्य की औद्यौगिक ट्रांसपोर्टेशन की जरूरत पूरी की जा सके।<br>**रिमार्क्सः—**<br>स्टेशनों का प्रावधान फ्रेट ट्रेनों को ध्यान में रखते हुए पूरा किया गया है। |

| | **30. श्री राजेन्द्र कुमार चौधरी** |
|---|---|
| **1** | हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं के विस्तार हेतुः— |
| **1.1** | हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन यार्ड पर मेन्टेनेंस सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए बिना मेन्टेनेंस सुविधाओं के हनुमानगढ़ को लंबी दूरी की रेल सेवाएं देने से बार—बार विभाग द्वारा इंकार किया और प्रस्तावों को अस्वीकार किया जा रहा है।<br>अथवा<br>हनुमानगढ़ जिले में स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने और सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन यार्ड में विद्युत लोकोमोटिव मेन्टेनेंस डिपो की स्थापना की जाएं जहां विद्युत लोको की बड़ी से बड़ी और छोटी से छोटी मेन्टेनेंस की जा सके।<br>**रिमार्क्सः—**<br>गाड़ियों के मेन्टेनेंस के लिए एक केन्द्रीयकृत ''कोच केयर कॉम्प्लेक्स'' की आवश्यकता होती है जिसके अन्तर्गत वाशिंग लाईन व अन्य आधारभूत संरचनाएं विकसित की जाती हैं। वर्तमान में हनुमानगढ़ के पास श्रीगंगानगर एवं बठिण्डा स्टेशनों पर वॉशिंग लाईन की सुविधाएं उपलब्ध हैं। अतः हनुमानगढ़ स्टेशन पर नई वाशिंग लाईन बनाये जाने का औचित्य नहीं है। उपरे में विद्युत लोको की जरूरत के हिसाब से एवं रेलवे बोर्ड के दिशा निर्देशों के अनुसार अवस्थित डीजल लोको शेड को ही इलेक्ट्रिक लोको शेड में परिवर्तित किया जा रहा है। अभी हनुमानगढ में विद्युत लोकोमोटिव लोको शेड बनाना प्रस्तावित नही है। |
| **1.2** | उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी मेजर रेलवे स्टेशनों को लिफ्ट व एस्केलेटर की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसी दिशा में हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर भी लिफ्ट अथवा एस्केलेटर की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>रेलवे बोर्ड का पत्र सं. 2013/इलेक्ट(जी)/150/13/पीटी—1 (डीयूपी) दिनांक 06.03.19 के दिशा निर्देशों (1.7) के अनुसार किसी स्टेशन पर एस्केलेटर लगाने के लिये 25000 footfall प्रतिदिन के आधार पर किया जाता है। हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन का footfall 13856 है अतः इसी उपरोक्त पत्र के अनुसार हनुमानगढ़ रेलवे स्टेशन स्वचालित सीढियां (एस्केलेटर) लगाने हेतु पात्र नही है । इस स्टेशन पर लिफ्ट लगाने हेतु कोई कार्य स्वीकृत नहीं है। |
| **1.3** | उत्तर पश्चिम रेलवे के लगभग सभी रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्मों पर एकल छत की शेड लगी हुई है लेकिन हनुमानगढ़ जंक्शन के प्लेटफॉर्म नं 2 व 3 पर मीटर गेज के समय का शेड 2 भागों में छोटे—छोटे हिस्सों में लगा है जो यात्रियों के लिए सुविधाजनक नहीं है अतः शेड के दोनों भागों को मिलाकर एकल शेड लगाया जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>हनुमानगढ़ जंक्शन एनएसजी—4 श्रेणी का स्टेशन है। MEA (न्युनतम आवश्यक सुविधायें) के मापदण्ड के अनुसार प्रत्येक प्लेटफॉर्म पर न्यूनतम 200 वर्गमीटर शैड होना चाहिये, वर्तमान में हनुमानगढ़ जंक्शन स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं 1 पर 1552 वर्गमीटर प्लेटफॉर्म शैड उपलब्ध है एवं प्लेटफॉर्म नं 2 व 3 पर 1094 वर्ग मीटर प्लेटफॉर्म शैड उपलब्ध है । रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्मों पर लगे शेड न्यूनतम यात्री सुविधाओं के मानकों के अनुसार पर्याप्त है। |
| **1.4** | प्लेटफॉर्म नंबर 4 व 5 का निर्माण करवाया जाए जिसका प्रस्ताव पिंक बुक 2020/21 में बीकानेर मण्डल द्वारा भेजा गया था।<br>**रिमार्क्सः—**<br>हनुमानगढ़ जंक्शन पर वर्तमान में नये प्लेटफॉर्म बनाने की आवश्यकता नहीं है। भविष्य में आवश्कता के अनुसार इस पर विचार किया जायेगा। |

| | |
|---|---|
| **1.5** | हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर आवागमन करने वाले यात्रियों के लिए आपातकालीन व सामान्य चिकित्सा जरूरतों के लिए मिनी क्लीनिक / मेडिकल स्टोर खोला जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>**1.** हनुमागढ़ स्टेशन पर 400 मीटर की दूरी पर स्वास्थ केन्द्र की सुविधा है जो कि 24X7 on call सुविधा उपलब्ध है। जिसमें किसी भी जरूरत के समय रेल यात्री अपना इलाज ले सकते हैं, तथा ऑन कॉल चिकित्सा अधिकारी की सुविधा भी उपलब्ध है।<br>**2.** प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स स्टेशन अधीक्षक के पास भी उपलब्ध है। |
| **2** | नई रेल सेवा शुरू करने, कुछ रेल सेवाओं का हनुमानगढ़ तक विस्तार करने और कुछ रेल सेवाओं का मार्ग परिवर्तन कर यात्रियों के लिए रेल सुविधा बढ़ाने के क्रम में प्रस्ताव निम्नलिखित हैः– |
| **2.1** | जबलपुर से निजामुद्दीन के मध्य संचालित ट्रेन संख्या 12191 / 12192 श्रीधाम सुपरफास्ट का विस्तार रेवाड़ी–सादुलपुर के रास्ते हनुमानगढ़ तक एक अतिरिक्त रेक की सहायता से किया जाए अगर इस ट्रेन को श्रीगंगानगर तक भी विस्तार दिया जाता है तो राउंड ट्रिप के 3000 किमी ही होंगे जिसमें एक आईसीएफ रेक को सेकैंडरी मेन्टेनेंस की जरूरत नहीं होती। इस ट्रेन के विस्तार की मांग जनहित और यात्रियों की मांग पर विभिन्न सांसदों, जेडआरयूसीसी सदस्यों, सामाजिक संगठनों और केन्द्रीय मंत्री द्वारा की जा चुकी है उनके द्वारा रेलमंत्री जी को संबोधित करते हुए लिखे गये पत्र संलग्न किए गए हैं।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 12191 / 92 जबलपुर– हजरत निजामुदीन श्रीधाम एक्सप्रेस पश्चिम मध्य रेलवे के स्वामित्व की सेवा है। इसका प्राथमिक अनुरक्षण जबलपुर स्टेशन पर किया जाता है तथा यह 02 आईसीएफ रेक से संचालित है। उक्त गाडी का हजरत निजामुदीन स्टेशन पर कुल लाइ ओवर 01.45 घण्टे है तथा आर.बी.पी.सी. (प्लेटफार्म रिटर्न) पर चल रही है। अतः इस गाडी के श्रीगंगानगर तक वाया रेवाडी, हनुमानगढ होकर विस्तारण हेतु एक अतिरिक्त रेक आवश्यक होगा। उक्त गाडी के विस्तारण हेतु उत्तर रेलवे एवं पश्चिम मध्य रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। |
| **2.2** | जयपुर, सादुलपुर इंटरसिटी 09705 / 09706 का विस्तार हनुमानगढ़ तक किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में गाडी सं. 09705 / 09706 जयपुर–सादुलपुर विशेष गाडी सप्ताह में 5 दिन संचालित की जा रही है। इसके मिलान में गाडी सं. 04775 सादुलपुर प्रस्थान 19.15 हनुमानगढ आगमन 23.30 उपलब्ध है तथा वापसी में हनुमानगढ सादुलपुर के मध्य समय सारणी यात्रियों के अनुकूल नहीं है। |
| **2.3** | श्रीगंगानगर सांसद श्री निहाल चंद मेघवाल जी द्वारा प्रस्तावित जयपुर–अमृतसर ट्रेन का संचालन शीघ्र शुरू किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>जयपुर से अमृतसर वाया सीकर, लोहारू, सादुलपुर, हनुमानगढ, मंडी डबवाली, बठिण्डा होकर प्रस्ताव उत्तर रेलवे को भेजा गया था जिस पर उत्तर रेलवे द्वारा अभी तक किसी प्रकार की सहमति नहीं दी गई है। |
| **2.4** | अजमेर मण्डल द्वारा प्रस्तावित आईआरटीटीसी 2021 में स्वीकृत नई ट्रेन उदयपुर श्रीगंगानगर ट्रेन का संचालन शीघ्र शुरू किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>श्रीगंगानगर से उदयपुर नयी गाड़ी संचालन हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा IRTTC-2021 में प्रस्ताव दिया गया था जिस पर कार्यवृत्त तैयार कर रेलवे बोर्ड भेजे गये हैं। अनुवर्ती कार्यवाही रेलवे बोर्ड |

| | |
|---|---|
| | से अपेक्षित है। |
| **2.5** | आईआरटीटीसी 2021 में स्वीकृत नई ट्रेन श्रीगंगानगर जोधपुर का संचालन शीघ्र शुरू किया जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>श्रीगंगानगर से जोधपुर नयी गाड़ी संचालन हेतु रेलवे बोर्ड द्वारा IRTTC-2021 में प्रस्ताव दिया गया था जिस पर कार्यवृत्त तैयार कर रेलवे बोर्ड भेजे गये हैं। अनुवर्ती कार्यवाही रेलवे बोर्ड से अपेक्षित है। |
| **2.6** | उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मण्डल द्वारा आईआरटीटीसी 2021 में प्रस्तावित नई ट्रेन कटरा से इंदौर वाया जालंधर, फिरोजपुर, बठिण्डा, हनुमानगढ़, सादुलपुर, झुन्झुनू जयपुर, कोटा, नागदा, उज्जैन, इंदौर का संचालन 14611/14612 गाजीपुर सिटी कटरा ट्रेन के रेक और 113 घंटे के लाई ओवर का इस्तेमाल का संचालन किया जाना था इस ट्रेन के प्रस्ताव को अमली जामा पहना कर शीघ्र शुरू करवाने का कष्ट करवाएं। (प्रस्ताव की कॉपी संलग्न है)<br>**रिमार्क्सः—**<br>मद उत्तर रेलवे एवं पश्चिम रेलवे से संबंधित है। |
| **2.7** | जयपुर—सूरतगढ़—जयपुर 19719/19720 और सूरतगढ़—हनुमानगढ़ 09763/09764 स्पेशल दोनों गाड़ियों का संचालन एक ही रैक से होता है इन दोनों गाड़ियों को मर्ज कर जयपुर—हनुमानगढ़—जयपुर संचालन शुरू किया जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>अन्तर रेलवे समय सारणी की प्रक्रिया के दौरान गाड़ी सं. 09763/64 सूरतगढ़—हनुमानगढ़ स्पेशल गाड़ी का संचालन बंद करने का निर्णय लिया गया है। |
| **2.8** | रामेश्वरम अजमेर हमसफर एक्सप्रेस का विस्तार सीकर—सादुलपुर—हनुमानगढ़—बठिण्डा के रास्ते फिरोजपुर तक किया जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>अन्तर रेलवे समय सारणी बैठक वर्ष 2021 के दौरान इसे हिसार से फिरोजपुर तक विस्तार हेतु सहमति बनी है। अनुवर्ती कार्यवाही रेलवे बोर्ड से अपेक्षित है। |
| **2.9** | हैदराबाद—जयपुर 17019/17010 सुपरफास्ट जयपुर रेलवे स्टेशन पर लगभग 30 घंटे खड़ी रहती है यदि इस ट्रेन का विस्तार सीकर झुन्झुनू—सादुलपुर—हनुमानगढ़ के रास्ते फिरोजपुर तक कर दिया जाता है तो जयपुर मण्डल और बीकानेर मण्डल के बड़े रेलवे स्टेशन और यहां का एक बड़ा यात्री वर्ग सीधा दक्षिण भारत से जुड जायेंगे एवं फिरोजपुर की जनता की नांदेड़ साहेब के लिए रेल सेवा की लंबित मांग भी पूरी हो जायेगी।<br>**रिमार्क्सः—**<br>गाड़ी नं. 17019/20 हैदराबाद—जयपुर का जयपुर स्टेशन पर द्वितीय अनुरक्षण किया जाता है तथा इसका कुल लाई ओवर 33.55 घंटे है। यदि उत्तर रेलवे द्वारा फिरोजपुर स्टेशन पर द्वितीय अनुरक्षण के साथ विस्तारण की सहमति दी जाये तो प्रस्ताव पर विचार किया जाना संभव हो सकेगा। इस हेतु आपका प्रस्ताव उत्तर रेलवे को भेजा जायेगा। |
| **2.10** | बीकानेर से कालका वाया हनुमानगढ़—बठिण्डा—अंबाला—चंडीगढ़ के रास्ते नई इंटरसिटी अथवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन शुरू किया जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>बीकानेर से कालका वाया हनुमानगढ़—बठिण्डा—अंबाला—चंडीगढ़ के रास्ते नई इंटरसिटी अथवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस चलाये जाने हेतु 02 रेक, लोको तथा उत्तर रेलवे की सहमति के साथ साथ बीकानेर स्टेशन पर सप्ताह में चार दिन अनुरक्षण किया जाना आवश्यक होगा। बीकानेर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधाओं के कारण अतिरिक्त नयी गाडियों का प्रतिदिन संचालन संभव नहीं है। |

| | |
|---|---|
| **2.11** | गाड़ी संख्या 19225 / 19226 कम यात्रीभार के कारण घाटे में चल रही है मेरा सुझाव है कि इस ट्रेन को हफ्ते में तीन दिन गाड़ी संख्या 22483 / 84 जोधपुर–गांधीधाम के साथ मर्ज कर दिया जाए और बाकी 4 दिन सूरत तक विस्तारित कर दिया जाए तो इसका यात्री भार निश्चित रूप से बढ़ेगा क्योंकि इस समय अहमदाबाद से अमृतसर के लिए एक ही साप्ताहिक ट्रेन है गांधीधाम से अमृतसर–फिरोजपुर–बठिण्डा के लिए एक भी ट्रेन नहीं है वहीं दूसरी और फिरोजपुर–बठिण्डा–संगरिया–पीलीबंगा आदि से सूरत के लिए एक भी सीधी ट्रेन नहीं है अतः रेलवे को यात्री भार और माल ढुलाई दोनों में भारी राजस्व की प्राप्ति होगी। सूरत वाशिंग लाईन में इसके लिए पर्याप्त जगह खाली है। अतिरिक्त रैक की आवश्यकता को 22483 / 84 का रैक उपयोग में लेकर पूरा किया जा सकता है। अतः उत्तर पश्चिम रेलवे को इसका प्रस्ताव भेजना चाहिए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 19225 / 19226 जम्मूतवी–जोधपुर इंटीग्रेटेड रेक लिंक के साथ संचालित है जिसका प्राथमिक अनुरक्षण वैरावल स्टेशन पश्चिम रेलवे पर तथा द्वितीय अनुरक्षण जोधपुर स्टेशन पर किया जाता है अतः इस गाड़ी को अन्य गाड़ी के साथ मर्ज किया जाना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। |
| **2.12** | बठिण्डा–हनुमानगढ़–सूरतगढ़ और हनुमानगढ़–सादुलपुर–चूरू रेलमार्ग का विद्युतीकरण पूर्ण होकर सीआरएस निरीक्षण भी हो चुका है अतः बठिण्डा–हनुमानगढ़–सूरतगढ़ और बठिण्डा–हनुमानगढ़–चूरू रेलमार्ग पर मेमू गाड़ियों का संचालन शुरू किया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>अभी उत्तर पश्चिम रेलवे पर मेमू के संचालन हेतु मेंटेनेंस (कार शेड) उपलब्ध नहीं है। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा मेमू रेकों की मांग रेलवे बोर्ड को प्रेषित की हुई है। |

| | **31. श्री राजेश कुमार ताम्बी** |
|---|---|
| 1 | जो भी ट्रेन जयपुर से चलती है उनमें आधा घंटे पहले टीटी को आना चाहिए ताकि आरएसी और वेटिंग लिस्ट वाले पैसेंजर्स को पता चल सके कि उनका टिकट कन्फर्म हुआ या नहीं? यदि हुआ भी है तो कौन से कम्पार्टमेंट में हुआ है। इसी तरह जो ट्रेन बाहर से आती है उनमें 15 मिनट पहले टीटी आना चाहिए। सभी टीटी मात्र 5 मिनट पहले आते हैं, आते ही वो पहले अपना सामान रखते हैं और ड्रेस भी ट्रेन में ही पहनते हैं। पहले चार्ट लगता था अब चार्ट भी नहीं लगता जिससे पैसेंजर्स को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>ट्रेन अधीक्षक एवं प्रथम श्रेणी कोच में नामित चैकिंग स्टाफ को गाडियों के प्रारम्भिक (Originating) स्टेशनों पर गाडी के निर्धारित प्रस्थान समय से 01 घन्टे पहले एवं मध्यवर्तीय (Intermediate) स्टेशनों पर 30 मिनट पहले आने के निर्देश है।<br>इसी प्रकार स्लीपर क्लास के चैकिंग स्टाफ को गाडी के प्रारम्भिक (Originating) स्टेशन पर गाडी के निर्धारित प्रस्थान समय से 30 मिनट पहले एवं मध्यवर्तीय (Intermediate) स्टेशनों पर 15 मिनट पहले आने के निर्देश है। फिर भी इस संबंध में सभी संबंधित को पुनः निर्देश दिए गए है।<br>रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार पेपर चार्ट पर रोक लगाई गई है। यदि यात्री द्वारा आरक्षण के समय अपना मोबाईल नम्बर उपलब्ध कराया जाता है, तो चार्ट बनने के पश्चात उस मोबाईल पर आरक्षण की स्थिति का विवरण मैसेज द्वारा प्राप्त होता है। |
| 2 | रेलवे डिपार्टमेंट द्वारा अपने कम्यूनिटी हाल सार्वजनिक कार्यक्रम व निजी कार्यक्रम के लिए किराये पर देता है। उसमें गणपति नगर रेलवे कॉलोनी में भी एक कम्यूनिटी हाल है उसकी हालत खस्ता है। कमरे भी खस्ता हालत में है। ऐसी सभी कम्यूनिटी हॉल्स को अच्छी कंडीशन में रखना चाहिए।<br>रेलवे एम्प्लायज को कम रेट पर दिया जाता है उस पर कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन अन्यों के लिये रेट बहुत ज्यादा है। जैसे उदाहरण के लिए रेलवे वालों के लिये रेट 21000/– रूपये है तो अन्य लोगों के लिए 31000/– रूपये की जा सकती है। जबकि अन्यों के लिए दुगनी है। यदि अपने राशि में ज्यादा अंतर नहीं रखेंगे तो इससे बुकिंग हमेशा मिलती रहेगी और रेलवे की इनकम बढ़ेगी। जिस कारण इनका मेंटेनेंस बहुत अच्छी तरह से हो जाएगा।<br>इसी तरह कम्युनिटी हाल ओर प्ले ग्राउंड की रेट और कब–कब खाली है आदि समस्त विवरण ऑनलाइन होना चाहिए। जिससे उनके इंचार्ज वगैरह की थानेदारी से मुक्ति मिल सके और आम जनता ज्यादा से ज्यादा बुकिंग करवाये। अन्यथा ऐसे बिना वर्दी के थानेदारों के व्यवहार से जनता इन्हें लेने से परहेज करती है। इससे रेलवे को बड़ी इनकम से हाथ धोना पड़ता है और रेलवे की छवि भी खराब होती है।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गणपति नगर में रेलवे कॉलोनी स्थित सामुदायिक भवन में सुधार के कार्य की निविदा फाईनल कर ली गयी है व कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर स्थित अन्य सामुदायिक भवनों का रखरखाव अच्छी तरह से किया जा रहा है व निधि की उपलब्धता के आधार पर व समय–समय पर एवं आवश्यकतानुसार मरम्मत व अन्य आवश्यक कार्य करवाये जाते हैं ।<br>सामुदायिक भवनों का संचालन कल्याणकारी गतिविधियों के अंतर्गत रेल कर्मचारियों के पारिवारिक, सामाजिक एवं गैर व्यावसायिक आयोजनों हेतु सुलभ रूप से उपलब्ध कराने हेतु किया जाता है। जिसकी बुकिंग की दरों का निर्धारण मण्डल पर संचालित समिति द्वारा किया जाता है। बाहरी व्यक्तियों के लिए बुकिंग की जो दरें निर्धारित की जाती है वह मार्केट दर से काफी कम है। |

| | **32. श्री रविन्द्र सिंह बालावत** |
|---|---|
| **1** | भीलडी–जालौर रेलवे मार्ग से जयपुर–दिल्ली तक ट्रेन संचालित करने की जालौर जिले वासियों की प्रमुख मांग है जिसका निराकरण जल्द किया जावे। इस संबंध में गत बैठक दिनांक 09.07.2021 को एजेण्डा में मेरे प्रस्ताव पर आपका प्रत्युत्तर यह था कि उत्तर रेलवे एवं पश्चिम रेलवे की सहमति के साथ रेलवे बोर्ड की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव के संबंधित रेलवे को भेजा जाना सम्भव है यह रिमार्क्स में बताया गया था इस संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई। जिले के लोग राजकार्य हेतु जोधपुर–जयपुर व दिल्ली तक जाना होता है लेकिन जालौर जिले से जयपुर दिल्ली हेतु कोई ट्रेन नहीं होने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है अतः जनहित में रेलवे द्वारा दिल्ली से इस मार्ग पर जहाँ तक सम्भव हो वहाँ तक नई ट्रेन का संचालन शीघ्र ही किया जाये।<br>**रिमार्क्सः–**<br>वर्तमान में जालोर से दिल्ली नयी गाड़ी हेतु कोई भी प्रस्ताव विचाराधीन नही है। उल्लेखनीय है कि नयी गाडियां चलाये जाने हेतु कोचिंग स्टॉक, पाथ, लोको, मार्गस्थ रेलों की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति भी आवश्यक है। |
| **2** | ट्रेन संख्या 12489/12490 बीकानेर–दादर/दादर–बीकानेर ट्रेन का ठहराव मेड़ता रोड़ जंक्शन पर किया जावे। यह ट्रेन जोधपुर–बीकानेर के बीच में केवल नागौर में ही ठहरती है। जिस कारण कई यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अतः मेड़ता ठहराव से यात्रियों को अन्य ट्रेन से जुडाव का भी लाभ मिलेगा।<br>**रिमार्क्सः–**<br>मेडता रोड़ स्टेशन पर वर्तमान में 39 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस तथा 03 जोडी पैसेंजर गाड़ी का ठहराव है। उक्त गाडियों के अतिरिक्त 02 जोडी गाड़ियों (गाड़ी संख्या 12489/12490 बीकानेर–दादर/दादर–बीकानेर, गाड़ी सं. 12323/24 हावडा–बाडमेर एक्सप्रेस) के ठहराव हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजे गये हैं। |
| **3** | ट्रेन संख्या 14819/14820 भगत की कोठी–साबरमती/साबरमती–भगत की कोठी का विस्तार जोधपुर व अहमदाबाद स्टेशन पर किया जावे। जालौर जिले के प्रवासियों को दक्षिण की तरफ जाने वाली सभी ट्रेनों को अहमदाबाद स्टेशन से जाना होता है। साबरमती स्टेशन से उतर कर अहमदाबाद स्टेशन जाने पर यात्रियों को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता है जैसेः– ट्रेन का छूटना, सामान ट्रांसपोर्ट की समस्या, टैक्सी का महंगा किराया, ट्रैफिक में देरी होना आदि।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी सं. 14819/20 भगत की कोठी–साबरमती का जोधपुर तक विस्तार दिनांक 07.02.2022 से कर दिया गया है। |
| 4 | जोधपुर/बाड़मेर वाया समदड़ी–भीलड़ी–जालौर होतु हुए दक्षिण की तरफ रेल सुविधा उपलब्ध करवाई जाये। |
| 5 | वर्तमान में जोधपुर से गांधीधाम चल रही ट्रेन को जयुपर तक बढ़ाया जाये ताकि जयुपर से दिल्ली की रेल सुविधा मिल सके। |
| 6 | जालौर में ग्रेनाईट का काफी बड़ा व्यापार है, अतः जालौर में अगर कन्टेनर ट्रेन की सुविधा ना मिल सके तो घरेलू कन्टेनर की सुविधा दी जाये। |
| 7 | सभी माननीय सदस्यों ने अनुरोध किया है कि अगली जेडआरयूसीसी Physical बैठक सभी सदस्यों की सहमति से शीघ्र करवाना सुनिश्चित किया जाये। |

| | 33. श्री संदीप कुमार बंसल |
|---|---|
| 1 | My issues are to run more trains on Bathinda Rewari line to Run trains on bathinda to Sriganga Nagar side.<br>Remarks:-<br>At present 08 Pair Mail Express trains and 02 pairs Passenger trains are being run on Bathinda -Sriganganagar- Bathinda section and 04 Pair Mail Express trains and 01 pair Passenger trains are being run on Bathinda -Rewari - Bathinda section. According to the traffic offered on Bathinda -Sriganganagar and Rewari-Sriganganagar section, sufficient numbers of trains are being run. |
| 2 | To run trains Bathinda to Salasar Dham at least two trains may be started on Bathinda to Hariwar the NWR can start trains on Sri Ganga Nagar to Delhi. Now after 08:30 am no train to Delhi till 11:30 pm.<br>Remarks:-<br>Being limited maintenance facilities available at Sri Ganganagar, introduction of new trains are not operationally feasible. |
| 3 | Bathinda to Patiala line after 06:30 am there is no train till 02:15 pm one train may be started.<br>Remarks:-<br>Bathinda to Patiala section lies within purview of Northern Railway. |
| 4 | Before Covid-19 the railway ticket was printed the railway department charged only 60% of its fare the subsidy of 40% may be waived off. Full charges may be charged the amount of 40% may be used for the development of railway.<br>Remarks:-<br>Being a Policy Matter, it pertains to Railway Board. |

| | **34. श्री विजेन्द्र पाल सिंह** |
|---|---|
| 1 | श्रीगंगानगर–सूरतगढ़ रेलखंड पर सरूपसर के निकट करीब एक किमी लम्बा बाईपास बनाकर श्रीगंगानगर–अनूपगढ़ सीधा रेलमार्ग बनाना।<br>**रिमार्क्स:–**<br>श्रीगंगानबर–सूरतगढ़ रेलखण्ड पर बाईपास का कोई कार्य स्वीकृत नहीं है। |
| 2 | अनूपगढ़ से दिल्ली की ट्रेन की घोषणा हुए बहुत समय बीत चुका है। इसके लिये गाड़ी संख्या 14085 / 86 तिलकब्रिज–सिरसा–तिलक ब्रिज को वाया बठिंडा, श्रीगंगानगर, सूरतगढ़ अनूपगढ़ तक विस्तारित करने की मांग लम्बे समय से की जा रही है। इसके लिये अधिकारियों से बातचीत कर हल निकाला जाना चाहिये।<br>**रिमार्क्स:–**<br>गाड़ी सं. 14085 / 86 तिलकब्रिज–सिरसा एक्सप्रेस का सिरसा स्टेशन पर लाई ओवर 02.50 घण्टे ही है जिसमे इस गाड़ी का विस्तार अनूपगढ़ तक किया जाना परिचालनिक रूप से संभव नहीं है। यह गाडी उत्तर रेलवे के स्वामित्व की है जिसका प्राथमिक अनुरक्षण हजरत निजामुद्धीन स्टेशन पर किया जाता है एवं 01 रेक से संचालित है। अनूपगढ़ स्टेशन पर किसी प्रकार की अनुरक्षण एवं टर्मिनल सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। इसके अनूपगढ तक विस्तार हेतु टर्मिनल सुविधाओं का विस्तार, अतिरिक्त रेक एवं उत्तर रेलवे पर अतिरिक्त अनुरक्षण स्लाट की आवश्यकता होगी, इस हेतु उत्तर रेलवे की सहमति एवं रेलवे बोर्ड की स्वीकृति आवश्यक है। |
| 3 | अनूपगढ़ से सुबह 06.30 बजे से चलकर बठिण्डा जाने वाली पैसेंजर गाड़ी संख्या 09751 / 09752 वापसी में बठिण्डा से दोपहर 2.15 बजे चलकर सांय में अनूपगढ़ पहुंचती थी जिसे अब वापसी में सूरतगढ़ तक ही कर दिया गया है। इसे पूर्व की भांति अनूपगढ़ तक किया जाए। इसी तरह 2019 में तात्कालीन रेल राज्य मंत्री सुरेश अंगड़ी जी के दौरे के समय 6 जुलाई 2019 को शुरू की गई अनूपगढ़ बठिण्डा एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 04771 / 04772, 23 मार्च 2020 को बंद कर दी गई। इसे भी वापिस शुरू किया जाए। इस गाड़ी के संचालन हेतु जो प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है उसकी प्रति उपलब्ध कराई जाये।<br>**रिमार्क्स:–**<br>वर्तमान में सूरतगढ़–अनुपगढ़ खंड पर 03 जोडी सवारी गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। सूरतगढ़–अनूपगढ़ खंड पर शेष 01 जोडी गाड़ी के संचालन हेतु प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। |
| 4 | भादरा स्टेशन से नोहर बाईपास की तरफ बने अण्डर पास तक लाईन के दोनों तरफ दीवार मंजूर हुई थी जिसमें से एक तरफ (वाटरवर्क्स वाली साइड) पूरी दीवार का निर्माण हो चुका है लेकिन दूसरी तरफ की आधी दीवार का निर्माण करके बीच में छोड़ दिया गया है जबकि सरकार की ओर से दोनों तरफ दीवार का निर्माण करवाया जाना मंजूर किया गया था व यह निर्माण रेलवे की जमीन पर ही होना था जिसे बीच में रोक दिया गया है इसे अविलम्ब पूरा करवाया जाए।<br>**रिमार्क्स:–**<br>भादरा स्टेशन से नोहर बाईपास की तरफ बने अण्डर पास तक लाईन के एक तरफ पूरी दीवार का निर्माण हो चुका है। लेकिन दुसरी तरफ की दीवार के निर्माण का कार्य वर्तमान में स्वीकृत नही है। कार्य स्वीकृत होने पर करवाया जाना सम्भव होगा। |
| 5 | झांसी–श्रीगंगानगर–झांसी वाया मथुरा–अलवर–जयपुर–सीकर, सादुलपुर नई ट्रेन के संचालन श्रीमान रेलमंत्री जी के कार्यालय को भिजवाया था जिस पर कार्यवाही करते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर के वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबन्धक ने अवगत करवाया कि आपका सुझाव तो अच्छा है पर बीकानेर मण्डल के श्रीगंगानगर टर्मिनल पर दैनिक अनुरक्षण स्लॉट |

| | |
|---|---|
| | की अनुलब्धता के कारण परिचालनिक दृष्टि से औचित्य नहीं बनता यदि उत्तर मध्य रेलवे अनुरक्षण करवाकर नई गाड़ी का प्रस्ताव भिजवाता है तो यह संभव है। आपसे अनुरोध है कि आप उत्तर मध्य रेलवे कार्यालय से बात करके उपरोक्त नई गाड़ी का संचालन करवाकर क्षेत्र की जनता को लाभान्वित करावें।<br>**रिमार्क्सः—**<br>सुझाव नोट किया गया। |
| 6 | अमृतसर—बीकानेर रेल जिसकी स्वीकृति जारी हो गई थी लेकिन कोविड महामारी के कारण यह गाड़ी शुरू नहीं हो सकी। चूंकि वर्तमान में परिस्थितियां सामान्य हो रही है। अतः इस गाड़ी को वाया अनूपगढ़, रायसिंहनगर, गजसिंहपुर, श्रीकरणपुर, केसरीसिंहपुर शुरू किया जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>उत्तर रेलवे द्वारा अमृतसर—बीकानेर—अमृतसर साप्ताहिक गरीबरथ गाड़ी हेतु सहमति अंतर रेलवे समय सारणी बैठक 2019 में प्रदान की गई थी लेकिन रेलवे बोर्ड द्वारा अभी तक स्वीकृति जारी नहीं की गई है। |
| 7 | श्रीगंगानगर क्षेत्र से बड़ी संख्या में कैन्सर रोग से ईलाज की सुविधाओं के अभाव के चलते समय—समय पर मुम्बई की रेल यात्रा करनी पड़ती है। इस हेतु श्रीगंगानगर से एक मात्र रेलगाड़ी संख्या 22497—श्रीगंगानगर से त्रिचिरापली (हमसफर एक्सप्रेस) ही संचालित की जा रही है। परन्तु विडम्बना की स्थिति है कि इस रेल की यात्रा हेतु कैन्सर रोगियों एवं उनके साथ यात्रा करने वाले एक व्यक्ति परिचायक को रेलवे के नियमानुसार अन्य ट्रेनों की भांति मिलने वाली किराया रियायत व अन्य सुविधाएं प्रदान नहीं की जा रही हैं। कृपया उक्त रेलगाड़ी संख्या 22497 में भी किराया रियायत व अन्य सुविधाएं प्रदान कर पीड़ितों की सहायता करवाने के आदेश फरमावें। यदि उक्त कार्य संभव नहीं हो तो विकल्प के तौर पर बीकानेर से मुम्बई के लिए संचालित की जा रही एक दैनिक (रणकपुर एक्सप्रेस) व छह साप्ताहिक रेलों में से किसी भी एक रेल के फेरे में वृद्धि कर उसे श्रीगंगानगर तक बढ़ाया जा सकता है।<br>**रिमार्क्सः—**<br>वर्तमान में श्रीगंगानगर से बांद्रा के मध्य गाड़ी सं. 14701 / 02 श्रीगंगानगर—बांद्रा टी अरावली एक्सप्रेस का प्रतिदिन संचालन किया जा रहा है इसके अतिरिक्त गाड़ी सं. 16311 / 12 श्रीगंगानगर—कोच्चुवेली साप्ताहिक एक्सप्रेस वाया वसईरोड़ संचालित की जा रही है।<br>गाड़ी संख्या 22497 — श्री गंगानगर से त्रिचिरापली (हमसफर एक्सप्रेस) स्पेशल फेयर पर संचालित हैं। रेलवे बोर्ड की नीति अनुसार स्पेशल फेयर पर संचालित गाड़ियों मे किसी भी प्रकार की रियायत का प्रावधान नहीं हैं। |
| 8 | श्रीगंगानगर से कलकत्ता तक चलने वाली गाड़ी उद्यान आभा जो दो वर्षों से बंद है इसके स्थान पर बीकानेर हावड़ा नियमित चलने वाली गाड़ी को वाया सूरतगढ़, अनूपगढ़, रायसिंहनगर, गजसिंहपुर, श्रीकरणपुर, केसरीसिंहपुर होते हुए श्रीगंगानगर तक बढ़ा दिया जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>गाड़ी सं. 22307 / 08 बीकानेर—हावडा त्रिसाप्ताहिक आधार पर आरबीपीसी पर चलाई जा रही है यदि इस गाड़ी को श्रीगंगानगर तक विस्तारित किया जाता है तो एक अतिरिक्त रेक के साथ साथ श्रीगंगानगर स्टेशन पर इसका द्वितीय अनुरक्षण किया जाना होगा जो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में श्रीगंगानगर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधा को देखते हुए संभव नहीं है। |
| 9 | श्रीगंगानगर से मुम्बई के लिए गाड़ी शुरू की गई लेकिन इसका रूट वाया हनुमानगढ़ किया गया है इसकी बजाय वाया रायसिंहनगर, अनूपगढ़, बीकानेर शुरू किया जाता तो उचित |

| | |
|---|---|
| | रहता ताकि एक बड़ा क्षेत्र भारत की आर्थिक राजधानी से सीधे जुड़ जाता। इसके लिए अब बीकानेर से दादर चलने वाली ट्रेन जो सप्ताह में दो दिन चलती है इसे वाया सूरतगढ़, अनूपगढ़, रायसिंहनगर, गजसिंहपुर, श्रीकरणपुर, केसरीसिंहपुर होते हुए श्रीगंगानगर तक बढ़ा दिया जाए।<br>**रिमार्क्सः–**<br>गाड़ी संख्या 12489/90 बीकानेर–दादर द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस का प्राथमिक अनुरक्षण बीकानेर स्टेशन पर किया जाता है तथा यह गाड़ी आरबीपीसी आधार पर संचालित की जा रही है। श्रीगंगानगर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधाओं के तहत उक्त सेवा का प्राथमिक अनुरक्षण शिफ्ट नहीं किया जा सकता है। |
| 10 | जिन क्षेत्रों से सैन्यकर्मी ज्यादा आते हैं उसको ध्यान में रखते हुए यदि निम्न प्रकार से तीन नई ट्रेनों का संचालन की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ, यदि उपरोक्तानुसार निम्न गाड़ियों का संचालन किया जाए तो सैन्य गतिविधियों व सैन्यकर्मियों के आवागमन में सुविधा होगी।<br>**नई ट्रेन का प्रस्तावः**<br>**1–**प्रथम ट्रेन जैसलमेर से कन्याकुमारी–वाया जैसलमेर, फलौदी, बीकानेर, चूरू, सीकर, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा कैंट, झांसी, सागर, कटनी मुड़वारा, अनूपपुर, उस्लापुर, रायपुर, दुर्ग, गोंडिया, बल्हारशाह जंक्शन, विजयवाडा, रेणिगुंटा, सेलम जंक्शन, कोयम्बतुर, एरणाकुल्लम कन्याकुमारी।<br>**2–**द्वितीय ट्रेन श्रीगंगानगर से डिब्रूगढ़–वाया सादुलपुर, झुंझुनू, सीकर, जयपुर, बांदीकुई, अलवर, मथुरा, आगरा, इटावा, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, पंडित दीनदयाल जंक्शन पटना, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू बंगाईगांव, गुवाहाटी से डिब्रूगढ़।<br>**3–**तृतीय ट्रेन भुज से अगरतला–वाया गांधीधाम, मेहसाणा, भीलड़ी, समदारी जोधपुर, मकराणा, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, मथुरा, कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर, लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी, पंडित दीनदयाल जंक्शन पटना, बारूनी, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू बंगाईगांव, गुवाहाटी, चापरमुक, न्यूहल्फांग, न्यकरीमगंज, अगरतला। नई ट्रेनों के उपरोक्त प्रस्ताव सैन्यकर्मियों से मिले सुझाव पर आधारित है मुझे विश्वास है आप कृपया उपरोक्तानुसार नई ट्रेनों के संचालन शीघ्र अनुमति प्रदान करेंगे।<br>**रिमार्क्सः–**<br>**(1)** जैसलमेर से कन्याकुमारी – जैसलमेर स्टेशन पर प्राथमिक अनुरक्षण की सुविधाएं उपलब्ध नहीं है अतः जैसलमेर स्टेशन से नयी गाड़ी का संचालन संभव नहीं है।<br>**(2)** श्रीगंगानगर से डिब्रूगढ – श्रीगंगानगर स्टेशन पर सीमित अनुरक्षण सुविधाओं के मद्देनजर श्रीगंगानगर से डिब्रूगढ नयी गाड़ी का संचालन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संभव नहीं है।<br>**(3)** भुज से अगरतला – भुज से अगरतला नयी गाड़ी का संचालन किया जाना उत्तर पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में नहीं है। |
| 11 | श्रीगंगानगर–हनुमानगढ़ के मध्य स्थित रेलवे लाइन का इलेक्ट्रिफिकेशन भी शीघ्र करवाया जाए ताकि इलेक्ट्रिफाइड रूट पर संचालित होने वाली ट्रेनों का विस्तार श्रीगंगानगर तक करना संभव हो सके।<br>**रिमार्क्सः–**<br>श्रीगंगानगर–हनुमानगढ़ सेक्शन के विद्युतीकरण का कार्य IRCON द्वारा किया जा रहा है। उक्त कार्य वर्ष 2022–23 में पूर्ण कर लिया जायेगा। |
| 12 | सूरतगढ़ से बठिण्डा के बीच रेलवे लाइन इलेक्ट्रिफाइड का कार्य दो वर्ष पूर्व पूरा हो चुका है तथा सीआरएस से स्वीकृति भी मिल चुकी है लेकिन अब तक इस इलेक्ट्रिफाइड रूट पर ट्रेनों का संचालन शुरू नहीं हुआ है। अतः इस रेल खण्ड पर विद्युत ट्रेनों का संचालन जल्द |

| | |
|---|---|
| | शुरू हो।<br>**रिमार्क्सः—**<br>उपरे पर वर्तमान में विद्युत लोको शैड की उपलब्धता नहीं है। विद्युत इंजन से गाड़ी चलाये जाने हेतु लोको लिंक इंटर रेलवे द्वारा प्रदान किये जाते हैं। |
| 13 | सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो व तीन पर यात्रियों के आवागमन के लिए स्वीकृत लिफ्टें व स्वचालित सीढ़ियां जल्द लगवाई जाएं। इन प्लेटफार्मों से कई एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों चलती हैं ताकि बुजुर्ग महिलाएं, बच्चों व बीमार यात्रियों को राहत मिले।<br>**रिमार्क्सः—**<br>सूरतगढ एनएसजी — 4 श्रेणी का स्टेशन है जहॉ पर यात्री सुविधा नीति अनुसार लिफ्ट एवं एस्केलेटर का प्रावधान नही है। रेलवे बोर्ड का पत्र सं. 2013/इलेक्ट(जी)/150/13/पीटी—1 (डीयूपी) दिनांक 06.03.19 के दिशा निर्देशों (1.7) के अनुसार किसी स्टेशन पर एस्केलेटर लगाने के लिये 25000 footfall प्रतिदिन के आधार पर किया जाता है। सुरतगढ स्टेशन का footfall 12616 है एवं सुरतगढ रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट एवं एस्केलेटर का कोई कार्य स्वीकृत नही हुआ है। |
| 14 | सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो, तीन व चार पर यात्री सुविधा के लिए कोच डिस्प्ले बोर्ड लिगवाएं जाएं, साथ ही सूरतगढ़ के सभी प्लेटफार्म को शैड से पूरी तरह कवर किया जाए। यात्रियों को गर्मी, सर्दी व बरसात में प्लेटफार्मों पर पीड़ा झेलनी पड़ रही है।<br>**रिमार्क्सः—**<br>सूरतगढ स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 02/03 एवं 04 पर कोच इंडिकेशन बोर्ड लगाए जाने का प्रस्ताव स्वीकृती हेतु रेलवे बोर्ड स्तर पर प्रक्रियाधीन है। रेलवे बोर्ड की न्यूनतम यात्री सुविधा नीति अनुसार एनएसजी—4 श्रेणी के स्टेशनो पर प्रति प्लेटफार्म 200 वर्गमीटर का प्रावधान है, जबकि इस स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 01 पर 408 वर्गमीटर, 02/03 पर 758 वर्गमीटर एवं प्लेटफार्म संख्या 04 पर 909 वर्गमीटर प्लेटफार्म शेड उपलब्ध है। |
| 15 | सूरतगढ़ में 11 कोच की पुरानी वाशिंग लाईन के स्थान पर 24 कोच की नई रेलवे वाशिंग लाईन का निर्माण कर शुरू किया जाए। बीकानेर, लालगढ़ के बाद सूरतगढ़ रेलवे स्टेशन में सबसे बड़ा यार्ड व उप स्टेशन पीपेरन स्थित है। इसलिए यहां वाशिंग लाईन के लिए र्प्याप्त स्थान है। वाशिंग लाईन शुरू होने से श्रीगंगानगर वाशिंग लाईन पर दबाव कम हो सकेगा व श्रीगंगानगर में रूकने वाली गाड़ियों को वाया अनूपगढ़ सूरतगढ़ तक बढ़ाना भी संभव हो पाएगा। पूर्व में यहां मीटरगेज की बड़ी वाशिंग लाईन स्थित थी।<br>**रिमार्क्सः—**<br>वर्तमान में सूरतगढ़ में किसी भी गाड़ी का प्राथमिक अनुरक्षण नहीं किया जा रहा है। श्रीगंगानगर स्टेशन पर दो वाशिंग लाईन उपलब्ध है जोकि सूरतगढ़ स्टेशन से होकर जाने वाली गाड़ियों के अनुरक्षण हेतु उपयोग में ली जाती है। परिचालनिक आवश्यकताओं के मद्देनजर सूरतगढ स्टेशन पर वाशिंग लाइन बनाया जाना औचित्यपूर्ण नहीं है। |
| 16 | पूर्व में भी जेडआरयूसीसी सदस्यों की मीटिंग आन लाईन हुई थी उसके बाद कोविड कम हुआ उसमें मीटिंग आयोजित नहीं की गई अब कोविड बढ़ा तो फिर वर्चुअल मीटिंग आयोजित की जा रही है। आपसे अनुरोध है कि कोविड ठीक होने के बाद शीघ्र एक मीटिंग आफ लाइन बुलाई जाए।<br>**रिमार्क्सः—**<br>वर्तमान में कोविड के बढ़ते मामलों के मद्देनजर जेडआरयूसीसी की आफ लाईन मीटिंग बुलाना संभव नहीं है। |
| 17 | माननीय सदस्यों द्वारा जो भी पत्र एवं ई—मेल भेजे जाते हैं उनका जबाव समय पर दिया |

| | |
|---|---|
| | जाना चाहिए । |
| 18 | जेडआरयूसीसी के सभी सदस्यों को उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी अधिकारियों की टेलीफोन डाइरेक्टरी उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। |

| | **35. श्री योगेश मेहता** |
|---|---|
| **1** | Railways policy Gati Shakti Multi Modal Cargo Terminal (GCT)-2021<br>• Railway Board issued guideline for Development of additional terminals with the investment from Industries under the (GCT) scheme.<br>• Policy should be better understand at both Insdustry as well Railways & Zonal railway should interact with the customer who want to connectivity under the GCT.<br>• One to one or one time meeting for all probable freight customer, who want last mile/first mile rail connectivity, to clear all the aspect of the policy & early development of terminals.<br><br>Remarks:-<br>• Divisions are taking proactive steps for implementation of this policy and a seminar on the subject was held with prominient industries of Rajasthan on 04.02.2022.<br>• Divisions are taking proactive steps for implementation of this policy and issue which is not understood can be discussed. |
| **2** | Passenger service on Beawar-Bangurgram-Ras section of Ajmer division:<br>• Proposal for One DMU train with 2-3 trip can be explored and send to Railway board for approval for better utilization of BNGM-Ras section.<br>• No rail connectivity for villagers of Ras and the surrounding villages.<br>• Heavy passenger movement for Beawar and Ajmer from this area.<br>• Two big cement plant in vicinity of Ras & movement of public.<br><br>Remarks:-<br>Beawar-Bangurgram- Ras section is meant for operation of Goods service. Without CRS Inspection of this route, passenger train operation is not feasible. |
| **3** | New Railway line in Railways Interest:-<br>A. Ras to Merta City:<br>• Railway Board already sanction survey for new link (Ras-Merta).<br>• Efforts should be made at Zonal Railway for early survey of the line & to submit railway board for early sanction of rail link.<br><br>B. Navalgarh to Neemka Thana- In Year 2016-17, New BG line survey was done by NWR and survey report was submitted to Railway board. No action was taken by railway board that time & shelved the survey report (June 2017). NWR should approach again for this line.<br>**Remarks:-**<br>A. The survery work of Ras-Merta New line is under progress.<br>B. The survery report of New line from Navalgarh to Neem ka Thana was sent to Railway Board on 07.03.2017. Railway Board has Shelved this project. |

| | **36. डॉ. अनन्त शर्मा** |
|---|---|
| 1 | कोविड़ महामारी के समय बंद हुई ट्रेनों संचालन फिर से चालू करवाया जाये। |
| 2 | पास एवं रियायत वाली आरक्षण खिड़ियों को चालू किया जाये। |